नई दिल्ली
शुक्रवार 17 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
अमावस्या वर्ष : 29, अंक : 363
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 41
न्यून. 26

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## अमेरिका-ईरान के बीच बन सकती है बात व्हाइट हाउस आशान्वित

# अब युद्ध के आसार कम, पाक में फिर होगी वार्ता, इससे समझौते की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान में बात बनने के नजदीक है। बैक डोर से दोनों देशों के बीच बात चल रही है। अगली वार्ता फिर पाक में हो सकती है। इस बातचीत को लेकर व्हाइट हाउस काफी आशान्वित है। हालांकि, 7 अप्रैल को घोषित यह संघर्ष विराम अगले मंगलवार को समाप्त होने वाला है।

यानी, उससे पहले ही शांति समझौता होने की उम्मीद है। क्यो ंकि, दोनों तरफ से सीजफायर दो हफ्ते बढ़ाने को कोई अनुरोध नहीं किया गया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि हमने संघर्ष विराम बढ़ाने के लिए औपचारिक अनुरोध ▶▶ शेष पेज 5 पर

7 अप्रैल को घोषित संघर्ष विराम अगले मंगलवार को समाप्त हो जाएगा



» पाकिस्तान इस बातचीत में एकमात्र मध्यस्थ

» जबकि दुनिया के कई देश मदद की पेशकश कर रहे हैं

### मुनीर पहुंचे तेहरान, दूसरे दौर की वार्ता की जमीन तैयार

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनका देश शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के साथ मुलाकात के बाद अराघची ने यह बात कहते हुए वार्ता में दिलचस्पी रखने का संकेत दिया है। असीम मुनीर बुधवार को तेहरान पहुंचे हैं, जहां अराघची ने उनका स्वागत किया। मुनीर का तेहरान दौरा ईरान-अमेरिका के बीच दूसरे दौर की वार्ता की जमीन तैयार करने के लिए है। अब्बास अराघची ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बातचीत को आगे बढ़ाने में पाकिस्तान की भूमिका की सराहना करते हुए क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

**अमेरिका ने कहा**

### ईरान के पास समझौता करने का मौका

अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उसने पीस डील नहीं मानी, तो फिर से जंग शुरू हो सकती है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के पास समझौता करने का मौका है, लेकिन अगर उसने इसे ठुकराया तो अमेरिका दोबारा सैन्य कार्रवाई शुरू करेगा। उन्होंने बताया कि अमेरिकी फोर्सेस पूरी तरह तैयार हैं और किसी भी समय कॉम्बैट ऑपरेशन ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पश्चिम-एशिया में तनाव के बीच हुई पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों की बातचीत

# अब भारत रूस से नहीं खरीद सकेगा तेल, खत्म हुई अमेरिका की छूट की मियाद



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के मध्य जारी संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दुनिया के तमाम देशों के नेताओं के साथ चल रही बातचीत की प्रक्रिया का क्रम बना हुआ है। जिसमें गुरुवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी से टेलीफोन पर बातचीत की है। अपनी एक 'एक्स' पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इस वार्ता के बारे में बताते हुए कहा कि मुझे अपने प्रिय मित्र इमैनुएल मैक्रों से एक टेलीफोन कॉल प्राप्त हुई है। जिसमें हमने पश्चिम-एशिया की स्थिति पर चर्चा की है। साथ ही हम दोनों होर्मुज जलडमरूमध्य में सुरक्षा और नौवहन की स्वतंत्रता को तत्काल बहाल ▶▶ शेष पेज 5 पर

- एक्स पोस्ट में बोले पीएम, हमारी वार्ता में शामिल रहा पश्चिम-एशिया से लेकर होर्मुज का मुद्दा

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
जीटी केकेआर
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### कट्टरपंथियों के संपर्क में थी निदा खान



**नासिक।** नासिक स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की एचआर एग्जीक्यूटिव निदा खान के पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की आतंकी डॉ. शाहीन शाहिद से जुड़ने के मामले की जांच करने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल नासिक जा सकती है।

### अनिल अंबानी की याचिकाएं शीर्ष अदालत से खारिज



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उद्योगपति अनिल अंबानी की बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली तीन याचिकाओं को को खारिज कर दिया। बंबई उच्च न्यायालय ने तीन बैंकों द्वारा उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खातों पर कार्यवाही जारी रखने की अनुमति दी थी।

### अब फ्लाइट में मिलेंगे बेड! मिट सकेगी थकान



**नई दिल्ली।** लंबी हवाई यात्रा की थकान दूर करने के लिए एयर न्यूजीलैंड ने दुनिया का पहला इकोनॉमी स्काईनेस्ट बेड लॉन्च किया है। अब साधारण टिकट वाले यात्री भी फ्लाइट के अंदर बने खास स्लीपिंग पॉड्स में आराम से लेटकर सो सकेंगे।

## अधिनियम को लागू करने के लिए गुरुवार से शुरू हुए संसद के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में बोले पीएम

# महिला आरक्षण को राजनीति के तराजू में न तोले विपक्ष राष्ट्रहित के निर्णय से सबको फायदा : प्रधानमंत्री मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने के लिए बुलाए गए संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र (16 से 18 अप्रैल तक) की गुरुवार से शुरुआत हो गई है। जिसे लेकर लोकसभा में सरकार द्वारा तीन संशोधन बिल लाए गए हैं। जिसमें 131 वां संविधान संशोधन बिल-2026 और परिसीमन बिल-2026 को केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने और केंद्रशासित प्रदेश कानून संशोधन बिल-2026 को गृहमंत्री अमित शाह ने सदन में पेश किया। इस दौरान हुई चर्चा में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस समेत समूचे विपक्ष से यह अपील की है कि वह महिला आरक्षण को राजनीतिक नफे-नुकसान के तराजू में न तोलें। क्योंकि यह राष्ट्रहित से जुड़ा हुआ एक ऐतिहासिक निर्णय है। जिसके लागू होने पर किसी एक दल यानी भाजपा को ही नहीं बल्कि सभी को फायदा होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग आज इसका विरोध करेंगे। उन्हें लंबे वक्त तक बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। लोकतंत्र की जननी होने के नाते भारत का यह निर्णय हमारी सांस्कृतिक प्रतिबद्धता है। यहां बता दें कि केंद्र ने अधिनियम पर 16 से 17 अप्रैल तक सदन में कुल करीब 16 घंटे का समय चर्चा के लिए तय किया है। जिसके बाद शुक्रवार को शाम 4 बजे लोकसभा में मतदान होगा। जिसकी मांग मुख्य रूप से एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने की है। मतदान का परिणाम यह तय करेगा कि यह अधिनियम लागू ▶▶ शेष पेज 5 पर

- विपक्ष पर कसा तंज, बोले, मैं आपको देता हूं क्रेडिट का ब्लैंक चेक, कल पारित होने पर सबका फोटो सहित विज्ञापन छपवाकर धन्यवाद करूंगा
- द्रमुक के काले कपड़ों वाले विरोध पर मोदी ने ली चुटकी, बोले- आपका धन्यवाद, इस शुभ काम में आपने कर दिया काला टीका लगाने का काम
- जो लोग आज इसका विरोध करेंगे, उन्हें लंबे वक्त तक कीमत चुकानी पड़ेगी



### 2024 जैसी एकजुटता दिखाएं सभी

पीएम ने उदाहरण के साथ विपक्षियों को नसीहत देते हुए कहा कि देश में जब भी महिला आरक्षण पर चर्चा के बाद चुनाव हुए हैं। तो जिसने विरोध किया है। देश की महिलाओं ने उन्हें कभी माफ नहीं किया है, उनका हाल बुरा ही हुआ है। 2024 के लोकसभा चुनाव में अधिनियम के विरोध जैसी कोई बात नहीं थी। तब इसे सभी ने सर्वसम्मति से पारित किया था। जिससे ऐसा कोई विषय नहीं रहा। आज भी अगर हम साथ में आगे बढ़ते हैं, तो इतिहास गवाह है कि यह अधिनियम किसी एक के राजनीतिक पक्ष में नहीं बल्कि लोकतंत्र व सामूहिक निर्णय शक्ति के पक्ष में जाएगा। जिन लोगों को इसमें राजनीति की बू आ रही है। वो पिछले सालों के चुनाव परिणामों को देख लें। इसलिए विपक्ष को इसे राजनीतिक रंग देने की कोई जरूरत नहीं है। लागू करवा दो, फायदा ही होगा।

### 50% आबादी बनेगी राष्ट्र निर्माण में भागीदार

उन्होंने कहा कि पहले ही इस मामले में ढाई से तीन दशक तक की देरी हो चुकी है। अगर तभी हमने इसे लागू कर दिया होता। तो आज ये परिपक्वता तक पहुंच गया होता। फिर जरूरत के मुताबिक समय-समय पर इसमें सुधार होते रहते। भारत लोकतंत्र की जननी है और हमारी हजारों सालों की विकास यात्रा रही है। आज हमें अधिनियम के जरिए इस यात्रा में एक नया आयाम जोड़ने का सुअवसर मिला है। हम सभी भाग्यशाली हैं कि हमें देश की आधी आबादी को राष्ट्र निर्माण की नीति निर्धारण प्रक्रिया में भागीदार बनाने का सुअवसर मिल रहा है। सभी सांसद इस अहम अवसर को जाने न दें। क्योंकि हम सभी मिलकर देश को एक नई दिशा देने जा रहे हैं। इस विषय पर पूर्व में हुईं राजनीतिक मुलाकातों के दौरान किसी दल ने इसका सैद्धांतिक विरोध नहीं किया। सभी ने कहा जल्दी करो, अब 2029 का अच्छा अवसर मिला है। इसके बावजूद विपक्ष राजनीतिक दिशा पकड़ रहा है।

### द्रमुक पर अनोखे अंदाज में कसा तंज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) का नाम लिए बगैर पार्टी सांसदों द्वारा अधिनियम के विरोध में पहने गए काले कपड़ों को लेकर तंज कसते हुए कहा कि देश में यह परंपरा रही है कि किसी शुभ कार्य को करने से पहले काला टीका लगाया जाता है। आज द्रमुक ने यह काम कर दिया है। जिसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को ये लगता है कि इसमें मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। अगर विरोध करेंगे तो थोड़ा या अधिक राजनीतिक फायदा होगा। लेकिन साथ चले तो किसी को लाभ नहीं होगा। इसलिए मैं, साफ शब्दों में यह कहना चाहता हूं कि हमें कोई क्रेडिट नहीं चाहिए। जैसे ही 17 अप्रैल को यह अधिनियम सदन में पारित हो जाएगा। मैं सरकारी खर्च पर विज्ञापन देकर जो चाहेगा उसकी फोटो छपवाकर धन्यवाद दे देने के लिए तैयार हूं। यह मेरे द्वारा सामने से दिया जा रहा क्रेडिट का ब्लैंक चेक है।

## अधिनियम लागू करने को लेकर लोकसभा में हुई चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता ने लगाया सरकार पर आरोप

# महिला आरक्षण के लेबल संग बैकडोर से परिसीमन की पूरी होती सरकारी मंशाः गोगोई

» सत्ता पक्ष से बोले तेजस्वी सूर्या, विपक्ष के आरोपों में नहीं कोई दम, परिसीमन से बढ़ेंगी दक्षिण के राज्यों की सीटें

» तीनों संशोधन बिलों को सदन में पेश करने से पहले हुआ मतदान

» पक्ष में 251 और विरोध में पड़े 185 मत। जबकि कुल मतों की संख्या रही 436



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने के लिए मौजूदा बजट सत्र के विस्तार के रूप में बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के तहत गुरुवार से लोकसभा में हुई चर्चा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक देखने को मिली। सदन में कांग्रेस के उप-नेता गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार का यह आरोप कि कांग्रेस महिला आरक्षण के विरोध में है। पूरी तरह से गलत है, हमारी पार्टी इसके विरोध में नहीं है। लेकिन हमारी यह मांग है कि महिला आरक्षण को परिसीमन के साथ लागू नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा करने पर सरकार केवल महिला आरक्षण के लेबल के साथ पिछले दरवाजे से परिसीमन की अपनी राजनीतिक मंशा को पूरा करना चाहती है। इस पूरी प्रक्रिया से सरकार नागरिकों को सुरक्षा नहीं देना चाहती है। बल्कि अपनी राजनीतिक जड़ों को मजबूत ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जाति जनगणना के पक्ष में नहीं सरकार

गोगोई ने कहा कि केंद्र का कहना है कि पहली बार महिला आरक्षण पर सदन में चर्चा हो रही है। तीन साल पहले गृहमंत्री ने यही बातें कही थीं। आज उन्होंने अपनी ही 90% बातों को दोहराया है। कांग्रेस की सरकार से मांग है कि महिला आरक्षण को लोकसभा की कुल 543 सीटों के आधार पर ही लागू किया जाए और उसमें परिसीमन को शामिल न किया जाए। वर्ष 2023 में जब ये आरक्षण बिल आया था। तब भी हमने 2024 के चुनाव में इसे लागू करने के लिए कहा था। लेकिन तब गृहमंत्री ने कहा था कि 2024 के तुरंत बाद परिसीमन करना पड़ेगा, जनगणना होगी और उसके बाद ही इसे लागू किया ▶▶ शेष पेज 5 पर

# सीएम सैनी ने ऑनलाइन सेल्फ एन्यूमरेशन कर हरियाणा में की जनगणना प्रक्रिया की शुरुआत

» मुख्यमंत्री ने जनगणना को जन-आंदोलन बनाने का किया आह्वान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को ऑनलाइन सेल्फ एन्यूमरेशन फॉर्म भर कर राज्य में जनगणना 2027 की प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया। इस पहल के माध्यम से उन्होंने प्रदेशवासियों को जनगणना में सक्रिय भागीदारी करने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि स्व-गणना की प्रक्रिया बेहद सरल और समय की बचत करने वाली प्रणाली है। यह पहल प्रधानमंत्री के ईज ऑफ लिविंग और डिजिटल इंडिया के विजन को और सशक्त बनाती है।

उन्होंने कहा कि जनगणना-2027 विकसित हरियाणा–विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की ▶▶ शेष पेज 5 पर

## दिल्ली एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

# स्पाइसजेट और अकासा एयर विमानों के पंख आपस में टकराए

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब टैक्सीइंग के दौरान स्पाइसजेट का एक विमान अकासा एयर के विमान से टकरा गया। इस घटना में दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा, हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी यात्री और क्रू पूरी तरह सुरक्षित हैं। स्पाइसजेट का बी737-700 विमान रनवे की ओर बढ़ रहा था, तभी उसका दाहिना विंगलेट दूसरे विमान से टकरा गया। इस टक्कर से दूसरे विमान के लेफ्ट हैंड हॉरिजॉन्टल स्टेबलाइजर को भी नुकसान हुआ। तकनीकी जांच जारी है और नुकसान का आकलन किया जा ▶▶ शेष पेज 5 पर



# हरिवंश आज तीसरी बार चुने जाएंगे राज्यसभा के उपसभापति, विपक्ष करेगा वॉकआउट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच टकराव एक बार फिर तेज हो गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने गुरुवार को घोषणा की कि विपक्ष आज, शुक्रवार को होने वाले राज्यसभा के उपसभापति चुनाव का बहिष्कार करेगा। यह निर्णय सरकार द्वारा विपक्ष से "सार्थक परामर्श न करने" के विरोध में लिया गया है।

**विपक्ष का आरोपः संवादहीनता और परंपराओं की अनदेखीः** जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 7 वर्षों से लोकसभा में उपाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की है, जो संसदीय परंपराओं के खिलाफ है। उन्होंने इसे अभूतपूर्व स्थिति बताते हुए कहा कि इससे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्यसभा में उपसभापति के चुनाव को लेकर भी सरकार ने विपक्ष से कोई ठोस बातचीत नहीं की। उनके अनुसार, यह चुनाव जल्दबाजी में कराया जा रहा है, जबकि इस पद को भरने के लिए सभी दलों के बीच सहमति बनाना जरूरी था।


### हरिवंश की उम्मीदवारी पर सवाल

विपक्ष ने हरिवंश नारायण सिंह की उम्मीदवारी को लेकर भी आपत्ति जताई है। जयराम रमेश के मुताबिक, हरिवंश का दूसरा कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो गया था। इसके बाद उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्यसभा में नामित किया गया और अब उन्हें तीसरी बार उपसभापति बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले कभी ऐसा नहीं हुआ कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

## भारत के दुश्मनों का हो रहा सफाया

# लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हमजा को लाहौर में गोली मारी

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



- इससे पहले भी आतंकी सरगना किए गए ढेर

लश्कर-ए-तैयबा (एलटीटी) के संस्थापक सदस्यों में से एक आमिर हमजा पर पाकिस्तान में जानलेवा हमला हुआ है। आमिर को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारी है। हमले के बाद उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हमजा यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेजरी से घोषित आतंकवादी है। पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी संगठनों के लोगों पर बीते कुछ महीनों में लगातार हमले होने की बात सामने आई है।

हमजा पर कुछ अज्ञात हमलावरों ने लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर गोलियां चलाईं। आमिर की स्थिति को लेकर अस्पताल की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हाफिज सईद भारत के लिए मोस्ट वॉन्टेड आतंकी है। लश्कर पर भारत में हुए आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप रहा है। आमिर हमजा का संबंध भी कई आतंकवादी गतिविधियों से होना माना जाता है, जिनमें भारत में हुए कई हमले भी शामिल हैं।

## वेणुगोपाल ने कहा, सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार

# जिस विषय का एक बार भी पीएम मोदी ने नाम नहीं लिया, वो परिसीमन महिला आरक्षण विधेयक के साथ थोपा क्यों जा रहा ?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को लोकसभा में संविधान (एक सौ इकतीसवां संशोधन) विधेयक, 2026 को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार को इस विधेयक को वर्तमान स्वरूप में तुरंत वापस लेना चाहिए और इस पर व्यापक सहमति बनाने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

लोकसभा में चर्चा के दौरान वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार महिला आरक्षण के नाम पर "परिसीमन" को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, "महिला आरक्षण के नाम पर आप लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।" उन्होंने नेता विपक्ष राहुल गांधी का हवाला देते हुए कहा कि भारत राज्यों का एक संघ है और हर राज्य की अपनी महत्ता है, जिसे राजनीतिक उद्देश्यों के लिए कमतर करने की कोशिश की जा रही है।



**महिला आरक्षण पहले ही पास हो चुका :** वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि महिला आरक्षण से जुड़ा नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में ही संसद से पारित हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में परिसीमन शब्द का एक बार भी उल्लेख नहीं किया, जबकि असल मुद्दा वही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में महिला आरक्षण लागू करना चाहती है, तो इसे 2024 के आम चुनाव से ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस का पक्ष

वेणुगोपाल ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने ही देश में 73वां और 74वां संविधान संशोधन लाकर पंचायतों और शहरी निकायों में महिलाओं को आरक्षण दिया था। इसके अलावा उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को पहली महिला प्रधानमंत्री दी, जिन्होंने वैश्विक दबावों के सामने झुकने से इनकार किया। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने देश को पहली महिला राष्ट्रपति और पहली महिला लोकसभा अध्यक्ष भी दी है। कांग्रेस ने सरकार से अपील की है कि वह इस विधेयक को वर्तमान रूप में आगे न बढ़ाए, बल्कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

## सोशल मीडिया व मेट्रिमोनियल एप से तलाशता था शिकार

# फर्जी प्रोफाइल से 500 महिलाओं को जाल में फंसा ठगे दो करोड़, अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दक्षिण पश्चिम डिस्ट्रिक्ट की साइबर पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल के जरिए डॉक्टर, फिल्म निर्माता, वकील, कारोबारी एवं मॉडल बनकर देशभर में 500 से ज्यादा महिलाओं को ठगी का शिकार बनाने वाला जालसाज गिरफ्तार किया है। इस पर दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने का आरोप है। 35 वर्षीय आरोपी का नाम आनंद कुमार बताया गया है। वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला है।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार आनंद कुमार पर डेटिंग और विवाह संबंधी मंचों के माध्यम से महिलाओं को निशाना बनाकर 'रोमांस स्कैम', मोहपाश और ऑनलाइन ब्लैकमेल का एक संगठित नेटवर्क चलाने का आरोप हैं। कुमार महिलाओं से संपर्क करने के लिए विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के साथ-साथ डेटिंग और विवाह संबंधी ऐप' पर फर्जी पहचान के आधार पर प्रोफाइल बनाता था। वह खुद को एक प्रभावशाली पृष्ठभूमि वाले सुस्थापित पेशेवर व्यक्ति के रूप में पेश करता था और भरोसा जीतने और पीड़िताओं को आकर्षित करने के लिए अक्सर खुद को डॉक्टर, व्यवसायी या फिल्म निर्माता बताता था। आरोपी एक ही समय में कई पीड़ितओं से समानांतर बातचीत करता रहता था। उसने भावनात्मक कमजोरियों का फायदा उठाया और पीड़िताओं को अपने भरोसे में लेने के लिए घनिष्ठता का भाव पैदा किया। महिलाओं का विश्वास जीतने के बाद कुमार उनसे पैसे ऐंठने के लिए चिकित्सा संबंधी आपात स्थिति, कारोबार में घाटा, पारिवारिक संकट या आर्थिक तंगी जैसी मनगढ़ंत कहानियां गढ़ता था। कई मामलों में वह पीड़िताओं को लुभाने के लिए शादी या मॉडलिंग असाइनमेंट या प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश दिलाने जैसे आकर्षक अवसरों का भी वादा करता था। डीसीपी ने कहा कि एक मामले में वैभव अरोड़ा नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाकर उसने एक महिला से कथित तौर पर लगभग सात लाख रुपये ऐंठ लिए थे। आरोपी ने पहले एक डेटिंग ऐप पर इस महिला से दोस्ती की और बाद में शादी का वादा किया। आरोपी का पता लगाने के लिए एक टीम ने धन के लेन-देन, बैंक खातों और तकनीकी विश्लेषण की छानबीन की। आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया। जांच में यह भी पता चला कि वित्तीय धोखाधड़ी के अलावा, आरोपी कथित तौर पर पीड़िताओं द्वारा साझा की गई निजी सामग्री का फायदा उठाकर जबरन वसूली भी करता था। ऑनलाइन बातचीत के दौरान, वह महिलाओं को निजी तस्वीरें या वीडियो साझा करने के लिए राजी करता था और महिलाओं द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर इनको सार्वजनिक करने की धमकी देता था। पूछताछ और उसके उपकरणों की जांच के दौरान, पुलिस ने पाया कि वह एक साथ फर्जी पहचानों के आधार पर कई सोशल मीडिया प्रोफाइल चला रहा था और कई राज्यों में पीड़िताओं के साथ संवाद कर रहा था। दिल्ली और गाजियाबाद में भी इसी तरह के मामलों में उसकी संलिप्तता रही है।

# दयाल सिंह कॉलेज के पास मेट्रो साइट पर जेसीबी पलटी, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ सुनहरी नाले के पास कार्य के दौरान हुई दुर्घटना

दक्षिण दिल्ली के लोधी कालोनी इलाके में दयाल सिंह कॉलेज के पास एक निर्माण स्थल पर नाले की सफाई के दौरान जेसीबी पलटने से चालक की मौत हो गई। जेसीबी ऑपरेटर अभिषेक (23) मशीन के नीचे दब जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीसीआर कर्मियों द्वारा उसे तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डीसीपी अनंत मित्तल के अनुसार यह घटना बुधवार को सामने आई। दयाल सिंह कॉलेज के पास एक निर्माण स्थल पर हुई दुर्घटना की सूचना पीसीआर के जरिये लोधी कालोनी थाने को मिली थी। इस दुर्घटना में काम के दौरान एक जेसीबी मशीन पलट गई थी। मृतक उत्तर प्रदेश के एटा का रहने वाला था और उसे ठेकेदार द्वारा इस साइट पर जेसीबी ऑपरेटर के रूप में काम पर रखा गया था। प्रारंभिक जांच से पता चला कि यह काम डीएमआरसी के माध्यम से एक सरकारी परियोजना के तहत किया जा रहा था, जिसने आगे यह काम मेसर्स के आर आनंद कंपनी को सौंपा था। इस घटना में शामिल जेसीबी मशीन मेसर्स माइलस्टोन अर्थकॉम प्राइवेट लिमिटेड से किराए पर ली गई थी। काम के दौरान जेसीबी लगभग 16 फुट गहरे नाले में भारी पत्थरों को धकेल रही थी। नाले के किनारे के अस्थिर और बिना सुरक्षा घेरे के होने और साथ ही सुरक्षा उपायों की कमी के कारण मशीन का संतुलन बिगड़ गया और वह नाले में पलट गई, जिसके परिणामस्वरूप ऑपरेटर को जानलेवा चोटें आई। क्राइम टीम ने मौके का मुआयना किया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। लोधी कॉलोनी थाने में भारतीय न्याय संहिता के संबंधित प्रावधानों के तहत एक मामला भी दर्ज कर लिया गया है। कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन और पर्यवेक्षण के संबंध में ठेकेदार और अन्य संबंधित एजेंसियों की भूमिका और जिम्मेदारी निर्धारित करने के लिए आगे की जांच जारी है।

डीएमआरसी के बयान के अनुसार, ऑपरेटर केआर आनंद ठेकेदार कंपनी के साथ काम कर रहा था और मलबे को हटा रहा था। मशीन चलाते समय ऑपरेटर ने समय पर ब्रेक नहीं लगाया, जिसके कारण जेसीबी एक कट-आउट को पार कर गई। मशीन का अगला पहिया कट-आउट में फिसल गया, जिससे मशीन पलट गई और ऑपरेटर की मृत्यु हो गई।

### दिल्ली में हालिया अन्य जेसीबी हादसे

11 अप्रैल 2026 (रोहिणी): प्रशांत विहार क्षेत्र में क्रेन/जेसीबी का मलबा गिरने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई थी, जो डीडीए की जमीन पर सो रहे थे।

28 मार्च 2026 (शकूरपुर): जेसीबी की चपेट में आने से एक 27 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।

# प्रॉपर्टी की जाली लीज से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट की देशबंधु गुप्ता रोड था पुलिस ने प्रॉपर्टी फ्रॉड का भंडाफोड़ किया है। एक ऐसे जालसाज को गिरफ्तार किया है जो जाली लीज डीड बनाने में माहिर था। प्रॉपर्टी फ्रॉड के एक अन्य मामले में इसे भगौड़ा भी घोषित किया जा चुका था। इसने दृष्टिबाधित पीड़ित से 14.5 लाख की धोखाधड़ी की थी। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी अब तक कई पीड़ितों के साथ लगभग 2 करोड़ की धोखाधड़ी कर चुका है।

पुलिस के अनुसार 29 दिसंबर 2025 को देशबधु गुप्ता रोड थाने में एक रिहायशी प्रॉपर्टी को लीज पर देने के बहाने धोखाधड़ी के संबंध में एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता, जो भारतीय रेलवे का एक दृष्टिबाधित कर्मचारी था, लीज पर घर की तलाश कर रहा था। तभी वह आरोपी रविंद्र गर्ग के संपर्क में आया। आरोपी ने जोशी रोड, करोल बाग स्थित अपनी प्रॉपर्टी लीज पर देने की पेशकश की और साढ़े 14 लाख में सौदा तय होने के बाद एक नोटरीकृत लीज डीड तैयार की, जिसका भुगतान शिकायतकर्ता ने किया। इसके बाद जब शिकायतकर्ता प्रॉपर्टी का कब्जा लेने गया, तो उसे पता चला कि लोन का भुगतान न होने के कारण एक फाइनेंस कंपनी ने पहले ही उस प्रॉपर्टी पर कब्जा किया हुआ है। जांच में पता चला कि आरोपी ने 2017 में 98 लाख का होम लोन लिया था और लोन का भुगतान न होने पर फाइनेंस कंपनी ने प्रॉपर्टी पर कब्जा कर लिया था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी जानबूझकर अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। वह लगभग हर छह महीने में अपने मोबाइल नंबर बदलता था और अपनी जगह भी बदलता रहता था। आखिर में नांगल देवत गांव में उसके ठिकाने का पता चला। सुनियोजित छापेमारी के बाद आरोपी एक टैक्सी ड्राइवर के तौर पर काम करता हुआ मिला, जिसके बाद उसे सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि आरोपी ने इसी तरह के तरीके का इस्तेमाल करके कई लोगों को ठगा था और लगभग 2 करोड़ की धोखाधड़ी की थी। आरोपी का नाम रवींद्र गर्ग (51) निवासी हापुड़, उत्तर प्रदेश बताया गया है। आरोपी महज पांचवीं तक पढ़ा है। उसने बताया कि ठगी से मिली रकम को एक टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट बिजनेस के लिए गाड़ियां खरीदने में लगाया था, जो आखिरकार ठप हो गया। पुलिस ठगी गई रकम का पता लगाने और आरोपी की चल-अचल संपत्तियों की पहचान करने के प्रयास कर रही है, ताकि संपत्ति की कुर्की सहित जरूरी कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# विदेशी लिंक वाले साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने एक ऐसे साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो सोशल मीडिया के जरिये विदेशी लोगों के संपर्क में रहकर ठगी कर रहा था। इस मामले में पुलिस ने एक बैंक कर्मचारी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार बरेली निवासी एक व्यक्ति के खाते से फरवरी में 10 हजार रुपये की धोखाधड़ी के संबंध में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर की गयी शिकायत के बाद यह मामला सामने आया। पुलिस ने जांच के दौरान मयूर विहार फेज-1 स्थित एक निजी बैंक शाखा में एक संदिग्ध खाते की पहचान की, जिससे ऐसी ही कई शिकायतें संबद्ध थी। जांच में पता चला कि एक फर्म के नाम पर खोला गया खाता, साइबर धोखाधड़ी लेनदेन के लिए बार-बार इस्तेमाल किया जा रहा था। सबसे पहले पुलिस ने खाता धारक शौकीन और उसके सहयोगी शाहरूख उर्फ जोजो को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान जोजो ने एक बैंक 'रिलेशनशिप मैनेजर' की संलिप्तता का खुलासा किया, जिसने आर्थिक लाभ के लिए म्यूल खाते खोलने में मदद की थी। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने बैंक कर्मचारी प्रांशु कुमार (23) को भी गिरफ्तार किया, जिसकी भूमिका डिजिटल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर स्थापित हुई। पुलिस ने कहा कि जब्त मोबाइल फोन के फॉरेंसिक विश्लेषण में सोशल मीडिया मंच के जरिये विदेशी हैंडलरों से जुड़े संपर्क सामने आए हैं। आरोपी बैंक संबंधी जानकारियां विदेशी संचालकों के साथ साझा करते थे और बदले में क्रिप्टोकरेंसी में कमीशन प्राप्त करते थे। अन्य आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस की जांच जारी है।

### पुलिसकर्मी ने जलते हुए मकान से व्यक्ति को बचाया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक हेड कांस्टेबल ने यहां आग की चपेट में आए मकान में फंसे 41 वर्षीय व्यक्ति को बचा लिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना 12 अप्रैल को उत्तर दिल्ली के बाहरी इलाके स्वरूप नगर में घटी। उन्होंने बताया कि पीसीआर को सूचना मिलने के बाद एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। अधिकारी के मुताबिक, आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया था। उन्होंने बताया कि हेड कांस्टेबल अंकित को मकान की पहली मंजिल पर एक व्यक्ति फंसा हुआ दिखा। अधिकारी के अनुसार, अंकित ने अतिरिक्त मदद का इंतजार किए बिना इमारत में प्रवेश किया और तुषार अनुराग नामक व्यक्ति को वहां से निकाल लिया। अधिकारी ने बताया कि समय पर हस्तक्षेप से पीड़ित को मकान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि इसके तुरंत बाद, दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया। अधिकारी ने कहा कि आग लगने का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आजादपुर फ्लाईओवर पर टैक्सी में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ ड्राइवर, दो महिलाएं व नवजात जिंदा जलने से बचे

दिल्ली के आजादपुर फ्लाईओवर पर बृहस्पतिवार को एक टैक्सी में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को दोपहर 1.10 बजे आग लगने की सूचना मिली और तुरंत दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। घटना में कार चालक के अलावा दो महिला सवारी और उनके साथ नवजात बच्चा बाल बाल बच गये। इस दौरान फ्लाईओवर पर कुछ देर के लिये यातायात भी प्रभावित रहा। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार नॉर्थ वेस्ट जिले के आजादपुर फ्लाईओवर पर बृहस्पतिवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती वैगनआर कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार से धुआं और लपटें उठने लगीं। इस दौरान मौके पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही दमकल टीम ने तेजी से मौके पर पहुंचकर करीब 15 मिनट के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस ने यातायात को सामान्य कराने के लिए मोर्चा संभाला। आग का गोला बनी कार का मंजर देखकर लोग सहम उठे। कार में दो महिला सवारी और एक नवजात बच्चा सवार था। महिला सवारी ने बताया उसने ड्राइवर को बदबू आने की बात कहीं थी। लेकिन ड्राइवर ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। इसके कुछ दूरी बाद ही आग लग गई और आनन फानन में सभी लोगों ने अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि कुछ सेकेंड की देरी जान ले सकती थी।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरि० मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 2581034TSDSSB |
| कार्य का विवरण | ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती में दो वर्ष की अवधि के लिए वंदे भारत रेक के FRP नोज़ कपलर कवर और FRP साइड वॉल की मरम्मत, पेंटिंग और फिटमेंट का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | ₹ 1,05,11,395.55 (GST सहित) |
| बयाना राशि | ₹ 2,10,300.00 |
| कार्य अवधि | 24 माह |
| निविदा खुलने की तिथि, समय | 08.05.2026, 14:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साइट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in दिनांक 15.04.2026, 11:18 बजे से प्रभावी है। |

सं0: 25.8.1034.TSD.SSB दिनांक: 15.04.2026 1255/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### गेस्ट हाउस में शख्स ने फंदा लगा की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिले के कालकाजी इलाके में एक गेस्ट हाउस में 28 वर्षीय व्यक्ति का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने बताया कि जिस व्यक्ति का शव बरामद किया गया वह एक महिला के साथ यहां ठहरने आया था और दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद उसने यह कदम उठा लिया। पुलिस के मुताबिक बहस के दौरान व्यक्ति ने महिला को कथित तौर पर धक्का दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर गई और माना जा रहा है कि उस वक्त दोनों नशे में थे। पुलिस ने बताया कि इसके बाद व्यक्ति को लगा की महिला की मौत हो गई, जिससे भयभीत होकर उसने कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक शाम को जब महिला को होश आया, तो उसने व्यक्ति को फंदे से लटका पाया और शोर मचाने के बाद गेस्ट हाउस के कर्मचारियों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया फॉरेंसिक टीम ने भी कमरे से साक्ष्य एकत्र किए हैं।

# दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज, दिल्ली में ग्रैप-1 लागू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक का स्तर गिरने पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का पहला चरण लागू कर दिया है। गौरतलब है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को शाम चार बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 226 दर्ज किया गया। जो कि खराब श्रेणी में आता है। इसी को देखते हुए सीएक्यूएम ने ग्रैप का पहला चरण लागू कर दिया है। इस चरण में प्रदूषण के स्तर को बढ़ने से रोकने के लिए कई उपाय किए जाते हैं। इसी के मद्देनजर संबंधित सभी एजेंसियों को ग्रेप के पहले चरण के तहत निर्धारित उपायों को लागू करने, निगरानी करने और उनकी समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वायु गुणवत्ता का स्तर और खराब न हो। सभी कार्यान्वयन एजेंसियों को कड़ी निगरानी रखने और ग्रेप अनुसूची के उपायों को तेज करने के लिए कहा गया है। नागरिकों से भी अनुरोध किया गया है कि वे ग्रेप के पहले चरण के तहत नागरिक चार्टर का सख्ती से पालन करें। उप-समिति वायु गुणवत्ता परिदृश्य पर कड़ी नजर रखेगी। ग्रैप के पहले चरण में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई उपाय शामिल हैं। इनमें निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध, सड़कों की यांत्रिक सफाई और पानी का छिड़काव शामिल हो सकता है। औद्योगिक उत्सर्जन को नियंत्रित करने और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए भी कदम उठाए जाते हैं। नागरिकों से भी अपेक्षा की जाती है कि वे सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें और अनावश्यक यात्रा से बचें। इन उपायों का उद्देश्य वायु गुणवत्ता को और बिगड़ने से रोकना है। इसके तहत खुले में कूड़ा जलाना, निर्माण गतिविधियों पर कुछ पाबंदियां, डस्ट कंट्रोल उपाय और वाहनों के प्रदूषण को कम करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### 'ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी पर शिक्षक प्रतिनिधिमंडल को मिला आश्वासन'

**नई दिल्ली।** नगर निगम शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी और अन्य कुछ ज्वलंत समस्याओं को लेकर निगम स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। प्रतिनिधि मंडल में शामिल रामनिवास सोलंकी ने बैठक की जानकारी देते हुए गुरूवार को बताया कि यह बैठक स्थायी समिति के कक्ष में आयोजित हुई, जिसमें उपमहापौर जयभगवान यादव, नेता सदन प्रवेश वाही, निगम पार्षद सुरेंद्र खरब, अतिरिक्त आयुक्त संजीव मित्तल तथा अतिरिक्त शिक्षा निदेशक सुजाता मलिक भी उपस्थित रही। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व पंडित जगदीश शर्मा, महिपाल मावी और रामनिवास सोलंकी ने किया। बैठक के दौरान शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसमें विभाग का रुख सकारात्मक देखने को मिला। बैठक में शिक्षकों की तरफ से भी कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिक्षक संघ ने उम्मीद जताई है कि इन फैसलों के लागू होने से शिक्षकों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी। सबसे अहम निर्णय ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को जल्द लागू करने का रहा। अधिकारियों ने स्वीकार किया कि पिछली पॉलिसी में कुछ खामियां थीं, जिन्हें दूर करते हुए अब पारदर्शिता के साथ नई ट्रांसफर पॉलिसी लागू की जाएगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संजय पुत्र** खेल सिंह **निवासी** मकान नं0 9, ब्लॉक–ए, एमसीडी कॉलोनी, समयपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 721/2023, U/S 135 Electricity Act, पुलिस स्टेशन समयपुर बादली, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 721/2023, U/S 135 Electricity Act, पुलिस स्टेशन समयपुर बादली, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **संजय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.06.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री प्रशांत कुमार
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विद्युत),
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट नं0 316,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/4948/ON/2026
(Court Matter)

## दिल्ली देहात : अलीपुर इलाके में रहता है भारी वाहनों का जमावड़ा

# 'रात में प्लास्टिक जलाने और धूल से घुट रहा है लोगों का दम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

### सरकार के दावे बड़े लेकिन कार्य नहीं

स्थानीय लोगों का कहना है कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम प्रशासन द्वारा धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात जस के तस हैं। न तो नियमित पानी का छिड़काव हो रहा है और न ही प्रदूषण फैलाने वालों पर कोई सख्त कार्रवाई की जा रही है।

दिल्ली देहात के इलाकों में प्रदूषण की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। खासतौर पर रात के समय प्लास्टिक जैसे पदार्थों को जलाने की घटनाएं और जीटी करनाल मार्ग पर भारी वाहनों का जमावड़ा स्थानीय लोगों और यात्रियों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, देर रात सड़कों के आसपास के इलाकों में अज्ञात लोगों द्वारा प्लास्टिक और अन्य कचरे को जलाया जाता है, जिससे जहरीला धुआं वातावरण में फैलता है। इस धुएं से न केवल वायु गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि रात में कचरा जलाने पर तुरंत रोक लगाई जाए, भारी वाहनों की पार्किंग के लिए उचित व्यवस्था की जाए और धूल नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

दिल्ली देहात के नरेला, अलीपुर के आंतरिक मार्ग पर रात के समय भारी वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। बुढ़पुर से अलीपुर की तरफ सड़क किनारे खड़े ट्रकों से ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित होती है और प्रदूषण का स्तर भी बढ़ता है। सिंघु बॉर्डर, सिंघोला, टीकरी मंडी और अलीपुर के कासपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मौजूद गोदामों के कारण दिन-रात धूल उड़ती रहती है। निर्माण सामग्री और माल ढुलाई के दौरान उड़ने वाली धूल से स्थानीय लोग, दुकानदार और राहगीर खासे परेशान हैं।

### दिल्ली मेट्रो में मनाया जा रहा अग्नि सुरक्षा सप्ताह विभिन्न तरीकों से किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

गर्मियों के दिनों में आग लगने की घटनाओं में तेजी आती है और कई बार बड़ी जानमाल का कारण बनती है। ऐसे में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करना जरूरी है। वहीं सरकारी, अर्ध सरकारी व गैर सरकारी निकायों में कार्य करने वाले आला अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक को आग लगने से रोकने के साथ साथ आग लगने के बाद क्या करना है कि जानकारी होनी चाहिए। इसी कड़ी में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) 14 से 20 अप्रैल 2026 तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मना रहा है। इस बारे में डीएमआरसी का कहना है अग्नि सुरक्षा सबसे पहले अपने घर व रसोई से होती है। सतर्कता ही सुरक्षा है, जागरूकता ही बचाव का माध्यम है। इसलिए मेट्रो अग्नि सुरक्षा सप्ताह में आग लगने से बचाव को लेकर घर की रसोई से लेकर भवना, संस्थानों आदि में आग के बारे में जागरूक किया जा रहा है। क्योंकि डीएमआरसी सभी को सतर्क और जिम्मेदार बनने का संदेश देता है। सबसे पहले शुरुआत अपनी रसोई में हमेशा सावधानी बरतने से करें, बिजली के उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करें और गैस रिसाव की स्थिति में तुरंत कार्रवाई करें। आग स्थल तक आवागमन वाले रास्तों को किसी भी सूरत में अवरुद्ध न होने दें। आपातकाल स्थिति में शांत रहें, मनोबल बनाकर रखे व अफवाहों पर कोई ध्यान ने दें। आगे से उठने वाले धुएं के दौरान नीचे झुककर चलें और सुरक्षित रूप से बाहर निकलते हुए दूसरों की भी मदद करें तथा निर्धारित एकत्रित स्थल तक पहुँचें। डीएमआरसी के अनुसार आग लगने के दौरान जहां तक संभव हो सबसे पहल बच्चों, बुजुर्गों व दिव्यांगों को बचाए। धुएं में फंसने पर संभव हो तो मुंह पर गीला कपड़ा रखे और जहां तक हो सुरक्षित बाहर निकलने के लिए दीवार के सहारे नीचे झुकते हुए मार्ग तलाशे। आग के दौरान लिफ्ट की बजाय सीढ़ियों का प्रयोग करें। अगर आग बुझाने का सिलेंडर मिले तो उसका उपयोग करें।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **अजीत कुमार, पुत्रः वीर कांत, निवासीः शास्त्री पार्क, अकरम बिरयानी वाला के पास, दिल्ली** इसके अलावाः **मकान नंबरः 115 एफ, प्रताप नगर, पटियाला, पंजाब** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.1133/2025 U/S 281/125(a) BNS** के तहत एक मामला **थाना करोल बाग, मध्य जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **अजीत कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **अजीत कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.1133/2025 U/S 281/125(a) BNS, थाना करोल बाग, मध्य जिला, नई दिल्ली** के अभियुक्त **अजीत कुमार** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **29.05.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री निशात बंगड
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01 (केंद्रीय),
कमरा नं.–180, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4834/CD/2026
(अदालती मामला)

### शिक्षा मंत्री ने छात्रों और शिक्षकों को दी बधाई

# सीबीएसई : 10वीं के परीक्षा परिणामों में बेटियों ने मारी बाजी, गर्व का विषय : सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को घोषित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं परीक्षा के परिणामों पर गुरुवार को दिल्ली के सरकारी स्कूलों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी। दिल्ली सरकार के स्कूलों ने 97.23 उत्तीर्ण प्रतिशत दर्ज किया, जो वर्ष 2025 के 94.64 प्रतिशत से 2.59 प्रतिशत अधिक है और राष्ट्रीय औसत 93.70 प्रतिशत से बेहतर है। सूद ने कहा कि यह परिणाम मात्र संयोग नहीं, बल्कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में निर्मित सशक्त शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह सुधार केवल कुछ चुनिंदा स्कूलों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे दिल्ली के सरकारी स्कूल नेटवर्क में व्यापक रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 300 की तुलना में इस वर्ष 457 स्कूलों ने 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया ही। वहीं 924 स्कूलों ने 90 प्रतिशत से अधिक परिणाम दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 529 थी। सरकारी स्कूलों में सीखने के परिणामों में भी निरंतर और सकारात्मक सुधार देखा गया है, जो शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन को दर्शाता है। सूद ने यह भी बताया की इस वर्ष कुल 1 लाख 88 हजार 460 छात्रों ने परीक्षा दी, जिनमें से 1 लाख 83 हजार 246 छात्र पास हुए। व्यक्तिगत उपलब्धियों की बात करें तो 26 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, 540 छात्रों ने 90 प्रतिशत से 95 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए, और 5 हजार 202 छात्रों ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए।

शिक्षा मंत्री सूद ने कहा कि ऐसे परिणाम अचानक नहीं आते, बल्कि भविष्य-उन्मुख वातावरण में विकसित होते हैं। इस वर्ष दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 9 हजार स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना की गई है, जिसका कुल लक्ष्य 21 हजार है। इसके साथ ही 175 आधुनिक कंप्यूटर लैब और 125 डिजिटाइज्ड पुस्तकालय स्थापित किए गए हैं। यह सुनिश्चित करता है कि हर छात्र को, उसकी पृष्ठभूमि चाहे जो भी हो, 21वीं सदी की तकनीक तक समान पहुंच मिले।

मंत्री सूद ने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा बनाये गए 75 सीएम श्री स्कूल नए मानक स्थापित कर रहे हैं, जहां एआई आधारित भाषा प्रयोगशालाएं और करियर लैब स्थापित की गई हैं, जिससे छात्रों को केवल परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि जीवन के लिए तैयार किया जा रहा है। 19 हजार 148 करोड़ रुपये के सशक्त शिक्षा बजट के साथ सरकार छात्रों के आत्मविश्वास, क्षमता और व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

#### अब किसी भी बालिका की शिक्षा दूरी के कारण नहीं होगी बाधित

मंत्री सूद ने परिणामों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं ने 97.37 प्रतिशत उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ छात्रों (97.09 प्रतिशत) से बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि किसी भी बालिका की शिक्षा दूरी के कारण बाधित न हो। इसी दिशा में दिल्ली सरकार के इस वर्ष के बजट में कक्षा 9 की लगभग 1.3 लाख छात्राओं को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराने हेतु 90 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष को मिली जेड कैटेगरी की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देश की राजधानी में लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताओं के बीच दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की सुरक्षा को बढ़ाकर जेड कैटेगरी कर दिया गया है। ये फैसला विधानसभा सचिवालय को लगातार मिल रही बम से धमकियों व हाल ही में हुए एक बड़े सुरक्षा उल्लंघन के बाद लिया गया है। पिछले कुछ दिनों में दिल्ली विधानसभा सचिवालय और अध्यक्ष कार्यालय को आधिकारिक माध्यमों के जरिए करीब 6 से 7 धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए।

इन ई-मेल्स में विधानसभा परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। 14 अप्रैल को भी अध्यक्ष को इसी तरह की धमकी मिली थी। इस गंभीर मामले को लेकर उन्होंने दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और पूरे मामले की जांच कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की थी। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में एक अज्ञात व्यक्ति विधानसभा परिसर के गेट तक पहुंचने में सफल रहा। उसने स्पीकर की गाड़ी में संदिग्ध वस्तु रख दी। हालांकि समय रहते इस घटना को नियंत्रित कर लिया गया था। लेकिन इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए। इन घटनाओं के बाद अब अध्यक्ष को जेड कैटेगरी सुरक्षा प्रदान की गई है। इसके तहत उन्हें 24 घंटे सुरक्षा देने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित कमांडो तैनात किए गए हैं। उनके काफिले के साथ हर समय एक एस्कॉर्ट वाहन भी रहेगा, जो सुरक्षा घेरा मजबूत करेगा। पूरी व्यवस्था की निगरानी एक समर्पित प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में की जाएगी।सिर्फ स्पीकर ही नहीं बल्कि पूरे विधानसभा परिसर की सुरक्षा को भी नए सिरे से मजबूत किया जा रहा है।

### खबर संक्षेप

#### बिजली खपत का आंकड़ा पहुंचा 5 हजार मेगावाट पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भीषण गर्मी के चलते गुरुवार को इस सीजन में पहली बार बिजली की खपत का आंकड़ा 5 हजार मेगावाट को पार कर गया। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली के अनुसार 15 अप्रैल 2026 दोपहर बाद 4.23 मिनट पर बिजली की अधिकतम मांग बढ़कर 5203 मेगावाट पहुंच गई। जो इस गर्मी के सीजन में दिल्ली में पहली बार पांच हजार मेगावाट का आंकड़ा पार हुआ है। जबकि इसी दौरान न्यूनतम मांग 3482 मेगावाट दर्ज हुई। इससे पहले 15 अप्रैल 2026 दोपहर बाद 4.20 मिनट पर बिजली की अधिकतम मांग बढ़कर 4961 मेगावाट पहुंच गई थी। जबकि दो दिन पहले 14 अप्रैल 2026 को बिजली की मांग का आंकड़ा 4510 मेगावाट दर्ज हुआ था। मांग बढ़ने के साथ ही दिल्ली में कई क्षेत्रों से बिजली कटौती की खबरें भी सामने आई है।

#### राजधानी में तापमान पहुंचा 40 डिग्री

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में सूरज के लगातार सुर्ख होने से अधिकतम तापमान 40 डिग्री पार पहुंच गया है। प्रादेशिक मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.5 डिग्री सेल्सियस व इस सीजन का सबसे अधिक तापमान है। यह लगातार तीसरा दिन है जब अधिकतम तापमान बढ़कर सीजन का सबसे अधिक आंकड़ा दर्ज हो रहा है। इससे पहले बुधवार को अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि मंगलवार को यह आंकड़ा 38 डिग्री को पार कर गया था। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 20.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, यह अब भी सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस नीचे है।

## एलजी ने फायर विभाग के मुखिया संग की समीक्षा बैठक

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू द्वारा की जा रही समीक्षाओं का दौर जारी है। गुरुवार को एलजी ने दिल्ली अग्निशमन विभाग के मुखिया ए. नेदुनचेझियान (आईएएस) के साथ लोक निवास में एक अहम समीक्षा बैठक की। लोक निवास सचिवालय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को एलजी ने दिल्ली की आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को बेहतर बनाने की दिशा में दिल्ली अग्निशमन सेवा के कामकाज की गहनता से समीक्षा की। इस दौरान एलजी ने जोर देते हुए कहा कि अगर किसी भी कारण से कहीं आग लगने की घटना होती है हमारी सबसे पहली जिम्मेदारी जानमाल के नुकसान को कम से कम करते हुए बहुमूल्य जिंदगियां बचाने की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आधुनिकीकरण, बुनियादी ढांचे के उन्नयन और कर्मियों की क्षमता को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। दिल्ली अग्निशमन सेवा नियम 2010 में प्रस्तावित संशोधनों की जांच करते समय एलजी ने इस बात पर जोर दिया कि निवासियों, व्यापारियों और कारोबारियों के साथ व्यापक परामर्श किया जाना चाहिए। जिससे की यह सुनिश्चित हो सके कि यह ढांचा समावेशी, व्यावहारिक और प्रभावी हो। एलजी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रत्येक नियामक ढांचे को जीवन की सुगमता और व्यापार करने की सुगमता को बढ़ावा देना चाहिए। जिसमें कि नागरिकों के लिए अनावश्यक बाधाएं पैदा किए बिना, मजबूत अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। एलजी ने लगातार गर्मी के बढ़ते तापमान को देखते हुए विभाग की ग्रीष्मकालीन कार्य योजना की भी समीक्षा की गई और अधिक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, एक व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने के महत्व पर भी जोर दिया गया।

## डीटीसी के बेड़े में आज शामिल होगी 200 नई इलेक्ट्रिक बसें : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार आज शुक्रवार को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के बेड़े में 200 नई जीरो-एमिशन वाली इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करेगी। इस बात की जानकारी दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में नई सरकार बनने के बाद से लेकर अब तक करीब 2184 इलेक्ट्रिक बसों को डीटीसी के बेड़े में शामिल किया जा चुका है। इस नई बढ़ोतरी के साथ डीटीसी प्लीट की कुल संख्या बढ़कर लगभग 6300 बसों तक पहुंच जाएगी, जिसमें 4538 इलेक्ट्रिक बसें और 1759 सीएनजी की बसें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि राजधानी दिल्ली पहले ही देश में सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक बस बेड़ा बनने का गौरव हासिल कर चुकी है। मंत्री पंकज ने कहा कि दिल्ली में अभी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर आधारित एक व्यवस्थित और समयबद्ध प्लीट विस्तार योजना प्रगति पर है।



#### वर्ष 2028-29 तक दिल्ली में कुल बसों का बेड़ा 14 हजार तक करने का लक्ष्य

इस योजना के तहत वित्त वर्ष 2028–29 तक राजधानी दिल्ली में कुल बसों का बेड़ा बढ़ाकर लगभग 14 हजार तक करने का लक्ष्य है, जिससे सस्टेनेबल शहरी परिवहन के क्षेत्र में दिल्ली की अग्रणी भूमिका और ज्यादा मजबूत होगी। नई शामिल की जाने वाली बसें लो-फ्लोर और एयर-कंडीशन्ड हैं, जिनमें सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन, रियल-टाइम ट्रैकिंग सिस्टम के साथ ही दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव सुनिश्चित करती हैं।

ग्रीन रीजनल कनेक्टिविटी को और ज्यादा मजबूत करते हुए दिल्ली और रोहतक के बीच एक नई अंतरराज्यीय इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की जाएगी। यह डीटीसी की पहले से संचालित उन अंतर-राज्यीय इलेक्ट्रिक बस सेवाओं को आगे बढ़ाती है, जो राजधानी दिल्ली को बड़ौत (उत्तर प्रदेश), दिल्ली-सोनीपत, दिल्ली-धारूहेड़ा और दिल्ली-पानीपत (हरियाणा) से जोड़ती हैं। साथ ही यह नानकसर (दिल्ली) को यूपी के गाजियाबाद के पुराने बस स्टैंड से भी जोड़ती है, जिससे सतत क्षेत्रीय गतिशीलता को बेहद मजबूती मिलती है।

## एसआईआर के कार्य में लगे निगम शिक्षकों पर पड़ रहा है मानसिक दबाव : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की मतदाता सूची में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में कार्य कर रहे निगम शिक्षकों का मामला उठाया है। यादव ने सवाल उठाते हुए कि एसआईआर में दिल्ली नगर निगम के हजारों शिक्षकों द्वारा दोहरी जिम्मेदारी निभाने के दबाबा के चलते वह मानसिक प्रताड़ना का शिकार बन रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने भी बीएलओ पर एसआईआर के दबाव को कम नहीं किया तो वह दिन दूर नही जब दिल्ली में भी किसी बीएलओं की आत्महत्या या हार्ट अटैक से जिंदगी खत्म हो सकती है। निगम के हजारों शिक्षकों पर एक तरफ बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी निभानी पड़ रही है। वहीं दूसरी तरफ घर-घर जाकर एसआईआर के काम को भाजपा के अनुसार अंजाम देने का दबाव भी झेल रहे है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों पर एसआईआर के काम को जल्द पूरा करने के बढ़ते दबाव का असर स्कूलों में शिक्षण कार्य पर पढ़ रहा है। शिक्षकों को बिना कोई राजकीय और प्रतिबंधित छुट्टी किए बीएलओ की जिम्मेदारी निभाने के सरकार के आदेश के बाद शिक्षकों के अधिकारों की अनदेखी हो रही है। यादव ने कार्य की कठिनाई और समय सीमा के दबाव ने बीएलओ के सामने उनके जीवन का संकट में डाल दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार मतदाता सूची को ठीक करने का काम सबसे कठिन हो गया है जिससे बीएलओ का जीवन संकट में है। यादव ने कहा कि निगम स्कूलों के शिक्षकों पर बीएलओ के तहत एसआईआर से जुड़े कार्य के अतिरिक्त कार्यभार संभालने से शिक्षकों में सुविधाएं व छुट्टी के दिनों के बदले अर्जित अवकाश दिए जाने की मांग कर रहे है। जिसके लिए शिक्षक संघ भी असंतुष्टता से सरकार के तानाशाही फरमान को विरोध कर रहे है। उन्होंने कहा कि एसआईआर से जुड़े शिक्षकों का कहना है कि कि हम हमेशा अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाते है और अवकाश के दिनों में काम लेकर छुट्टी न देना सेन्ट्रल सिविल सर्विसेज नियमों का उलंघन है।

## 'बदलाव का सबसे बड़ा उपकरण है शिक्षा'

### 'कॉफी विद वाइस-चांसलर' में डीयू कुलपति ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

समय और जरूरत के अनुसार परिवर्तन जरूरी है, और शिक्षा बदलाव का सबसे बड़ा उपकरण है। देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए इनोवेशन, रिसर्च और बिजनेस डेवलपमेंट पर काम होना चाहिए। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने गुरुवार को "कॉफी विद वाइस-चांसलर" के दूसरे अध्याय में हंसराज कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ संवाद के दौरान विद्यार्थियों के प्रश्नों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने कुलपति से डीयू की व्यवस्था एवं उनके निजी जीवन को लेकर भी प्रश्न किए, जिनका कुलपति ने खुलकर उत्तर दिया। वाइस रीगल लॉज के



काउंसिल रूम में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन डीयू दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी ने किया।

#### एआई को अपने ऊपर न होने दे हावी : कुलपति

एक विद्यार्थी द्वारा कुलपति से जब एआई को लेकर प्रश्न किया गया कि अगर आप आज के समय में विद्यार्थी होते तो क्या अपने असाइनमेंट्स के लिए चैट जीपीटी को कैसे प्रयोग करते? कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने उत्तर देते हुए कहा कि मैं आज भी चैट जीपीटी को दे खता हूँ, लेकिन मात्र विषय की पृष्ठभूमि देखने के लिए। आप असाइनमेंट्स के लिए केवल एआई पर ही निर्भर न रहें, इसे सहायक की तरह इस्तेमाल करें और अपने ऊपर हावी न होने दें। डाटा और सूचना व जानकारी के लिए यह अच्छा है, लेकिन अपनी रीडिंग, राइटिंग और स्पीकिंग की स्किल्स के साथ समझौता न करें।

प्रो. योगेश सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि आपकी पीढ़ी पहली वह भाग्यशाली पीढ़ी है, जो विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए सीधे तौर पर जुड़ी है। आपकी पीढ़ी की जिम्मेदारियां भी बहुत अधिक हैं और अपेक्षाएं भी बहुत अधिक हैं।

## जहां झुग्गी वहीं मकान के लाभार्थियों से मिलने स्वाभिमान अपार्टमेंट्स पहुंचे एलजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत वर्ष जहां झुग्गी वहीं मकान परियोजना के तहत राजधानी में जेलर वाला बाग, अशोक विहार में लोगों को फ्लैट दिए थे। उन्हें लाभार्थियों से मिलने के लिए एलजी तरनजीत सिंह संधू गुरुवार को स्वाभिमान अपार्टमेंट्स पहुंचे। इस अवसर पर एलजी के साथ डीडीए के उपाध्यक्ष एस सरवन कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

इस अवसर पर एलजी ने स्वाभिमान अपार्टमेंट्स के फ्लैट में रहने वाले लोगों से खुलकर मुलाकात की। एलजी संधू कई फ्लैट के अंदर भी गए और गृहणियों से जहां झुग्गी वहीं मकान



परियोजना के तहत मिले घर के बारे में चर्चा की। एलजी के अनुसार स्वाभिमान अपार्टमेंट्स के निवासियों ने बेहद खुशी जाहिर की और झुग्गी से अपना पक्का घर मिलने के लिए पीएम मी का धन्यवाद भी किया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा प्रमुख प्रोजेक्ट है जो प्रधानमंत्री मादी के जहाँ झुग्गी, वहीं मकान के विज़न को साकार करता है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व अधिकारों के साथ बने ये आधुनिक, पक्के और बहुमंज़िला घर समाज के सबसे वंचित वर्गों के लिए आज गरिमा, सुरक्षा और गौरव सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। यह सचमुच एक ऐतिहासिक पहल है, जिसे पूरे देश में दोहराया जा सकता है। एलजी ने कहा कि नागरिक-केंद्रित शासन की भावना के अनुरूप, मैंने यहाँ के निवासियों से बातचीत की, जिन्होंने इन घरों के लिए प्रधानमंत्री के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। एलजी के अनुसार यहां रहने वालों ने कुछ चिंताएँ भी उठाईं। जिनमें जैसे कि घरों में सीलन की समस्या, कूड़े के प्रबंधन में कमी, कुछ टावरों में लिफ्ट का ठीक से काम नहीं करना, और शरारती तत्वों के कारण होने वाली परेशानियाँ आदि शामिल है।

### उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार होंगे दिल्ली के युवा

# दिल्ली सरकार के चार आईटीआई में हाई-टेक लैब्स की शुरुआत जल्द : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के चार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए नई अत्याधुनिक लैब्स स्थापित की जाएगी और मौजूदा लैब्स को आधुनिक बनाया जाएगा ताकि प्रशिक्षण पूरी तरह वर्तमान उद्योग मानकों और जरूरतों के अनुरूप हो सके। इस बात की घोषणा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की। मुख्यमंत्री ने बताया कि आईटीआई जहांगीर पुरी में पावर इलेक्ट्रॉनिक्स लैब स्थापित की जाएगी। यह लैब पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगी। लैब में पीएलसी किट, वीएफडी ट्रेनर, ट्रांसफॉर्मर ट्रेनर, मोटर कंट्रोल पैनल, रिले एवं प्रोटेक्शन सिस्टम, सोलर पीवी ट्रेनिंग किट और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। इससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक इलेक्ट्रिकल और पावर इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स के संचालन, खराबी की पहचान और रखरखाव का व्यापक व्यावहारिक अनुभव मिलेगा। यह पहल संस्थान को पावर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक आधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बदलने के साथ-साथ प्रशिक्षण को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनाएगी और प्रशिक्षुओं की तकनीकी दक्षता व रोजगार क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएगी। इस लैब से इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, मैकेनिक ऑटो इलेक्ट्रिकल ऐंड इलेक्ट्रॉनिक्स (एमएईई), सोलर टेक्नीशियन, फिटर, मैकेनिक रेफ्रीजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग (एमआरएसी) और मैकेनिक मोटर व्हीकल (एमएमवी) ट्रेड के प्रशिक्षुओं को लाभ मिलेगा। इन ट्रेड्स में कुल 480 स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग दी जा सकेगी।

मुख्यमंत्री के अनुसार इसी कड़ी में आईटीआई जेल रोड (हरि नगर) में वेल्डर लैब का व्यापक आधुनिकीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस लैब में उन्नत वेल्डिंग मशीनें, सिमुलेशन



आधारित प्रशिक्षण सुविधाएं और आधुनिक फैब्रिकेशन टूल्स स्थापित किए जाएंगे, जिससे प्रशिक्षुओं को आधुनिक औद्योगिक वेल्डिंग प्रक्रियाओं का व्यावहारिक अनुभव मिल सके। अपग्रेडेड लैब में आर्क वेल्डिंग (पारंपरिक विद्युत वेल्डिंग), एमआईजी/टीआईजी वेल्डिंग (गैस आधारित उच्च गुणवत्ता वेल्डिंग), गैस कटिंग, प्लाज्मा कटिंग, वेल्डिंग सिमुलेटर और मेटल फैब्रिकेशन वर्कस्टेशन जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे प्रशिक्षुओं में सटीकता, सुरक्षा जागरूकता और औद्योगिक वेल्डिंग व फैब्रिकेशन तकनीकों में दक्षता विकसित होगी।

## 29 अप्रैल को होगा दिल्ली के महापौर-उपमहापौर का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में महापौर और उप-महापौर के पदों के लिए चुनाव 29 अप्रैल 2026 को आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में निगम सचिव कार्यालय द्वारा आधिकारिक सूचना जारी कर दी गई है। चुनाव निगम मुख्यालय, सिविक सेंटर में आयोजित होने वाली निगम की साधारण अप्रैल सभा के दौरान संपन्न होंगे। जारी सूचना के अनुसार, यह चुनाव निगम के पांचवें वर्ष में हो रहा है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन नियमानुसार प्रत्येक वर्ष अपने सदस्यों में से महापौर और उप-महापौर का चुनाव करता है। चुनाव प्रक्रिया के तहत इच्छुक प्रत्याशियों के लिए संबंधित प्रक्रिया के तहत नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल 2026, शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। यह प्रक्रिया निगम सचिव कार्यालय में कार्य दिवसों में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक पूरी की जा सकेगी। निगम सचिव ने स्पष्ट किया है कि चुनाव प्रक्रिया दिल्ली नगर निगम के संबंधित नियमों के अनुसार संपन्न होगी। साथ ही, कोई भी प्रत्याशी चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले किसी भी समय अपना नाम वापस ले सकता है। वहीं, बता दें कि महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार का चुनाव ऐसे समय में हो रहा है जब निगम का कार्यकाल अपने अंतिम वर्ष में है, जिससे राजनीतिक हलकों में हलचल तेज होने की संभावना है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि महापौर और उप-महापौर के पदों पर किसे जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### वर्कशॉप पर छापेमारी एक धराया



**फरीदाबाद।** एवीटीएस-2 की टीम ने थाना डबुआ क्षेत्र के गांव नवादा में रेड कर इम्पैक्टिव ब्रांड सॉल्यूशंस एलएलपी कंपनी के प्रोडक्ट हार्पिक की नकली कॉपी वाली एक वर्कशॉप का भंडा फोडक़र एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने आगे बताया कि टीम ने 15 अप्रैल को शिकायत पर कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और मौका पर सुरजीत सिंह निवासी गांव गोती, जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश हाल त्यागी मार्केट डबुआ कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। वर्कशॉप से कंपनी के प्रोडक्ट हार्पिक की 500 एमएल की 816 भरी बोतल, 250 खाली बोतल, 316 लेबल, स्टीकर 40 लीटर कच्चे माल से भरा केन, नकली उत्पाद बनाने में प्रयुक्त मशीन, गत्ता पेटियां व अन्य उपकरण बरामद किये हैं।

### अवैध नशा बेचने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एवीटीएस-2 भुपानी व अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने अवैध नशा बेचने के अलग-अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एवीटीएस-2 भुपानी की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए आदिल वासी पिपल जिला रामपुर उप्र हाल बसेलवा कॉलोनी फरीदाबाद को 1.150 किलोग्राम गांजा सहित मुकुट गार्डन खेडीपुल एरिया से गिरफ्तार किया है। उसने बताया कि वह मुरादाबाद से अवैध नशा लेकर आया था। वहीं अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने खुवीचन्द वासी गांव दीघोट जिला पलवल को 410 ग्राम गांजा सहित सेक्टर-12 एरिया से काबू किया है। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों मे एनडीपीएस की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। आदिल को 1 दिन पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

## पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा के संयोजन में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में जुटी शहर की महिला शक्ति

# सीमा त्रिखा ने कहा-सामाजिक बदलाव में बड़ी भूमिका निभाएगा 33 प्रतिशत महिला आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा के संयोजन में बृहस्पतिवार को सेक्टर-12 स्थित हुडा कन्वेंशन हाल में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। महिलाओं के इस बड़े सम्मेलन में शिक्षा, चिकित्सा, सामाजिक सेवा, राजनीति और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिष्ठित महिलाओं के साथ समाज के सभी वर्गों की महिलाएं भारी संख्या में उपस्थिति रहीं। इस मौके पर नगर निगम की मेयर प्रवीण बत्रा जोशी भी मुख्य रूप से मौजूद रहीं। सम्मेलन में महिलाओं का जोश देखते ही बनता था तथा उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में जमकर जयघोष किया, जो नजारा देखने लायक था।



हरियाणा की पूर्व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि यह आरक्षण किसी एक राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि देश की हर महिला के लिए है। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज में संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे एक गाड़ी दो पहियों के संतुलन से चलती है, उसी प्रकार समाज का विकास भी महिला और पुरुष दोनों के समान योगदान से संभव है। भारतीय संस्कृति और इतिहास का उल्लेख करते हुए त्रिखा ने बताया कि भारत सदैव से नारी सम्मान की भूमि रहा है। रामायण और अन्य पौराणिक कथाओं का संदर्भ देते हुए उन्होंने सीता, शबरी और अहिल्या जैसे चरित्रों का उल्लेख किया, जो नारी शक्ति और त्याग के प्रतीक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्राचीन भारत में स्वयंवर जैसी परंपराएं महिलाओं को निर्णय लेने का अधिकार देती थीं, जो उस समय की प्रगतिशील सोच को दर्शाता है। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की माता जीजाबाई का उदाहरण देते हुए बताया कि एक मां अपने संस्कारों से समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। भारतीय संस्कृति में नवरात्रि जैसे पर्व महिलाओं को शक्ति के रूप में पूजने की परंपरा को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि यह सांस्कृतिक विरासत आज भी हमें महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की प्रेरणा देती है। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

## विकास कार्यों में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

# पार्षदों के वार्ड में दो-दो करोड़ रुपए के विकास कार्य का एस्टीमेट जल्द से जल्द करें तैयार : मूलचंद शर्मा

### शहर में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों पर सख्त कार्यवाही करें नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं.मूलचंद शर्मा ने आज बल्लभगढ़ सचिवालय में नगर निगम तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

बैठक में बल्लभगढ़ क्षेत्र में नगर निगम द्वारा चल रहे विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा, एसडीएम मयंक भारद्वाज, जॉइंट कमिश्नर करण सिंह भदौरिया सहित नगर निगम और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। एफएमडीए, पीडब्ल्यूडी और बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। यह बैठक बल्लभगढ़ मिनी सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक के दौरान विधायक पं.मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पार्षदों के वार्ड में दो-दो करोड़ रुपए के विकास कार्यों की फाइलें तुरंत तैयार की जाएं ताकि विकास कार्यों को समय पर शुरू किया जा सके। उन्होंने शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि बरसात के मौसम से पहले सीवरेज लाइनों और नालों की समुचित सफाई सुनिश्चित की जाए, जिससे आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शहर के अंदर जहां-जहां अवैध कब्जे हैं, उन जमीनों को चिन्हित कर वहां विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाए, ताकि शहर का सुनियोजित विकास सुनिश्चित किया जा सके। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

> एस्टीमेट में देरी और चल रहे विकास कार्य के अंदर गुणवत्ता में कमी पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ की जाएगी कार्यवाही.
> धीरेंद्र खड़गटा

### विभिन्न मांगों को लेकर कर्मचारियों ने तीन घंटे काम बंद रखा

**फरीदाबाद।** मजदूरों के न्यूनतम वेतन बढ़ोतरी के आंदोलन, अग्निशमन विभाग की हड़ताल और अपनी मांगों के प्रति सरकार व विभाग की वादाखिलाफी के खिलाफ बृहस्पतिवार को नगर निगम के 3 हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने 3 घंटे काम बंद कर निगम मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में मजदूरों के न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी करने और घोषित न्यूनतम वेतन लागू करना सुनिश्चित करने, अग्निशमन विभाग के 16 फरवरी को शहीद हुए भवीचंद शर्मा व रणबीर सिंह को शहीद का दर्जा, आश्रितों को एक-एक करोड़ रुपए आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। प्रदर्शन के बाद पालिका कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन निगम आयुक्त को सौंपा गया। जिसमें मांगों का समाधान न होने पर 1 व 2 मई को राज्यव्यापी हड़ताल करने की चेतावनी दी गई।

## विद्यालय का औसत परिणाम 79.3 प्रतिशत रहा

# सीबीएसई कक्षा-10 परिणाम में रोटरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन


नमन बंथिया


तरुण सिंह


ओम प्रकाश बाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सीबीएसई कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 के घोषित परिणामों में सेक्टर-22 स्थित रोटरी पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता दर्ज कर शहर के शैक्षणिक स्तर को नई ऊंचाई दी है। स्कूल का शत-प्रतिशत परिणाम आया है। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं में तरुण सिंह ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नमन बंथिया ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा ओम प्रकाश बाल ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रोटरी पब्लिक स्कूल के कुल 145 विद्यार्थियों ने इस वर्ष परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया तथा सभी 145 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा एक भी विद्यार्थी अनुत्तीर्ण नहीं हुआ। वहीं विद्यालय के कुल 94 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन प्राप्त की, जबकि 136 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित की। विद्यालय का औसत परिणाम 79.3 प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रमाण है। यही नहीं विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी सराहनीय रही।

अंग्रेज़ी में 44, हिंदी में 20, गणित में 31, विज्ञान में 9, सामाजिक विज्ञान में 30, आई.टी. में 57 तथा फूड प्रोडक्शन में 25 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया गया।

# हड़ताली फायर कर्मचारियों को जिला कांग्रेस ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विगत 16 फरवरी को सैक्टर-24 स्थित कालका जी इंडस्ट्रीज में आग बुझाते समय शहीद हुए फायर बिग्रेड कर्मचारियों को शहीद का दर्जा देने, मुआवजे में एक करोड़ रुपए व सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर विगत 8 अप्रैल से हड़ताल पर बैठे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को आज उस समय और बल मिल गया जब जिला कांग्रेस कमेटी



फरीदाबाद के अध्यक्ष बलजीत कौशिक व उनकी टीम ने नेहरू ग्राउण्ड स्थित दमकल केन्द्र में जाकर हड़ताली कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। इस मौके पर हड़ताल पर बैठे राकेश शर्मा, ब्रजमोहन, विजयपाल भड़ाना व मेघश्याम सहित अन्य कर्मचारियों ने अपनी मांगों पर पत्र जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक को सौंपा। इस मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदि।

## पीड़ितों को 5-5 हजार की आर्थिक सहायता

# कनावनी झुग्गी बस्ती में भीषण आग, सिलेंडर फटे, पूरा इलाका दहला कई घंटों की मशक्कत के बाद अग्निशमन ने पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित कनवानी गांव में गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पांच सौ से अधिक से अधिक झुग्गियों को अपने चपेट में ले लिया। जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने पर झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलिंडर एक-एक करके फटने लगे। इन धमाकों की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल उठा और लोगों में दहशत फैल गई।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और दमकल विभाग की कई टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई। प्रशासन का कहना है कि इस भीषण अग्निकांड कोई जन हानि नहीं नही



हैं। आग लगने की घटना के उपरांत हुए नुकसान तथा प्रभावित परिवारों की सहायता, सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जनपद प्रशासन द्वारा निरंतर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी रविन्द्र1 कुमार मन्देड़ व पुलिस उपायुक्त धवल जायसवाल ने घटनास्थल का दौरा किया। जिलाधिकारी ने बताया कि लगभग 1000 व्यक्तियों के लिए भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

प्रभावित क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा नियमित गश्त जारी रहेगी। इसके साथ ही पुलिस बल के साथ-साथ एक प्लाटून पीएसी की भी तैनाती की गई है। नगर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति के लिए 07 टैंकर उपलब्ध कराए गए हैं तथा शिविर स्थल पर मोबाइल शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं भी स्थापित की गई हैं। दुर्घटना में हुए नुकसान हेतु प्रत्येक प्रभावित परिवार को 5,000 रुपए (घरेलू सामान हेतु) की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान की जाएगी।

## 15 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया

# विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल का 10वीं कक्षा का परिणाम शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ स्थित विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-2 ने इस वर्ष 10वीं कक्षा के बोर्ड परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। स्कूल का कुल परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत का प्रतीक है। इस वर्ष कुल 15 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल के होनहार छात्र हर्ष गर्ग ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर


HARSH GARG DEVESH KUMAR SINGH BHOMIK GOYAL

प्रथम स्थान हासिल किया और स्कूल टॉपर बना। इस शानदार उपलब्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि अभिभावकों को भी गौरवान्वित किया है। विशेष रूप से छात्र भौमिक गोयल ने सूचना प्रौद्योगिकी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उनकी इस उपलब्धि की सभी ने सराहना की। विद्यालय चेयरमैन धर्मपाल यादव ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की लगन शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया। स्कूल की प्राचार्य श्वेता नाग ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल अच्छे अंक लाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कारों और नैतिक मूल्यों के साथ एक सफल नागरिक बनाना भी है।

### हत्या के मामले में पुलिस ने दसवें आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** बीते एक नवंबर 2025 को थाना सूरजकुंड में दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने 10वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान जाहिर निवासी बड़खल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार बड़खल निवासी इरफान ने पुलिस चौकी अनखीर में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 31 अक्टूबर 2025 को उसके चाचा के लडक़े मोसिम के साथ तौफिक ने मारपीट की थी। इसी दौरान तौफिक के परिवार से मुबीन, वाहिद, हनीफ, खालिद आदि।

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

सं. 128-W/280/e Tender Notice/NIT-06-26-27-W-II दिनांक: 15.04.2026

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-06 | **कार्य का नाम** :– वरिष्ठ मंडल अभियंता-II के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता शामली के कार्य क्षेत्र में 1. DSA-SMQL-TPZ खंड में अतिक्रमण की रोकथाम के लिए KPKI, SMQL, HIND और THBN पर 4 किमी की प्रिकास्ट आरसीसी चारदीवारी का निर्माण और 2. DSA-SMQL-TPZ खंड में अतिक्रमण की रोकथाम के लिए NO, BHHZ, KEX और BPM पर 4 किमी की प्रिकास्ट आरसीसी चारदीवारी का निर्माण आदि कार्यों का प्रावधान। कार्य की अनुमानित लागत (रुपये): 90186321.02 बयानाराशि (रुपये):– 1803700.00 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 12.05.2026 को 15:00 बजे |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

1256/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नकली सोने के सिक्के देकर 2.49 करोड़ नगदी व 50 तोला सोना की ठगी

## सोने के सिक्के कम रेट पर बेचने का प्रलोभन देकर सोना ठगने वाले गिरोह का हुआ भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

बॉलीवुड अभिनेता आदित्य पंचोली व सलीम ख़ान का पीए भी हुए ठगी के शिकार

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच ने सस्ते दाम पर सोने के सिक्के बेचने का लालच देकर ठगी करने वाले अंतरराजीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने गुरुग्राम में एक व्यक्ति को नकली सोने के सिक्के देकर 2.49 करोड़ रुपए व 50 तोला सोना की ठगी कर ली थी। यहीं नहीं बॉलीवुड अभिनेता आदित्य पंचोली व सलमान खान के पिता सलीम ख़ान के पीए भी इस गिरोह की ठगी के शिकार हुए थे।

पुलिस ने आरोपियों से 2.30 करोड़ की नगदी व 678 ग्राम सोना बरामद किया है। दरअसल, सुशांतलोक थाना पुलिस में एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि 13 फरवरी को एक व्यक्ति ने उसे सस्ते दाम में सोने व चांदी



के सिक्के बेचने का लालच दिया। उसने कुछ सोने व चांदी के सिक्के दिए, जिसको उसने ज्वेलर्स की दुकान पर चेक करवाया तो सोने व चांदी के सिक्के असली मिले। उसके बाद उस व्यक्ति ने एक बार फिर उसको और सिक्के दिए, वह भी असली थे। जिससे इसको उस व्यक्ति पर भरोसा हो गया। इसके बाद आरोपी ने अधिक मात्रा में सोने के सिक्के बेचने का झांसा देकर दो मार्च को उसके घर सुशांत लोक से लगभग 2.49 करोड़ रुपए नकद जो इसने ब्याज पर लिए थे व करीब 50 तोला सोना ले लिया।

शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा, डीसीपी क्राइम हितेश यादव के निर्देशन में सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच के प्रभारी इंस्पेक्टर किनरेंद्र शर्मा की टीम ने अंतरराजीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गुजरात व गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान गुजरात के वडोदरा निवासी सोलंकी प्रभुभाई गुलशनभाई उर्फ कल्पेश उर्फ रवि, मनीष कमलेश शाह, ईश्वर मारवाड़ी व दिल्ली के नांगलोई निवासी पंकज शर्मा के रूप में हुई। प्रलोभन देकर बनाते लोगों को शिकारःठगी करने वाली गैंग का सरगना प्रभु भाई है। इस गैंग के ज्यादातर सदस्य अनपढ़ है जो गरीब मजदूर का भेष बना कर घूमते और अपने साथ में 5-6 असली सोने चांदी के सिक्के रखते। जिनको धनी लोगों को दिखाते और कहते हैं कि ये जमीन की खुदाई में मिले है। हम गरीब मजदूर लोग है। अगर हम चेक कराने जाएंगे तो पुलिस हमें पकड़ लेगी। चेक कराने पर सिक्के सोने के मिलते और 25 से 30 लाख रुपये किलो के भाव में सौदा तय करते। जिससे इतना मुनाफा होता देख लोगों के मन में लालच पैदा हो जाता।

### अहाता के मैनेजर की पीट पीटकर हत्या के मामले के दो आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** सैक्टर-3 में आहाते के मैनेजर की पीट-पीट कर की गई हत्या के मामले में क्राईम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सुमित निवासी नंगला राम सिंह जनपद औरैया उत्तर प्रदेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई आदेश कुमार सेक्टर-3 फरीदाबाद स्थित शराब ठेका हाउस ऑफ लिकर के साथ बने अहाता में मैनेजर के तौर पर काम करता था। 15 अप्रैल की रात करीब 12 बजे वह अपने भाई के पास गया था। उसने देखा कि दो व्यक्ति उसके भाई के साथ गाली-गलौच कर रहे थे। कुछ देर बाद 10-12 लोग लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचे और आते ही उसके भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ब्रिज नन्दन पुत्रः कालू राम पताः मकान नं. ए7/22, सी ब्लॉक–ए, फेज–V, आया नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 381/2025 U/s 16/17/18 Bond L Act & 3/14 CL Act, थानाः फतेहपुर बेरी, दिल्ली**के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ब्रिज नन्दन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ब्रिज नन्दन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 381/2025 U/s 16/17/18 Bond L Act & 3/14 CL Act, थानाः फतेहपुर बेरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ब्रिज नन्दन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 25.05.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री आशिष कुमार मीना**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–01**
**दक्षिण जिला, रूम नं. 214**
**साकेत कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4993/SD/2026 (Court Matter)**

## खबर संक्षेप

### आज से शुरू हो रहा जनगणना का पहला चरण



**पटना।** बिहार में भारत की जनगणना 2027 के पहले चरण की शुरुआत 17 अप्रैल से होने जा रही है। पहले चरण में प्रथम 15 दिन स्व-गणना की जाएगी। इस दौरान राज्य के निवासी खुद जनगणना के लिए बनाए गए आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपने परिवार और आवास से संबंधित जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना के दौरान नागरिकों को पोर्टल पर उपलब्ध 33 सवालों का जवाब देना होगा।

### एमएलसी की दूसरी सीट पर उपचुनाव की घोषणा



**पटना।** बिहार विधान परिषद की एक और सीट पर उपचुनाव की घोषणा हो गई है। विधानसभा कोटे की एक सीट के लिए 12 मई को मतदान होगा। यह सीट पूर्व मंत्री मंगल पांडेय के विधायक निर्वाचित होने के कारण खाली हुई थी। मंगल पांडेय का कार्यकाल 6 मई 2030 तक था। अब इस पर उपचुनाव कराया जाएगा। उपचुनाव में जो जीतकर इस सीट से जो एमएलसी बनेंगे, वह 4 साल तक इस पद पर रहेंगे।

### फैज बने सोनू चौहान,मंदिर में अपनाया सनातन धर्म



**शाहजहांपुर।** जिले के कालीबाड़ी मंदिर में बृहस्पतिवार को फैज नाम के युवक ने धर्म परिवर्तन कर सनातन धर्म अपना लिया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना और शुद्धिकरण के बाद उन्हें सोनू चौहान नाम दिया गया। सोनू ने बताया कि यह घर वापसी उन्होंने अपनी व्यक्तिगत श्रद्धा और अंतरात्मा की आवाज पर की है।सोनू चौहान ने मां काली की मूर्ति के सामने माथा टेककर आशीर्वाद लिया।

---

**श्रद्धालुओं को तपोवन जैसा अनुभव मिलेगा**

# राम मंदिर परिसर में 10 एकड़ में पंचवटी का निर्माण पूरा

राम मंदिर परिसर में 10 एकड़ में पंचवटी का निर्माण करीब पूरा हो गया है। यहां वनवास युग का साक्षात्कार होगा। श्रद्धालुओं को राम-सीता-लक्ष्मण के तपोवन जैसा अनुभव मिलेगा।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव से जोड़ने के लिए 10 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही भव्य पंचवटी का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। यह विशेष उद्यान भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास काल की स्मृतियों को जीवंत करेगा। परिसर में प्रवेश करने वाले श्रद्धालु यहां प्रकृति, संस्कृति और आस्था का अनूठा संगम देख सकेंगे।

पंचवटी का निर्माण इस प्रकार किया गया है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को वनवास काल का वातावरण महसूस हो। हरियाली से आच्छादित इस क्षेत्र में पारंपरिक शैली के वृक्ष, प्राकृतिक पगडंडियां, विश्राम स्थल और शांत वातावरण तैयार किया गया है। उद्यान में विशेष रूप से धार्मिक व औषधीय महत्व वाले वृक्ष लगाए गए हैं, जिनका उल्लेख रामायण और भारतीय परंपरा में मिलता है।



### बैठने की व्यवस्था, सुगम मार्ग और सौंदर्यकरण भी किया गया

परिसर में विकसित की गई हरियाली, वृक्षों की कतारें और प्राकृतिक संरचना इस स्थल को विशेष आकर्षण प्रदान कर ही हैं। पंचवटी के आसपास बैठने की व्यवस्था, सुगम मार्ग और सुंदरीकरण कार्य भी किया गया है, ताकि दर्शनार्थियों को सुविधा मिल सके। जीएमआर कंपनी की ओर से पंचवटी को विकसित किया गया है। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि पंचवटी केवल उद्यान नहीं बल्कि, रामायण युग की जीवनशैली, प्रकृति प्रेम और भारतीय संस्कृति का जीवंत प्रतीक होगा। यहां औषधीय महत्व के पांच प्रकार के वृक्ष लगाए गए हैं। पंचवटी से सटे कुबेर नवरत्न टीला के पास भी वनक्षेत्र विकसित किया गया है। ऐसे में यहां आने वाले श्रद्धालुओं को पंचवटी व कुबेर टीला दोनों की भव्यता आकर्षित करेगी। यहां श्रद्धालु दर्शन के साथ अध्यात्म और प्रकृति का दुर्लभ अनुभव प्राप्त करेंगे।

### अंतिम चरण में पहुंचा जलाशय का निर्माण

पंचवटी की सबसे बड़ी खासियत यहां बन रहा जलाशय है। इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस माह के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। यह जलाशय न केवल सौंदर्य बढ़ाएगा, बल्कि पक्षियों, वन्य जीवों और प्राकृतिक पारिस्थितिकी के संरक्षण में भी सहायक होगा। श्रद्धालुओं के लिए यह स्थान ध्यान, शांति और प्रकृति के बीच आत्मिक अनुभूति का केंद्र बनेगा। यह पिकनिक स्पॉट नहीं होगा, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए साधना व ध्यान का केंद्र बनेगा।

---

**गोरखपुर में आधुनिक सुरक्षा भवनों का उद्घाटन के बाद बोले सीएम योगी**

# 9 साल पहले पुलिस विभाग में आधे पद खाली थे, हमारी सरकार ने 2.19 लाख भर्तियां की

गोरखपुर में एक कार्यक्रम में सीएम योगी ने पुलिस महकमे में 2017 के बाद आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि 9 साल पहले जब उनकी सरकार आई तो उस समय पुलिस बल में आधे से अधिक पद खाली थे। उन्होंने बताया कि बीते 9 वर्ष में 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है।

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद पुलिस विभाग में समय पर भर्ती, समय पर ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं के विकास से पुलिसकर्मियों के कार्य की गति बढ़ी है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में सुरक्षा का बेहतर माहौल बना, और सुशासन का मॉडल खड़ा हुआ। सीएम योगी गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बने दो आधुनिक सुरक्षा भवनों के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इन भवनों में मंदिर सुरक्षा से जुड़े अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, कंट्रोल रूम, पुलिस स्टोर रूम और मेंटिनेंस वर्कशाप बनाए गए हैं।



### सुशासन की पहली शर्त है सुरक्षा

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा, सुशासन की पहली शर्त होती है। हर व्यक्ति को सुरक्षा चाहिए। इसके लिए सरकार के स्तर पर प्रयास किए जाते हैं। पर, हम उसका एक ही पक्ष देख पाते थे। पुलिस का सामान्य सिपाही हो या सब इंस्पेक्टर व डिप्टी एसपी, यदि उसकी ट्रेनिंग नहीं है तो वह भी एक कॉमन मैन (सामान्य व्यक्ति) ही होगा। सीएम योगी ने कहा कि पहले भर्ती, ट्रेनिंग और अवस्थापना सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जाता था। इसका परिणाम यह होता था कि बहुत से नौजवान पुलिस भर्ती में नहीं आना चाहते थे।

### पुलिस को 200 गुना सुविधाओं से संपन्न किया गया

मुख्यमंत्री ने पुलिस महकमे में वर्ष 2017 के बाद आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि 9 साल पहले जब उनकी सरकार आई तो उस समय पुलिस बल में आधे से अधिक पद खाली थे। उन्होंने बताया कि बीते 9 वर्ष में 2 लाख 19 हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है। उन्होंने बताया कि 2017 के पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता एक समय मे 3 हजार से अधिक नहीं थी।

### पहले नहीं थी पुलिसकर्मियों के लिए अच्छी आवासीय सुविधा

सीएम ने कहा कि पहले थाना हो, चौकी हो, पुलिस लाइन हो या पीएसी वाहिनी हो, कहीं पर पुलिसकर्मियों के लिए अच्छी आवासीय सुविधा व अच्छे बैरक नहीं थे। पुलिसकर्मी किराए पर रहकर जैसे-तैसे जीवन व्यतीत करता था। कई बार शिकायत आती थी कि पुलिस वाले ने घर पर कब्जा कर लिया है। पता चलता था कि उसके बच्चे की परीक्षा है और मकान मालिक उससे घर खाली करने को कह देता। इस पर वह झल्ला कर कहता, घर नहीं खाली करेंगे। सीएम ने कहा कि यह सामान्य शिकायत आती थी। आज ये सारी शिकायतें समाप्त हो गई हैं क्योंकि सरकार ने हर पुलिस लाइन में आवासीय सुविधा दी है, बैरक बनवाए गए हैं।

---

**सीएम ने पटना साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेका, बोले-**

# मोदी, नीतीश के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे





एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरवार को पटना साहिब स्थित गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होंने तख्त श्री हरिमंदिर जी में मत्था टेक कर हाजिरी लगाई और बिहार की बेहतरी और समृद्धि के मन्नत मांगी। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी से प्रेरणा लेकर बिहार और देश को समृद्ध बनाने के लिए कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को पटना साहिब गुरुद्वारा का दौरा किया, जो सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह से जुड़ा पवित्र स्थल है। उन्होंने कहा कि मैं गुरु गोबिंद सिंह जी से प्रेरित हूं। मैं प्रार्थना करता हूं कि उनका आशीर्वाद बिहार के लोगों पर बना रहे और राज्य के साथ-साथ देश भी समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़े। गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने मुख्यमंत्री का सिरोपा देकर स्वागत किया। इस दौरान प्रबंधन कमेटी के सदस्यों ने उन्हें पटना सिटी स्थित गुरुद्वारे के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री सचिवालय में बैठक की

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वह नीतीश कुमार द्वारा लंबे समय तक किए गए कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि गुरुजी महाराज की कृपा अपने प्रदेश पर बनी रहे। बिहार समृद्ध हो और बिहार के निवासी खुशहाल रहें। इससे पहले दिन में चौधरी ने अपने उपमुख्यमंत्रियों विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव, राज्य के मुख्य सचिव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री सचिवालय में बैठक की।

---

## पेज एक का शेष

### अब युद्ध के ...

किया है। हम वार्ताओं में पूरी तरह से जुड़े हुए हैं। आपने इस हफ्ते उपराष्ट्रपति (जेडी वेंस) और राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) से सुना है कि यह बातचीत परिणाम दे रही है और जारी है और अभी हम उसी स्थिति में हैं। हमें समझौता होने की उम्मीद नजर आ रही है। जब उनसे पूछा गया कि अगली शांति वार्ता कहां होगी, तो लेविट ने कहा, बहुत संभव है कि अगली बैठक वहीं होगी जहां पिछली बार हुई थी। पाकिस्तान इस बातचीत में एकमात्र मध्यस्थ है, जबकि दुनिया के कई देश मदद की पेशकश कर रहे हैं। राष्ट्रपति का मानना है कि इस संवाद को पाकिस्तान के माध्यम से ही आगे बढ़ाना अहम है और इसलिए यह प्रक्रिया जारी है।

### ईरान के पास...

शुरू कर सकती हैं। हेगसेथ ने यह भी कहा कि अमेरिकी सेना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश का इंतजार कर रही है और निर्देश मिलते ही कार्रवाई शुरू की जा सकती है। हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिका ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखेगा। उन्होंने साफ किया कि यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिका अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल नहीं कर लेता। अमेरिकी जनरल डैन केन ने बताया कि अब तक 13 जहाज नाकाबंदी के चलते लौट चुके हैं। इनमें ज्यादातर जहाज नाकाबंदी सीमा के अंदर पहुंचकर लौटे, जबकि एक पहले ही रास्ता बदल गया।

### अब भारत रूस से...

करने की आवश्यकता पर भी सहमत हो गए हैं। मैं और राष्ट्रपति मैक्रों क्षेत्र तथा उसके बाहर शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए अपने घनिष्ठ सहयोग को बनाए रखेंगे। यहां बता दें कि फ्रांस से पहले मामले को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ फोन पर करीब 40 मिनट तक बातचीत की थी।

**रूसी तेल की खरीद नहीं कर पाएगा भारत :** उधर, अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बीते बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अमेरिका ईरान और रूस के तेल पर दी जा रही छूट की अवधि अब और आगे नहीं बढ़ाएगा। हम दोनों देशों के इस विषय से जुड़े हुए सामान्य लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं करेंगे। बताते चलें कि अमेरिका की तरफ से रूसी तेल खरीद पर भारत को 12 मार्च को लगभग एक महीने की छूट प्रदान की गई थी। जिसकी समय सीमा 11 अप्रैल को समाप्त हो गई है। जबकि ईरान के संबंध में यह छूट 19 अप्रैल को समाप्त होने जा रही है। अमेरिका के इन प्रतिबंधों के बावजूद सबसे ज्यादा फायदा भारत को हुआ था। क्योंकि वह होर्मुज जलडमरूमध्य में खड़ी हुई बाधाओं के बीच भी रूस से तेल की खरीद कर पा रहा था। जो कि अब संभव नहीं हो सकेगा। छूट का ही नतीजा था कि ईरान का कच्चा तेल ले जाने वाले दो टैंकर भारत पहुंचे थे।

### महिला आरक्षण...

होगा या नहीं। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों ने बताया कि अभी फिलहाल चर्चा और मतदान के लिए उक्त समय का निर्धारण किया गया है। आवश्यकता के मुताबिक जरूरी बदलाव संभव है।

**मेरी गारंटी, कम नहीं होंगी सीटें:** उन्होंने इस मामले में कांग्रेस समेत अन्य विरोधी दलों (खासकर दक्षिण भारत की पार्टियों) के परिसीमन लागू होने के बाद उनकी सीटें कम होने जैसे कई आरोपों को निराधार बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि देश के संविधान ने हमें संसद में बैठकर देश को टुकड़ों में बांटकर नहीं बल्कि एक राष्ट्र के रूप में देखने का अधिकार दिया है। इसलिए सरकार न तो टुकड़ों में सोच सकती है, न ही कोई निर्णय कर सकती है। ऐसे में लगाए जा रहे तमाम आरोप पूरी तरह से गलत हैं। केवल राजनीतिक फायदे के लिए यह राजनीतिक बवंडर खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने सभी को आश्वासन देते हुए कहा कि दक्षिण से लेकर उत्तर, पूर्व और पश्चिम तक किसी भी दल के साथ परिसीमन की इस निर्णय प्रक्रिया से कोई भेदभाव या अन्याय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मैं गारंटी और वादा जैसे शब्दों के साथ यह कहता हूं कि पूर्व की सरकारों में जो परिसीमन हुआ है। अब उस अनुपात में कोई बदलाव या वृद्धि नहीं होगी। केंद्र की नीयत साफ है। इसलिए हमें शब्दों का खेल करने की कोई जरूरत नहीं है।

**नारी शक्ति पर नहीं कोई अहसान :** उन्होंने कहा कि हममें से कोई इस भ्रम या अहंकार में न रहें कि हम देश की नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं। यह उनका अधिकार है। जो हमने कई दशकों से रोका हुआ है। आज हमें अपने उसी पुराने पाप से मुक्ति पाने का अवसर मिला है। सबको पता है कि हर एक ने कैसे-कैसे चालाकी की है? हर बार कोई न कोई तकनीकी पूंछ लगाकर इस अधिनियम को रोका गया है। असल में हमारे पास इसका विरोध करने की हिम्मत नहीं है। करना भी नहीं है, लागू भी नहीं करना है। लेकिन अब देश की नारी को नहीं समझा पाओगे। पहले अलग-अलग तरह की बहानेबाजी के जरिए कई चीजों में उलझाकर तीन दशक तक मामले में अड़ंगा डाला गया। अब छोड़ दो और इसे लागू करो।

**निर्णय संग नियत की बड़ी भूमिका :** देश की महिलाओं की समझदारी पर भरोसा करना चाहिए। उनके सामर्थ्य पर आशंका क्यों है? महिलाओं को आने तो दें। मैं, अति पिछड़ा समाज से आता हूं। संविधान ने मुझे मार्ग दिखाया और उसी की ताकत है कि देश ने मेरे जैसे व्यक्ति को इतना बड़ा दायित्व सौंपा है। जिसके लिए मैं संविधान निर्माताओं का ऋणी हूं। वहीं, आज जीवन के हर क्षेत्र में नारी शक्ति परचम लहराने में पीछे नहीं है। उनका योगदान सराहनीय है। यह इतना बड़ा सामर्थ्य है। जिसे हम रोकना क्यों चाहते हैं? आज पूरा देश विशेषतौर पर नारी शक्ति हमारे निर्णय से ज्यादा हमारी नियत को देखेगी। इसलिए हमारी नियत की खोट देश की नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी। 2023 में संसद के इसी नए सदन में हमने अधिनियम को सर्वसम्मति से स्वीकार किया था। अब सवाल ये है कि हमें कितने समय तक इसे रोकना है?

**तय होगी देश की दशा और दिशा :** उन्होंने कहा कि इस कवायद के जरिए हम शासन को संवेदनशीलता से भरने का एक सार्थक प्रयास करने जा रहे हैं। ऐसे में इस मंथन से जो अमृत निकलेगा। वो देश की राजनीति के रूप-स्वरूप को तय करने के साथ ही उसकी दशा और दिशा भी तय कर देगा। 21 वीं सदी में भारत एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। विश्व में भी आज भारत की स्वीकृति हम महसूस कर रहे हैं। जिसे हमने विकसित भारत संग जोड़ा है। यह केवल उत्तम प्रकार के रेल, सड़क मार्ग या आर्थिक प्रगति के आंकड़ों तक सीमित नहीं है। बल्कि हम चाहते हैं कि नीति निर्धारण में भी सबका साथ सबका विकास का मंत्र शामिल हो। आज हालात पहले जैसे नहीं है। अब महिलाएं पूरी तरह से जागरूक हो चुकी हैं। उनकी मांग है कि हमें घर के झाड़ू कटके से देश की निर्णय प्रक्रिया में भी सम्मिलित किया जाए।

**कई गुना बढ़ चुकी राजनीतिक जागरूकता:** पीएम मोदी ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ आंकड़ों का खेल या व्यवस्थाओं में सुधार तक सीमित नहीं है। पंचायतों में पहले ही महिलाओं को 50% आरक्षण लागू हो चुका है। जो संवेदनशीलता के साथ समस्याओं के बेहतर समाधान को प्रदर्शित करता है। लोकसभा में महिलाओं की आवाज नई शक्ति, सोच बनेगी। साथ ही जब देश की दिशा में संवेदनशीलता जुड़ेगी। तब देश का सामर्थ्य अनेक गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा, भारत में अनुभवी, सामर्थ्यवान महिलाओं की कोई कमी नहीं है। आज 650 से अधिक पंचायतों में 675 से ज्यादा महिलाएं हैं। 900 से ज्यादा नगर निगम की प्रमुख महिलाएं हैं। देश की प्रगति में भी इनका अहम योगदान है। अगर यह अनुभव सदन के साथ जुड़ेगा तो हमारी ताकत कई गुना बढ़ जाएगी। पहले ही एक लंबी प्रतीक्षा ने हम सभी पर सवालिया निशान खड़े किए हैं। पुरानी परंपराओं से बाहर निकलें, सहभागिता सुनिश्चित करें, मिलकर निर्णय होगा। तो हम स्वागत करेंगे। मौजूदा सदन के ढांचे में तो हमने पहले ही जगह बढ़ा ली है यानी सीटें बढ़ा दी हैं।

**तीनों संशोधन विधेयकों से आएगा ये बदलाव**

-संविधान के 131 वें संशोधन विधेयक के जरिए लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों को बढ़ाकर लगभग 850 तक करने का प्रस्ताव है। जिसमें राज्यों की 815 और केंद्रशासित प्रदेशों की 35 सीटें हो सकती हैं।

-परिसीमन संशोधन विधेयक के जरिए जनसंख्या की परिभाषा में बदलाव किया जाएगा। जिससे परिसीमन में वर्ष 2011 की जनगणना को आधार बनाया जा सके

-केंद्रशासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पुडुचेरी और जम्मू-कश्मीर के कानूनों में संशोधन करता है। जिससे तीनों केंद्रशासित प्रदेशों में परिसीमन और महिला आरक्षण लागू किया जा सकेगा।

### महिला आरक्षण के ...

करना चाहती है। विपक्ष के आरोपों का जवाब देने के लिए सत्ता पक्ष से भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या सामने आए और उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम ऐतिहासिक है। विपक्ष का विरोध केवल भ्रम फैलाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि परिसीमन के बाद दक्षिण भारत की सीटें कम नहीं होंगी। बल्कि उनमें बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**मतदान संग पेश किए गए तीनों बिल:** वहीं, इस प्रक्रिया का अहम भाग बनाए गए तीनों संशोधन बिलों (131 वां संविधान संशोधन, परिसीमन, केंद्रशासित प्रदेश कानून संशोधन बिल) को सदन में पेश करने से पहले विपक्ष खासकर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी की मांग पर मतदान हुआ। जिसका परिणाम पक्ष में 251, विरोध में 185 और कुल मतों की संख्या 436 रही। जिसके बाद केंद्रीय कानून मंत्री और गृह मंत्री अमित शाह ने बिलों को सदन के पटल पर रखा।

**लोकतंत्र का ऐतिहासिक क्षण :** भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कांग्रेस के आरोपों को नकारते हुए कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम ऐतिहासिक है और इसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं। विपक्ष का विरोध केवल देश में भ्रम फैलाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने परिसीमन बिल का बचाव करते हुए कहा कि इससे दक्षिण भारतीय राज्यों की सीटें कम नहीं होंगी। बल्कि उनमें इजाफा ही होगा। यह भाजपा की ही सरकार है, जिसकी वजह से यह कानून पास हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार टालने की राजनीति में नहीं बल्कि लंबे समय से लंबित पड़े हुए इस मामले का समाधान करने में विश्वास रखती है। सूर्या ने दावा करते हुए कहा कि यह बिल देश की महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाएगा। जिससे संसद में उनकी आवाज और अधिक बुलंद होगी।

**संघीय ढांचे पर हमलाः वेणुगोपाल :** कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने संशोधन बिलों को सदन में पेश करने से पहले इनका विरोध करते हुए कहा कि नियम-72 के तहत कांग्रेस इसका विरोध करती है। क्योंकि यह एक प्रकार से देश के संघीय ढांचे पर हमला करने के समान है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी ने भी राज्यों की सुरक्षा को ध्यान में रखा था। लेकिन मौजूदा सरकार का इस पर कोई ध्यान नहीं है। केंद्र की मंशा केवल लोकतंत्र को हाईजैक करने की है। हमारे पास असम और जम्मू- कश्मीर का उदाहरण मौजूद है। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि मैं तीनों बिलों का विरोध करता हूं। क्योंकि अभी तक संसद को संविधान की सुरक्षा करने का अधिकार है। लेकिन अब संविधान को तोड़ने, मरोड़ने की कोशिश की जा रही है। सपा की मांग है कि परिसीमन को जनगणना से अलग किया जाए। 2023 में जो बिल पास हुआ था। उसे लागू किया जाए।

**जनगणना जाति के साथ ही होगीः शाहः** गृहमंत्री ने कहा कि धर्म के तहत देश में आरक्षण नहीं हो सकता है। जनगणना का काम शुरू हो चुका है। मैं सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह जनगणना जाति के साथ ही होगी। संविधान धर्म के नाम पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है।

### जाति जनगणना...

जाएगा। ऐसे में महज दो साल में ऐसा क्या हो गया कि सरकार को इतनी हड़बड़ी दिखानी पड़ रही है। केंद्र खुद कह रहा है कि जनगणना में अभी वक्त लगेगा। फिलहाल इसकी शुरुआत हुई है। असम और जम्मू-कश्मीर का उदाहरण हमारे सामने है। पूरी कवायद से ये साफ हो जाता है कि केंद्र महिला आरक्षण के पक्ष में नहीं है। इसलिए जनगणना से पहले इसे लागू करना चाहते हैं। उसकी कोशिश केवल परिसीमन को राजनीतिक हथियार बनाने की है। मौजूदा संविधान संशोधन के जरिए सरकार खुद ही संविधान के खिलाफ जाकर संशोधनों के जरिए लोकसभा की सीटों में बदलाव करने का अधिकार अपने हाथ में ले रही है। उन्होंने सदन की सीटों की संख्या बढ़कर 815 हो जाने पर भी सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि ये संख्या कहां से आई?

### सीएम सैनी ने ...

दिशा में एक अहम कदम है और यह केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि राज्य के समग्र और न्यायसंगत विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई, 2026 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें मकानों की गणना एवं सूचीकरण का कार्य पूरा किया जाएगा। इससे पूर्व 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिकों को डिजिटली स्व-गणना की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जो डिजिटल भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सटीक और विश्वसनीय जनगणना आंकड़े ही ऐसी नीतियों और योजनाओं के निर्माण को सुनिश्चित करते हैं, जो समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि यह संकल्प हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही साकार होगा। उन्होंने कहा कि भारत में जनगणना का गौरवशाली इतिहास रहा है, जिसकी व्यवस्थित शुरुआत वर्ष 1872 में हुई थी। स्वतंत्रता के बाद यह देश की 8वीं और हरियाणा के गठन के बाद 6वीं जनगणना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना के सटीक आंकड़े ही राज्य और देश की विकास योजनाओं की नींव होते हैं। स्कूलों, अस्पतालों, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण से लेकर गरीब एवं जरूरतमंदों के लिए योजनाओं के निर्माण तक हर नीति की आधारशिला सही जनगणना आंकड़े ही होते हैं।

सैनी ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार की सही और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि योजनाएं प्रभावी और न्यायसंगत बन सकें। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जा रही है, जिससे यह अधिक पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनेगी। स्व-गणना सुविधा के तहत नागरिक अपने मोबाइल, टैबलेट या कंप्यूटर के माध्यम से घर बैठे अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए **se.census.gov.in** पोर्टल विकसित किया गया है, जहां नागरिक मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी आधारित लॉगिन कर अपने राज्य, जिला और स्थानीय विवरण का चयन कर डिजिटल मानचित्र पर अपने घर को चिह्नित करेंगे और परिवार एवं आवास से संबंधित जानकारी दर्ज करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस प्रक्रिया को सरल, सुरक्षित और गोपनीय बताया। जनगणना की जानकारियां पूरी तरह गोपनीय मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान एकत्रित की गई सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय होती है और इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है। किसी भी व्यक्ति, संस्था या एजेंसी के साथ यह जानकारी साझा नहीं की जाती। नागरिकों की निजता और विश्वास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि यदि कोई नागरिक स्व-गणना सुविधा का उपयोग नहीं कर पाता है, तो चिंता की कोई बात नहीं है। 1 मई से 30 मई के बीच जनगणना कर्मचारी घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। इस दौरान नागरिकों से अनुरोध है कि वे कर्मचारियों को सही और पूर्ण जानकारी प्रदान करें। उन्होंने युवाओं, स्वयं सहायता समूहों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, पंचायत प्रतिनिधियों, नगर पार्षदों और समाज के जागरूक वर्गों से इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने की अपील की।

### स्पाइसजेट और अकासा ...

रहा है। 16 अप्रैल 2026 को दिल्ली से हैदराबाद जा रही अकासा एयर की उड़ान क्यूपी 1406 को तकनीकी और परिचालन कारणों से वापस बे पर लौटना पड़ा। जब अकासा एयर का विमान खड़ा था, उसी समय किसी स्पाइसजेट एयरलाइन के विमान ने उससे संपर्क (टक्कर जैसी स्थिति) कर लिया। अकासा एयरलाइन की ओर से बताया गया है कि सभी यात्री और चालक दल पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें समय पर विमान से उतार लिया गया। अकासा एयर ने यह भी कहा है कि उनके ग्राउंड स्टाफ यात्रियों को जल्द से जल्द हैदराबाद पहुंचाने के लिए वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था कर रहे हैं।

**डीजीसीए ने जांच शुरू की :** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने दिल्ली एयरपोर्ट पर हुई विमान टक्कर की घटना की विस्तृत जांच शुरू कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि टक्कर कैसे हुई और क्या प्रक्रियागत चूक हुई?

### हरिवंश की उम्मीदवारी...

राष्ट्रपति द्वारा नामित सदस्य को उपसभापति पद के लिए चुना गया हो।

**विपक्ष का बहिष्कार, लेकिन व्यक्ति पर नहीं आपत्ति**

जयराम रमेश ने स्पष्ट किया कि विपक्ष का विरोध हरिवंश के व्यक्तिगत सम्मान के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा, "हमारे इस फैसले का उद्देश्य किसी व्यक्ति का अपमान करना नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की रक्षा करना है।" उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि हरिवंश तीसरी बार इस पद पर आते हैं, तो वे विपक्ष के प्रति अधिक संवेदनशील और सहयोगी रुख अपनाएंगे।

**सरकार की तैयारीः सहमति बनाने की कोशिश**

सूत्रों के अनुसार, सरकार की ओर से जेपी नड्डा, जो राज्यसभा में सदन के नेता भी हैं, ने विभिन्न दलों के नेताओं से बातचीत कर हरिवंश के नाम पर सहमति बनाने का प्रयास किया है। हालांकि, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वाम दलों ने सरकार की इस "जल्दबाजी" पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जब 2019 से लोकसभा में उपाध्यक्ष का पद खाली पड़ा है, तब राज्यसभा में उपसभापति के चुनाव को प्राथमिकता देना सवाल खड़े करता है।

### जिस विषय का एक ...

ही लागू किया जा सकता था। "इसे अभी लागू कीजिए। पूरा विपक्ष आपको ब्लैंक चेक देने को तैयार है। वर्तमान संसद की सीटों के आधार पर ही महिलाओं को आरक्षण दीजिए," उन्होंने सरकार से आग्रह किया।

**सरकार की मंशा पर सवाल :** कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार का उद्देश्य 2029 के आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए परिसीमन लागू करना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से परिसीमन आयोग का इस्तेमाल असम और जम्मू-कश्मीर में किया गया, उसी तरह इसे राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि अब तक देश में जितने भी परिसीमन हुए हैं, वे सर्वसम्मति से किए गए हैं। ऐसे में इस महत्वपूर्ण विषय पर सभी दलों को साथ लेकर चलना जरूरी है।

**समय और प्रक्रिया पर भी उठाए सवाल :** वेणुगोपाल ने विशेष सत्र के समय पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में चुनावी गतिविधियां चल रही हैं, तब उनसे जुड़े विषयों पर बिना उनकी भागीदारी के कानून बनाना उचित नहीं है। "जब तमिलनाडु के लोग चुनाव में व्यस्त हैं, तब आप उनके बारे में कानून बना रहे हैं," उन्होंने तंज कसा।

**सीटों की संख्या बढ़ाने पर भी सवाल :** कांग्रेस महासचिव ने संसद में प्रस्तावित सीटों की संख्या बढ़ाने के तरीके पर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा, "यह आंकड़ा कैसे तय किया गया और किसने तय किया?" उनका कहना था कि यदि सरकार की मंशा साफ होती, तो विधेयक में इसके स्पष्ट विवरण दिए जाते।

### कांग्रेस का ...

इसे वापस लेकर सभी दलों के साथ व्यापक चर्चा करे, ताकि लोकतांत्रिक सहमति के साथ कोई भी बड़ा फैसला लिया जा सके। ऐसा होगा इसकी संभावना जीरो है।



विशेष : पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल

# अपनी पृथ्वी को बनाएं स्वच्छ-सुरक्षित और सुंदर

हमारी पृथ्वी स्वच्छ, सुरक्षित रहे, इसके लिए जरूरी है कि हमारा पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र स्वच्छ, संतुलित और सुरक्षित रहे। बच्चो, कुछ छोटे-छोटे कदम उठाकर तुम भी हमारी पृथ्वी के संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हो।

अवेयरनेस
शिखर चंद जैन

बच्चो, इस पृथ्वी पर मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु, हम सभी रहते हैं। पृथ्वी हमारे घर की तरह है। पृथ्वी की रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को 'अर्थ डे' यानी 'पृथ्वी दिवस' मनाया जाता है। इसे 'इंटरनेशनल मदर अर्थ-डे' के नाम से भी जाना जाता है। साल 2026 के लिए पृथ्वी दिवस की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' निर्धारित की गई है। इसका मतलब है, हम सब पृथ्वीवासी के रूप में अपनी शक्तियों और सूझबूझ का प्रयोग करें और अपनी पृथ्वी को एक बेहतर ग्रह बनाएं।




### हम बच्चे क्या कर सकते हैं

तुम्हारे मन में सवाल उठ सकता है कि इतनी बड़ी पृथ्वी की सुरक्षा हम बच्चे भला कैसे कर सकते हैं? यहां यह समझना होगा, तुम्हें अकेले पूरी पृथ्वी की रक्षा नहीं करनी है। बस अपने हिस्से का काम करना है। जब सभी लोग अपने-अपने हिस्से का काम करेंगे तो पृथ्वी को प्रदूषणमुक्त, स्वच्छ और हरी-भरी रखने की दिशा में बड़े बदलाव होने लगेंगे। हमारी पृथ्वी हरी-भरी, स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त हो जाएगी।

### खूब लगाओ पेड़-पौधे

बच्चो, पेड़-पौधे, घने जंगल और वनस्पतियों को पृथ्वी का फेफड़ा कहा जाता है। यह तो तुम जानते ही हो कि हम सांस के द्वारा ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं और कार्बन डाईऑक्साइड छोड़ते हैं। पेड़-पौधे इसके विपरीत कार्बन डाईऑक्साइड ग्रहण कर हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए भी पेड़-पौधे और जंगल बहुत जरूरी हैं। तो आज ही ठान लो कि तुम पेड़-पौधों से सच्ची दोस्ती करोगे और इसे निभाओगे। तुम खूब पेड़-पौधे लगाओगे, उसकी देखभाल करोगे। यह हमारी पृथ्वी और हमारे लिए बहुत जरूरी है।

### प्लास्टिक को कहो बाय-बाय

आज के समय में प्लास्टिक हमारी पृथ्वी और पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा बनती जा रही है। धरती को स्वच्छ-सुरक्षित बनाने की दिशा में हमारा मुकाबला 'प्लास्टिक दानव' से भी है। हमारी कोशिश हो कि कम से कम प्लास्टिक इस्तेमाल हो ताकि हमारी धरती, समुद्र की मछलियां, घरेलू और जंगली जानवरों के साथ-साथ पेड़-पौधे और हम इंसान भी इसके दुष्प्रभावों से बचें।

### कचरे का सही डिब्बा चुनो

यहां-वहां कचरा फेंकने और इसका सही निस्तारण न करने से प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होने के साथ-साथ, हमारी पृथ्वी के लिए भी काफी नुकसानदायक है। इसलिए हमें समझदारी से कचरे का निस्तारण करना चाहिए। नीला डस्टबिन सूखे कचरे के लिए और हरा डस्टबिन गीले कचरे के लिए यूज करना चाहिए। अगर हम कचरा सही जगह डालेंगे, तो हमारी धरती साफ-सुथरी बनी रहेगी।





### ऊर्जा का करो संरक्षण

ऊर्जा सीमित संसाधन है। इसका बेतहाशा इस्तेमाल हमारी पृथ्वी और पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुंचा सकता है। बिजली की बचत कर हम अपनी पृथ्वी को बहुत राहत पहुंचा सकते हैं। इसलिए कमरे से बाहर जाते समय या जब जरूरत न हो, लाइट, पंखे और बिजली के अन्य उपकरण बंद करने की आदत डालें।

### पशु-पक्षियों का सहारा बनो

पशु-पक्षी हों या कीट-पतंगे या फिर कोई भी अन्य जीव, सभी पृथ्वी के लिए आवश्यक हैं। ये हमारे ईको सिस्टम को बैलेंस्ड रखने में सहायक हैं। हमें इनका ध्यान रखना चाहिए। पृथ्वी को खुशहाल रखने के लिए भी इन्हें सुरक्षा देना जरूरी है। गर्मी के दिनों में अपनी छत या बालकनी पर मिट्टी के बर्तन में पानी और दाना जरूर रखो। *



### मत करो पानी की बर्बादी

'जल ही जीवन है' ये स्लोगन तो तुमने सुना होगा। दुनिया के कई हिस्सों में लोगों को अपने दैनिक उपयोग के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। पानी बहुत ही अनमोल है, इसकी बर्बादी रोकना जरूरी है। हमें कभी भी पानी वेस्ट नहीं करना चाहिए। ब्रश करते समय नल बंद रखना और नहाने के लिए शॉवर के बजाय बाल्टी-मग का इस्तेमाल करना, ऐसी छोटी-छोटी आदतें अगर हम सभी अपनाएं, तो बहुत सारा पानी बचाया जा सकेगा।

इंस्पायरिंग / अंजू जैन

बच्चों को स्टोरी या नॉलेज से जुड़ी किताबें पढ़ना बहुत पसंद होता है। लेकिन कुछ ऐसे बच्चे भी हैं, जिन्होंने बहुत छोटी उम्र में किताब लिखकर, सबको चौंकाया, देश-दुनिया में प्रसिद्ध हुए। हम तुम्हें ऐसे ही कुछ प्रतिभावान बच्चों और उनकी प्रकाशित किताबों के बारे में बता रहे हैं।

# टैलेंटेड-क्रिएटिव ये नन्हे राइटर

भारत में कई ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे हैं, जिन्होंने किताबें पढ़ने की उम्र में खुद ही एक से बढ़कर एक शानदार किताबें लिख डालीं। छोटी उम्र में ही किताबें लिखकर इन बच्चों ने सभी को हैरान कर दिया है। वर्ल्ड बुक डे (23 अप्रैल) के मौके पर जानो, ऐसे ही कुछ टैलेंटेड नन्हे राइटर्स के बारे में।

### वाणी रावल



**हरियाणा की** वाणी रावल ने 10 साल की उम्र में 'कैथी' 23 डेज ऑफ क्रिसमस' और 'कैथी इज कॉलिंगः फाइव एलिमेंट्स ऑफ क्रिसमस' नामक किताबें लिखीं। किताबों की ये सीरीज लिखकर वाणी ने दुनिया की सबसे कम उम्र की 'सीरीज राइटर' होने का गौरव हासिल किया। वाणी का नाम 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड', 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड', 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स', 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' और 'ब्रावो इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज है। *

### अभिजिता गुप्ता



**उत्तर प्रदेश** की अभिजिता गुप्ता ने 7 साल की उम्र में अपनी पहली किताब 'हैप्पीनेस ऑल अराउंड' लिखी। वह 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा दुनिया की सबसे कम उम्र की लेखिका मानी गई है। वह अब तक 3 किताबें लिख चुकी है। 2020 में अभिजिता ने कहानी और कविता की पुस्तक की सबसे कम उम्र की लेखिका होने का रिकॉर्ड बनाया, जिसे 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' और 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा प्रमाणित किया गया है। अभिजिता की कुछ प्रमुख किताबें हैं- 'श्योरली सस्टेन', 'टू बिगिन विद द लिटिल थिंग्स', 'मार्क ऑफ द कीपरः वेल ऑफ लाइट'। अभिजिता को 'ग्लोबल चाइल्ड प्रॉडिजी अवॉर्ड 2022' से भी सम्मानित किया जा चुका है। यहां यह भी जानो कि अभिजिता हिंदी साहित्य की महान विभूति राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की परपोती है। *

### अयान गोगोई गोहेन



**असम के** अयान गोगोई गोहेन ने मात्र 4 साल की उम्र में अपनी पहली किताब 'हनीकॉम्ब' लिखी थी। उसे 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा भारत का सबसे कम उम्र का लेखक घोषित किया गया है। अयान दुनिया के सबसे कम उम्र के लेखकों में से एक है। वर्ष 2020 में ग्लोबल चाइल्ड प्रोडिजी अवार्ड विजेता अयान ने 'बंबलबी' और 'लाइफ लेसंस फ्रॉम द फोर-लेग्ड मोंक' जैसी किताबें भी लिखी हैं। अयान दुनिया के शीर्ष 100 बाल प्रतिभाओं की सूची में भी शामिल हो चुका है। *

तुम्हारे लिए किताब / नीलम राकेश

## पर्यावरण संरक्षण की कहानियां

बच्चो, स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है धरती का पर्यावरण शुद्ध रहे। पर्यावरण तभी शुद्ध रहेगा, जब हम सभी मिलकर इसको संरक्षित करेंगे। इस बात को ध्यान में रखकर बाल साहित्यकार डॉ. नागेश पांडेय 'संजय' ने तुम्हारे लिए विशेष रूप से कथाओं का संकलन 'पर्यावरण संरक्षण की कहानियां' तैयार किया है। इस किताब में देश के जाने-माने 15 बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की गई हैं। बच्चो, इस किताब की कहानियों में तुम्हें प्रकृति के नए-नए रंग देखने को मिलेंगे, जो तुम्हारे भीतर पर्यावरण के प्रति प्रेम जगाएंगे। इस संकलन की कहानियों में कहीं देव नदी गंगा अपनी मदद के लिए पुकार रही है, तो कहीं पर 'अलईतारा' के रूप में श्रमदान का महत्व बताया गया है। इस संकलन की एक कहानी 'बिन मौसम' तुम्हें झूमते हुए वृक्षों की छांव में ले जाएगी। कहानी 'पानी नहीं' बताती है पानी की फिजूल खर्ची से कितनी दिक्कतें आ सकती हैं? किताब की हर कहानी कोई ना कोई संदेश देती है, तुम्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करती है। कहानियों के साथ छपे सुंदर चित्र इस किताब के आकर्षण को बढ़ाते हैं। किताब का आवरण बहुत ही मोहक है। एक खास बात यह है कि इसमें बने चित्रों में तुम्हें रंग भरने का मौका मिलेगा। *




**किताबः** पर्यावरण संरक्षण की कहानियां, **संपादकः** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
**मूल्यः** 230 रुपए, **प्रकाशकः** बुनियादी साहित्य प्रकाशन, लखनऊ

कल्पना करो धरती, सौरमंडल में तीसरी कक्षा से दूर चौथी कक्षा में आ जाए तो क्या होगा? यही होगा, सारे प्राणियों का जीवन घोर संकट में आ जाएगा। इसलिए जरूरी है, हम अपनी आदतें सुधारें, पर्यावरण संरक्षित करें। बच्चो, यह कहानी सौरमंडल में धरती के निश्चित स्थान की महत्ता बताती है।

# जब धरती ने जगह बदलने की ठानी




एआई इमेज



कहानी
कुसुम अग्रवाल

आज विद्यालय में विशेष चहल-पहल थी। स्कूल का प्रांगण हरे और नीले गुब्बारों से सजा था। मंच पर लगे एक बैनर पर बड़े अक्षरों में लिखा था-पृथ्वी दिवस। प्रधानाचार्य जी ने मंच पर आकर माइक से घोषणा की, 'आज कक्षा सात के विद्यार्थी एक विशेष नाटक प्रस्तुत करेंगे-जब धरती ने जगह बदलने की ठानी।'

तभी मंच पर परदा खुला। मंच के बीचों-बीच नीले-हरे वस्त्र पहने एक बच्ची खड़ी थी। वह धरती बनी थी। उसके चारों ओर रुई से बने बादल और चमकीले तारे सजे थे। धरती उदास स्वर में बोली, 'मैं बहुत ज्यादा तंग आ चुकी हूं। धुआं, प्रदूषण, बढ़ते तापमान से। मैं सौरमंडल में सूरज से दूरी के हिसाब से तीसरे स्थान पर यानी तीसरी कक्षा में हूं। क्यों न मैं चौथी कक्षा में आ जाऊं। वहां कुछ ठंडक मिलेगी।'

पास में मौजूद चंद्रमा घबराए स्वर में बोला, 'ऐसा मत करो धरती बहन! इससे सौरमंडल का संतुलन बिगड़ जाएगा।'

तभी अलग-अलग वेशभूषा में कुछ बच्चे मंच पर आए। एक बच्चा पेंग्विन बना था। उसने घबराते हुए कहा, 'धरती मां, अगर आप दूर चली गईं तो यहां बहुत ज्यादा ठंडक बढ़ जाएगी। समुद्र जम सकते हैं। हमें भोजन कहां मिलेगा?'

हाथी बना हुआ बच्चा बोला, 'जंगलों में धूप कम हुई तो पेड़-पौधे कैसे उगेंगे, बढ़ेंगे? हम क्या खाएंगे?'

एक बच्ची जो किसान बनी थी, बोली, 'हमारी फसलें नष्ट हो जाएंगी।'

समुद्री नीले वस्त्रों में एक बच्चा, जो व्हेल बना था, बोला, 'पृथ्वी बहन तुम्हारे दूर जाने से समुद्र में आने वाले ज्वार-भाटे का रूप बदल जाएगा।'

तभी एक बाल वैज्ञानिक मंच पर आया। उसने चार्ट दिखाते हुए कहा, 'धरती का सूर्य से निश्चित दूरी पर तीसरी कक्षा में होना ही, इस पर जीवन के लिए आदर्श स्थिति है। यदि पृथ्वी चौथी कक्षा में चली गई तो यह अत्यधिक ठंडी और बंजर हो सकती है, जैसे मंगल ग्रह। और यदि धरती सूरज के पास यानी दूसरी कक्षा में आ जाए तो तपने लगेगी, जैसे शुक्र ग्रह।'

सामने बैठे दर्शक छात्र, ध्यान से सभी बातें सुन रहे थे। धरती ने दुःखी स्वर में कहा, 'पर मेरा बुखार कौन समझेगा? ग्लोबल वार्मिंग मुझे बीमार कर रही है।'

तभी छोटे-छोटे बच्चे पौधे लेकर मंच पर आ गए। एक ने कहा, 'गलती हमारी है। धरती आप अपनी जगह मत बदलें। हम बदलेंगे अपने आपको।'

दूसरे ने कहा, 'हम पेड़ लगाएंगे!'

तीसरे ने कहा, 'हम बिजली बचाएंगे!'

चौथे ने कहा, 'हम प्लास्टिक का उपयोग कम करेंगे!'

पांचवें ने कहा, 'हम हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएंगे!'

धरती बनी बच्ची कुछ क्षण चुप रही फिर मुस्कुराते हुए बोली, 'यदि तुम सचमुच अपना व्यवहार बदलोगे, तो मुझे कहीं जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।'

अंतिम दृश्य में सभी बच्चे हाथों में हाथ डालकर बोले, 'धरती हमारी है, हम इसके रखवाले हैं! हम प्रकृति का संरक्षण करेंगे।'

परदा गिरा। नाटक खत्म हो गया। पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। प्रधानाचार्य जी मंच पर आकर बोले, 'बच्चो, अभी जो तुमने देखा, यह केवल नाटक नहीं है। यह सच्चाई है। धरती अपनी कक्षा नहीं बदल सकती, पर हम अपनी आदतें बदल सकते हैं।' आज स्कूल में पृथ्वी दिवस पर केवल एक कार्यक्रम नहीं हुआ था, यहां संकल्प लिया गया था, पृथ्वी को बचाने का। *



कविता
राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव

## पृथ्वी कितनी प्यारी है!

पृथ्वी कितनी प्यारी है!
सभी ग्रहों से न्यारी है।
हम सबकी जीवनदायी,
हितकारी उपकारी है।
खेत और खलिहान यहां,
वन-उपवन, मैदान यहां।
नदियां ताल समंदर हैं,
खनिजों की हैं खान यहां।
तितली भौंरे सुमन यहां,
पंछी पर्वत पवन यहां।
जल, थल, बादल, नील गगन,
जीवन, भोजन, वसन यहां।
लेकिन वन कटते जाते,
नए शहर बसते जाते।
मिट्टी रेत खनिज पानी,
दिन-प्रतिदिन घटते जाते।
अब हम लें जिम्मेदारी,
और न दोहन हो भारी।
हम सब मिलकर यत्न करें,
बची रहे पृथ्वी प्यारी।



### बूझो तो जानें

1 नीला पानी, हरी है घास,
सबके लिए हूं मैं तो खास।
इंसान, पशु और पक्षी सारे,
रहते हैं मेरे ही सहारे।

2 सिर पर ऊपर नीला अंबर,
पैरों के नीचे मिट्टी सुंदर।
पहाड़, नदी और जंगल घने,
सब कुछ हैं मुझपे ही बने।

-शिवानी छाया

### जीके क्विज-201

1. साइकिल से एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला का क्या नाम है?
2. हाल में ही बिहार के नए मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
3. रूपा बायर किस खेल से संबंधित हैं?
4. आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज कौन बन गए हैं?
5. श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
6. तेनालीरामा किस राजा के दरबारी विद्वान थे?
7. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
8. भारत के राष्ट्रपति राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत करते हैं?
9. भूकंप की तीव्रता किस यंत्र से मापी जाती है?
10. किस नदी को दक्षिण भारत की गंगा कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-201 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-200 का उत्तर :** 1. रोपड़ (पंजाब), 2. भारत, 3. अकबर और हेमू, 4. मिथुन मन्हास, 5. विशाखदत्त, 6. हेग(नीदरलैंड), 7. बुध, 8. विटामिन ए, 9. बी.आर. आंबेडकर, 10. राजस्थान

**जीके क्विज-200 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अनन्या-राजनांदगांव, कविश-रायपुर, सौम्या-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, तमन्ना-कोरबा, अक्षित-बिलासपुर, सुमित-रोहतक, हर्ष-बालोद

### अंतर बताओ

बच्चो, यहां पार्क में पिकनिक मना रहे भालू और खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में सभी सात अंतर ढूंढ कर बताओ।



### लेफ्ट-राइट बताओ

बच्चो, यहां दी गई तस्वीर में कुछ क्लाउन फिश लेफ्ट की तरफ घूमी हुई हैं, तो कुछ राइट की तरफ। तुम्हें गिनकर दिए गए बॉक्स में लिखना है कि कितनी क्लाउन फिश लेफ्ट की तरफ घूमी हुई हैं, कितनी राइट की तरफ?



LEFT

RIGHT

खबर संक्षेप

## आरक्षण प्रक्रिया में ओबीसी महिलाओं के लिए व्यवस्था क्यों नहीं

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि 'नारी शक्ति वंदन अभियान" के नाम पर लोकसभा और विधानसभाओं में 33%



आरक्षण की बात तो की जा रही है, लेकिन इसके प्रावधान और क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े हैं। इस व्यवस्था में अजा/अजजा महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान है, किंतु ओबीसी महिलाओं के लिए कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं दिखाई देती। सिंघार ने कहा कि इसके साथ ही यह भी बड़ा सवाल है कि सरकार 2027 की जातिगत जनगणना के परिणाम का इंतजार क्यों नहीं करना चाहती? क्या बिना वास्तविक सामाजिक आंकड़ों के इतना बड़ा निर्णय लेना न्यायसंगत है, या फिर ओबीसी वर्ग की वास्तविक हिस्सेदारी सामने आने से बचने की कोशिश है? नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह भी याद रखना चाहिए कि स्थानीय निकायों में महिला आरक्षण कोई नई पहल नहीं है, बल्कि इसकी मजबूत नींव 1992-93 में 73वें और 74वें संविधान संशोधनों के माध्यम से रखी गई थी। आज देश में 14 लाख से अधिक महिलाएं पंचायत और नगर निकायों में निर्वाचित हैं और स्थानीय स्तर पर लगभग 40 प्रतिशत प्रतिनिधित्व महिलाओं का है। यह स्वर्गीय राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसने महिला सशक्तिकरण को नीचे से ऊपर तक मजबूत किया।

## स्थाई कर्मियों का बढ़ा पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता

**भोपाल।** मोहन सरकार ने छठवां वेतनमान प्राप्त कर रहे स्थाई, कार्यभारित और आकस्मिक निधि कर्मचारी को पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता देने के आदेश जारी किए है। पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ने से प्रदेश के 65 हजार छठवां वेतन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को लाभ होगा। अभी छठवां वेतन प्राप्त कर्मचारियों को 252 प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ प्राप्त हो रहा था। अब नया महंगाई भत्ता लग जाने से 258 प्रतिशत मंगाई भत्ते का लाभ छठवां वेतनमान प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को मिलेगा। महंगाई भत्ते का लाभ 1 अप्रैल 2026 से मिलेगा तथा एरियर पांच सामान किस्तों में मिलेगा। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश सरकार ने सातवां वेतनमान प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का लाभ देने के आदेश जारी कर दिया था लेकिन छठवां वेतनमान प्राप्त कर्मचारियों के महंगाई भत्ते का लाभ देने के आदेश जारी नहीं किए थे। जिससे प्रदेश के छठवां वेतनमान प्राप्त कर रहे कर्मचारियों में असंतोष का वातावरण निर्मित हो गया था। मंच ने राज्य सरकार को नया महंगाई भत्ता का लाभ देने के आदेश जारी करने पर अभार व्यक्त किया है।

# पार्टी संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करना हमारा दायित्व:पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा उज्जैन संभाग के जिला अध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा एवं विधानसभा प्रभारियों की महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त ने जिला अध्यक्षों द्वारा संचालित संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके पश्चात विधानसभा प्रभारियों की कार्यशाला को प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, कांग्रेस वर्किंग कमेटी सदस्य कमलेश्वर पटेल एवं सह प्रभारी रणविजय सिंह लोचव ने संबोधित किया। कार्यशाला में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, संगठन महासचिव संजय कामले एवं संगठन प्रशिक्षण विभाग के प्रभारी महेंद्र जोशी, मतदाता सूची प्रभारी ललित सेन, आनंद जाट ने भी अपने विचार रखे।

**खास बातें**

- पीसीसी में विधानसभा प्रभारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न
- कार्यशाला में मौजूद रहे बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी
- आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से की गई चर्चा



कार्यशाला का आयोजन।

### संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करने का सौंपा गया दायित्व

बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि विधानसभा प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रवास करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्हें विधानसभा स्तर पर पंचायत कांग्रेस कमेटियों का सत्यापन करने, नियमित बैठकें आयोजित करने तथा 'सृजन संवाद' के माध्यम से संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करने का दायित्व सौंपा गया है। पटवारी ने कहा कि विधानसभा प्रभारी पार्टी की 'रीढ़ की हड्डी' हैं और संगठन को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पार्टी द्वारा 230 प्रभारियों का चयन पूरी सावधानी और उनकी वैचारिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि कांग्रेस की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाया जा सके।

### बिना कार्य के पद का कोई महत्व नहीं

पटवारी ने बताया कि बैठक में जिला अध्यक्षों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और राष्ट्रीय पदाधिकारी चाल्ला वामशी चंद रेड्डी द्वारा पिछले 6 महीनों के कार्यों एवं तय मापदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। कनेक्ट सेंटर के माध्यम से भी पदाधिकारियों के प्रदर्शन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि "पद केवल नाम के लिए नहीं होता, बल्कि जिम्मेदारी निभाने के लिए होता है। बिना कार्य के पद का कोई महत्व नहीं है। पटवारी ने कहा कि बैठक की शुरुआत वंदे मातरम और राष्ट्रगान के साथ की गई, जो कांग्रेस की राष्ट्रभक्ति और विचारधारा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा ने देश के लिए अनगिनत बलिदान दिए हैं।



### राष्ट्रवाद की बात तो करते हैं, लेकिन कांग्रेस के बलिदानों की गिनती नहीं करते

भाजपा पर निशाना साधते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि भाजपा के लोग राष्ट्रवाद की बात करते हैं, लेकिन कांग्रेस के बलिदानों की गिनती भी नहीं कर सकते। पटवारी ने कहा कि पार्टी का स्पष्ट संदेश है कि देश को मजबूत बनाना है तो कांग्रेस को पंचायत और गांव स्तर तक ले जाना होगा। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना ही कांग्रेस की प्राथमिकता है।

### मुख्यमंत्री ने कहा, किसानों को ऊर्जा उत्पादन से जोड़ने के लिए संभाग एवं जिला स्तर पर हों कार्यक्रम

# किसानों को निर्बाध रूप से बिजली उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता, सोलर पम्प उपयोग के लिए करें प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों को निर्बाध रूप से सस्ती बिजली सुलभ कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इस काम के लिए सरकार किसानों को हर जरूरी मदद देने को तैयार है। किसानों को सस्ती बिजली मिलेगी, तो वे अपना उत्पादन भी बढ़ा सकेंगे और प्रदेश की प्रगति में भी योगदान दे सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ऊर्जा प्राप्ति के लिए उन्हें स्वयं ऊर्जा उत्पादक बनाया जाए। इसके लिए किसानों को हरित ऊर्जा उत्पादन से जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की प्रचलित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर ही हम किसानों का जीवन स्तर बेहतर बना सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के किसानों को सोलर पम्प का उपयोग करने के लिए हर तरीके से प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को जो इससे जुड़ना चाहते हैं, विभाग उनका हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन भी करे।

- मुख्यमंत्री ने की नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की योजनाओं की समीक्षा
- योजनाओं को समयबद्ध कर लाएं परिणाम



सीएम ने की समीक्षा बैठक।

**लक्ष्य के लिए समर्पित और फोकस्ड होकर आगे बढ़ें**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि राज्य के हित में किसानों और नागरिकों सभी को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के लिए समर्पित और फोकस्ड होकर आगे बढ़ें। किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति में भी तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 2 लाख से अधिक किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ें। विभाग अपनी योजनाओं के वार्षिक लक्ष्यों की समीक्षा करें और नई जरूरतों के मुताबिक इन लक्ष्यों में वृद्धि करें, ताकि कम समय में अधिकतम लोगों को लाभ मिले। इसके लिए विभाग अपनी योजनाओं को टाइम फ्रेम में लेकर आएं।

### निकाय पदाधिकारियों के साथ भोपाल में होगा एक दिन का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीयनिकाय कचरा बेचकर और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना (रूफ टॉप स्कीम) में तेजी से प्रगति लाकर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को इस विषय में प्रशिक्षण देने के लिए भोपाल में एक दिन का उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया जाए।

### लक्ष्य हो रहे और भी ज्यादा परिशोधित

अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा प्रोडक्शन के लिए तय किए गए लक्ष्यों को और भी परिशोधित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना (कुसुम बी) में अब तक 27 हजार 100 सोलर पम्प स्थापित किए जा चुके हैं। इस योजना के पहले चरण में विभाग को एक लाख आवेदन मिल चुके हैं।

493 सब स्टेशनों के जरिए किसानों को दिन के समय भी बिजली- अपर मुख्य सचिव श्रीवास्तव ने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना के तहत विभाग ने लगभग 10 लाख किसानों को सौर ऊर्जीकरण से जुड़ने के लिए 493 सब स्टेशनों के जरिए किसानों को दिन के समय भी बिजली उपलब्ध कराने का बड़ा लक्ष्य लिया है। अब तक 2.50 लाख पम्प इंस्टाल कर दिये गये हैं।

### छात्रावासों तथा आश्रमों में अध्ययनशीलता के सकारात्मक वातावरण को किया जाए प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज. भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग की ओर से संचालित छात्रावासों और आश्रमों में अध्ययनशीलता और देशभक्ति के सकारात्मक वातावरण को प्रोत्साहित किया जाए। छात्रावासों और आश्रमों के प्रबंधन में जन अभियान परिषद और गायत्री परिवार जैसी संस्थाओं से भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने



बुधवार को जनजातीय कार्य विभाग की मंत्रालय में हुई समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह वर्चुअल शामिल हुए।

### सीएम आज सिवनी मालवा में करेंगे भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार 16 अप्रैल को सिवनी मालवा में नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग का इंटरमीडिएट से 2-लेन पक्के शोल्डर सहित हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (एचएएम) का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमि-पूजन करेंगे। नर्मदापुरम से टिमरनी मार्ग की लंबाई 72.18 किमी है। इसकी लागत 972,16 करोड़ रुपए है। निर्माण कार्य एमपीआरडीसी की ओर से किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पहले दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन कर रोड शो करेंगे। रोड शो रेंज ऑफिस चौराहा, कल्लू चौक, नर्मदा मंदिर चौक, सराफा बाजार, गांधी चौक, जय स्तंभ चौक होते हुए पुराना बस स्टैंड पर समाप्त होगा।

### 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान देश में जन आंदोलन बना

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगा नीति निर्माण में नेतृत्व : नायब

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को देश के नीति निर्माण में नेतृत्व की भूमिका प्रदान करेगा। वह चंडीगढ़ के सेक्टर-38 स्थित रानी लक्ष्मी बाई भवन में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक महिलाओं की भूमिका को सीमित करने का प्रयास किया गया और उन्हें निर्णय प्रक्रिया से दूर रखा गया। इसके बावजूद रानी पद्मावती, रानी दुर्गावती, चांद बीबी और रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने अपनी प्रतिभा और साहस से इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए शुरू की गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2015 में पानीपत से शुरू किया गया 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान पूरे देश में जनआंदोलन बना। इसके परिणामस्वरूप हरियाणा का लिंगानुपात 871 से बढ़कर 923 तक पहुंच गया है।




### हरियाणा के नगर निकायों में एक मई से चलेगा स्पेशल स्वच्छता अभियान

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के सभी नगर निकाय संस्थानों में आगामी एक मई 2026 से दो सप्ताह के लिए स्पेशल स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, इस अभियान के अलावा वर्षभर चलने वाले सफाई कार्यों में वार्ड समिति के सदस्यों की अहम भूमिका रहेगी। मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शहरी स्थानीय निकायों में नवगठित वार्ड समितियों के सदस्यों से रूबरू हो रहे थे।

### सीएम ने कहा बच्चों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी

## स्कूलों के ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में आंशिक परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में बढ़ती भीषण गर्मी और लू के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्कूलों के ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि में आंशिक संशोधन किया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बढ़ती भीषण गर्मी में बच्चों की सेहत की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित करना हम सब की जिम्मेदारी है। बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूर्व निर्धारित ग्रीष्मकालीन



अवकाश को पहले लागू करने का निर्णय लिया है, ताकि इस भीषण गर्मी में बच्चों की सेहत सुरक्षित रह सके। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, पूर्व में दिनांक 01 मई 2026 से 15 जून 2026 तक घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश में संशोधन करते हुए अब दिनांक 20 अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक अवकाश घोषित किया गया है।

## गोपीचंद के निधन पर शोक जताने पहुंचे केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में एमएलए फ्लैट्स पर केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर जी के अतिरिक्त अनेक सांसद और विधायकों ने विधान सभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय गोपीचंद गहलोत के निधन पर आयोजित शोक सभा में पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मंत्री जी ने कहा कि गहलोत जी का निधन प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनसेवा और शिक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उनका सादगीपूर्ण जीवन और संघर्षशील व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणा है। वह एक मजबूत एवं संवेदनशील नेतृत्व की प्रतीक



थे।शोक सभा में पहुँचे महेंद्रगढ़-भिवानी से सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने बताया कि गहलोत जी ने हमेशा समाज के प्रत्येक वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। उनका जाना राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की अपूरणीय क्षति है।

### आंकड़ों के आधार पर सरकार आने वाले वर्षों की योजनाएं तैयार करती: साय

जनगणना को दिया आधुनिक व डिजिटल स्वरूप

## सीएम ने ऑनलाइन स्व-गणना कर किया जनगणना अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी स्थित मुख्यमंत्री निवास में जनगणना 2027 के तहत ऑनलाइन स्व-गणना कर जनगणना अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर नागरिकों को इस राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। सीएम साय ने कहा कि भारत में विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान संचालित हो रहा है और छत्तीसगढ़ में भी आज से ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

उन्होंने कहा कि नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार से संबंधित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना को आधुनिक और डिजिटल स्वरूप दिया गया है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुलभ हो सके। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश और राज्य के भविष्य की दिशा तय करने का आधार है। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार आने वाले वर्षों की योजनाएं तैयार करती है, ताकि विकास का लाभ हर वर्ग तक प्रभावी



रूप से पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि 1 मई 2026 से जनगणना का पहला चरण शुरू होगा, जिसमें मकान सूचीकरण और गणना का कार्य किया जाएगा। 30 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर आवासीय और गैर-आवासीय भवनों, उनकी स्थिति, उपयोग तथा बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, इंटरनेट और संचार व्यवस्था से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे।

**प्रगणकों को सही एवं स्पष्ट जानकारी देने का आग्रह:** सीएम ने प्रदेशवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि जब भी प्रगणक घर आएं, तो उन्हें सही, स्पष्ट और पूर्ण जानकारी दें, क्योंकि प्रत्येक जानकारी राज्य के विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान दी गई सभी व्यक्तिगत जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है।

## टैक्स जमा नहीं करने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई तेज, राजस्व अमले ने अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बकायादारों के खिलाफ नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। लंबे समय से डिमांड नोटिस के बावजूद टैक्स जमा नहीं करने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई करते हुए निगम की टीम सीधे प्रतिष्ठानों तक पहुंची। जोन 9 के राजस्व अमले ने अभियान चलाकर कई



दुकानों की जांच की। कार्रवाई के दौरान निगम की सख्ती देखते ही चार दुकानदारों ने मौके पर ही बकाया राशि जमा कर दी।

इनसे कुल 80,592 रुपए की वसूली की गई। हालांकि, भुगतान से इनकार करने वाले आठ बड़े बकायादारों पर निगम ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी दुकानों को सील कर दिया। इन पर कुल 3,65,510 रुपए की बकाया राशि है। सील की गई दुकानों में बरखा अग्रवाल, अभिषेक कुमार की एज शॉप, चित्रा रेखा अग्रवाल, विवेक गोयल, सरफराज खान, शेख साजिद और इंद्रमणि मिनरल इंडिया समेत अन्य प्रतिष्ठान शामिल हैं। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि बकाया वसूली के लिए आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### रील देखने से मना करने पर बेटी-पत्नी ने की थी हत्या

## जिस घटना को सामान्य मौत समझा वो जांच के बाद हत्या निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एक सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है, जहां मौत को पहले दुर्घटना माना जा रहा था, दरअसल वो अब हत्या निकली।

डीडी नगर थाना क्षेत्र में विपणन संघ के कर्मचारी वीरेंद्र भारती गोस्वामी की मौत के मामले में चौंकाने



वाला सच सामने आया है। करीब आठ महीने बाद आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने साफ कर दिया कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि सोची-समझी हत्या थी। जांच में सामने आया कि 27 सितंबर 2025 की रात घर में ही पत्नी और बेटियों ने मिलकर वीरेंद्र की हत्या कर दी थी। घटना की वजह मामूली विवाद बताया जा रहा है। मृतक ने बेटी को मोबाइल पर रील देखने से रोका था, जिसके बाद बहस बढ़कर हिंसा में बदल गई। गुस्से में आकर पत्नी और दोनों बेटियों ने लकड़ी के बैट और ईंट से सिर पर हमला कर दिया।

### पत्नी ने अनुकंपा नियुक्ति भी हासिल कर ली

*हत्या के बाद मामले को छिपाने के लिए इसे बाथरूम में गिरने से हुई दुर्घटना का रूप दिया गया। इतना ही नहीं, पत्नी ने इस आधार पर अनुकंपा नौकरी भी हासिल कर ली। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर 17 गंभीर चोटों का खुलासा हुआ, जिससे पुलिस को शक हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी पत्नी ने सारा सच कबूल कर लिया। पुलिस ने 44 वर्षीय पत्नी, 19 वर्षीय बेटी और एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की आगे की जांच जारी है।*

चिंतन

# महिला हित में राजनीति से ऊपर उठें सभी दल

भारतीय लोकतंत्र में लंबे इंतजार के बाद महिला आरक्षण को लेकर आया "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" केवल एक विधायी पहल नहीं, बल्कि सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। दशकों से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए यह कानून लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% महिला आरक्षण का रास्ता खोलता है। ऐसे समय में जब संसद में महिलाओं की भागीदारी अभी भी सीमित रही है, यह पहल लोकतंत्र को अधिक प्रतिनिधिक और समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। ऐसे में सभी विपक्षी दलों को चाहिए कि वे महिला हित में राजनीति से ऊपर उठें और इस बिल का समर्थन करें। हालांकि तेलंगाना, तमिलनाडु समेत दक्षिण के कुछ राज्य इसके विरोध में हैं, लेकिन इस ऐतिहासिक पहल के साथ एक कड़वी सच्चाई भी सामने आई है। वह विपक्षी दलों में श्रेय लेने की होड़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष से यह कहकर कि "आप श्रेय ले लीजिए, लेकिन महिला हित में समर्थन दीजिए", एक तरह से उस राजनीतिक मानसिकता को उजागर किया है, जहां मुद्दे से ज्यादा महत्व श्रेय को दिया जाता है। सवाल यह है कि क्या देश की आधी आबादी के अधिकार भी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की भेंट चढ़ेंगे? यह विधेयक केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं है। आज संसद में महिलाओं की भागीदारी लगभग 14-15 प्रतिशत के आसपास है, जो लोकतांत्रिक संतुलन के लिहाज से अपर्याप्त है। ऐसे में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नीति-निर्माण में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाएगा और निर्णयों को अधिक संवेदनशील तथा समावेशी बनाएगा। यह 'महिला विकास' से आगे बढ़कर 'महिला-नेतृत्व विकास' की दिशा में एक वैचारिक बदलाव भी है। फिर भी, इस पहल के साथ कुछ गंभीर सवाल जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ी चिंता इसका कार्यान्वयन है, जिसे परिसीमन और जनगणना से जोड़ दिया गया है। इसका सीधा अर्थ है कि यह कानून 2029 तक ही प्रभावी हो पाएगा। क्या यह देरी अनिवार्य है या राजनीतिक सुविधा का परिणाम? यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इतिहास गवाह है कि कई बार अच्छे कानून भी लागू होने में वर्षों की देरी के कारण अपना प्रभाव खो देते हैं। इसके अलावा, सीटों के रोटेशन की व्यवस्था भी एक जटिल मुद्दा है। लगातार बदलती सीटें महिला प्रतिनिधियों के लिए स्थिर राजनीतिक आधार तैयार करने में बाधा बन सकती हैं। लोकतंत्र में निरंतरता और अनुभव का महत्व कम नहीं आंका जा सकता, इसलिए इस व्यवस्था पर गंभीरता से पुनर्विचार आवश्यक है। विपक्ष द्वारा उठाया गया एक और महत्वपूर्ण मुद्दा है ओबीसी महिलाओं के लिए अलग आरक्षण का अभाव। यदि महिला आरक्षण का लाभ समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से नहीं पहुंचता, तो यह सशक्तिकरण अधूरा रह जाएगा। इसलिए यह जरूरी है कि इस कानून के क्रियान्वयन में सामाजिक न्याय के व्यापक पहलुओं को भी ध्यान में रखा जाए। आज जरूरत इस बात की है कि सभी दल इस मुद्दे पर राजनीति से ऊपर उठें। यह केवल सत्ता या विपक्ष का सवाल नहीं, बल्कि समाज के संतुलित विकास का प्रश्न है। महिला सशक्तिकरण को यदि सच में राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना है, तो इसे राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से अलग रखना होगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक अवसर है भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संतुलित और संवेदनशील बनाने का, लेकिन यह अवसर तभी सार्थक होगा, जब इसे ईमानदारी से लागू किया जाए और राजनीतिक दल इसके पीछे छिपे व्यापक उद्देश्य को समझें।

# महिला आरक्षणः नारी शक्ति से राष्ट्र शक्ति



संसद सत्र
डॉ. सतीश पूनिया

यह भारतीय जनता पार्टी की देश की आधी आबादी को उनका वांछित अधिकार दिलाने की मंशा और इच्छाशक्ति का भी सत्र है। गुरुवार को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र-शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2026 सदन में प्रस्तुत किए गए। इसके माध्यम से विधायिका में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने का प्रस्ताव है। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। पिछले एक दशक में देश और दुनिया ने यह अनुभव किया है कि भारत में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तौर पर सशक्त किया गया है।

संसद का यह विशेष सत्र भारतीय संसद के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। यह भारतीय जनता पार्टी की देश की आधी आबादी को उनका वांछित अधिकार दिलाने की मंशा और इच्छाशक्ति का भी सत्र है। गुरुवार को संसद में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र-शासित प्रदेश कानून (संशोधन विधेयक), 2026 सदन में प्रस्तुत किए गए। इसके माध्यम से विधायिका में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने का प्रस्ताव है। भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मोदी सरकार के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश और दुनिया ने यह अनुभव किया है कि भारत में महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तौर पर सशक्त किया गया है।

इसके लिए महिला आधारित अनेक योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। महिलाओं को राजनीतिक तौर पर सशक्त करने की उसी मंशा के अनुरूप मोदी सरकार विधानसभा और संसद में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के उद्देश्य से महिला आरक्षण के प्रावधान को शीघ्र लागू करने की दिशा में पहल की है। भारत पुरातन प्रवाह का राष्ट्र है। एक विशिष्ट इतिहास, संस्कृति और विरासत के कारण विश्व में एक पहचान वाला राष्ट्र है। जहां भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भिन्नताएं होते हुए भी 'अनेकता में एकता' ऐसा दृश्य परिलक्षित होता है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत आधुनिक युग में लोकतांत्रिक व्यवस्था की अक्षुण्णता के लिए भी माना जाता है। आज विश्व के मानचित्र पर भारत की एक आत्मनिर्भर स्वाभिमानी राष्ट्र की पहचान है। भारत के लोकतंत्र को दृढ़ता भारत के संविधान ने दी है जो एक वैशिष्ट्य लिए हुए है, जिसमें नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों में बखूबी उल्लेख किया गया है। भारत के संविधान में प्रदत समानता के अधिकारों ने इसे और पुष्ट किया है, इसलिए लैंगिक समानता के अवसर सुनिश्चित करने के लिए यह उत्कंठा हमेशा रही है कि गार्गी, मैत्रेयी के पुरातन परंपरा के देश में महिलाओं यानि आधी आबादी को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले ताकि शासन में, निर्णयों में भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ ही नारी के उत्थान और उत्कर्ष में पूर्वक अपना योगदान दे सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं को उनका वांछित अधिकार दिलाने का निर्णय भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और उसके नेतृत्व की महिलाओं के प्रति संवेदनशील नीति का ही आईना है। भारतीय जनसंघ और भाजपा के वैचारिक स्तंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपने 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांत में समाज को एक जीवंत इकाई के रूप में देखते हैं। उनके अनुसार, समाज के प्रत्येक अंग का सशक्त होना आवश्यक है और नारी इसमें केंद्रीय भूमिका निभाती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुरुष और स्त्री परस्पर पूरक हैं। किसी एक की उपेक्षा राष्ट्र को कमजोर बना देती है। यह दर्शन आज मोदी सरकार की नीतियों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहां महिला सशक्तिकरण को केवल सामाजिक न्याय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पुनरुत्थान का आधार माना गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की



भागीदारी को हमेशा प्राथमिकता दी। उन्होंने संसद में महिला आरक्षण विधेयक लाने का साहसिक प्रयास किया, भले ही वह उस समय राजनीतिक बाधाओं के कारण सफल नहीं हो सका। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनधन योजना शुरू हुई तो देश की 32 करोड़ से ज्यादा महिलाओं के बैंक खाते खुले। आज देश की बेटियां नए-नए बिजनेस में अपनी पहचान बना रही हैं। मुद्रा योजना में 60% से ज्यादा लोन महिलाओं ने लिए हैं। देश की स्टार्टअप क्रांति को भी महिलाएं लीड कर रही हैं। आज 42% से ज्यादा रजिस्टर्ड स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला डायरेक्टर है। यह हमारे लिए, देश के लिए और देश की आधी आबादी के लिए गौरव की बात है कि इस समय हमारे देश में राष्ट्रपति से लेकर वित्त मंत्री जैसे अहम पद महिलाएं ही संभाल रही हैं। उन्होंने देश की गरिमा और गौरव, दोनों को बढ़ाया है। साल 2023 में जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया था, तब भी सभी दलों ने सर्वसम्मति से इसे पास कराया था। तब एक सुर में ये बात भी उठी थी कि इसे हर हाल में 2029 तक लागू हो जाना चाहिए। खासकर, हमारे विपक्ष के सभी साथियों ने मुखर होकर इस बात पर जोर डाला था कि 2029 में ये लागू हो जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने उसी संकल्प को पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में महिला सशक्तिकरण को लेकर जो ठोस कदम उठाए गए हैं, उन्होंने समाज की संरचना को बदलने का कार्य किया है। फिर चाहे वह सम्मानजनक जीवन जीने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालयों के निर्माण की बात हो, या फिर 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने का प्रयास हो। यह योजनाएं केवल सुविधाएं नहीं, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और आत्मसम्मानी बनाने के साधन हैं। आर्थिक सशक्तिकरण के मोर्चे पर भी मोदी सरकार लगातार महिलाओं के लिए कार्य कर रही हैं। जन-धन खातों, स्वयं सहायता समूहों और मुद्रा योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। आज ग्रामीण भारत में लाखों महिलाएं उद्यमिता की ओर अग्रसर हैं। लखपति दीदी के माध्यम से मोदी सरकार ने महिलाओं को उद्यमिता में आगे बढ़ाने का काम किया है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान के माध्यम से महिलाओं के प्रति समाज की सोच में क्रांतिकारी बदलाव लाने में मोदी सरकार ने अभूतपूर्व काम किया। इस अभियान से निश्चित रूप से सामाजिक मानसिकता में परिवर्तन आया है। इसका परिणाम भी हमें पिछले दस-ग्यारह वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिला है। खेल, विज्ञान, शिक्षा, राजनीति और आर्थिक क्षेत्र में देश की महिलाओं ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। 73वें और 74वें संविधान संशोधन के बाद पंचायतों में महिलाओं को आरक्षण तो मिला, लेकिन लंबे समय तक 'सरपंच पति' जैसी प्रवृत्तियां इस व्यवस्था को कमजोर करती रहीं।

मोदी सरकार ने 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' के माध्यम से इस प्रवृत्ति को चुनौती दी है। सशक्त पंचायत - नेत्री अभियान जैसी महत्वपूर्ण पहल से पूरे देश में पंचायती राज संस्थाओं की महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को सशक्त किया गया। 4 मार्च 2025 को नई दिल्ली में 'सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान' का शुभारंभ किया गया। वर्षों की जड़ता और संघर्ष तथा विमर्श के बाद मोदी सरकार में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक उल्लेखनीय, ऐतिहासिक एवं स्तुत्य कदम है। 2029 तक संसद और विधानसभाओं में में 33% महिला प्रतिनिधित्व का लक्ष्य भारत को न केवल एक आर्थिक शक्ति, बल्कि एक न्यायपूर्ण और समावेशी लोकतंत्र के रूप में स्थापित करेगा।

( लेखक भाजपा हरियाणा प्रभारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आधी दुनिया
महेन्द्र तिवारी



# लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी का भविष्य

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है, लेकिन प्रतिनिधित्व के स्तर पर यह लंबे समय तक आधा अधूरा रहा है क्योंकि जनसंख्या का लगभग आधा हिस्सा होने के बावजूद महिलाएं राजनीतिक संस्थाओं में पर्याप्त रूप से शामिल नहीं हो पाई हैं। इसी ऐतिहासिक असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से 2023 में पारित संविधान का संशोधन अधिनियम, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा जाता है, एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सामने आया। यह अधिनियम लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए भी उप आरक्षण शामिल है। यह कानून लगभग 27 वर्षों से चल रही बहस और राजनीतिक प्रयासों का परिणाम है। 19 सितंबर 2023 को इसे लोकसभा में प्रस्तुत किया गया और 20 तथा 21 सितंबर को दोनों सदनों से पारित कर दिया गया। 28 सितंबर 2023 को राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद यह संविधान का हिस्सा बन गया। इस अधिनियम का उद्देश्य स्पष्ट है, लेकिन इसकी वास्तविकता को समझने के लिए वर्तमान स्थिति पर नजर डालना जरूरी है। आज लोकसभा की 543 सीटों में से केवल 74 सीटों पर महिलाएं हैं, जो लगभग 13.6 प्रतिशत है। यह संख्या 2019 के 78 से थोड़ी कम है। वहीं देशभर में कुल 4666 सांसदों और विधायकों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत के आसपास है। 2024 के लोकसभा चुनाव में कुल 8360 उम्मीदवारों में केवल 797 महिलाएं थीं, यानी लगभग 9.6 प्रतिशत, और लगभग 28 प्रतिशत सीटों पर कोई महिला प्रत्याशी ही नहीं था। यह आंकड़े इस बात को स्पष्ट करते हैं कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी अभी भी संरचनात्मक बाधाओं से घिरी हुई है। इसके विपरीत यदि पंचायती राज संस्थाओं को देखा जाए तो तस्वीर बिल्कुल अलग दिखाई देती है। यहां महिलाओं की भागीदारी लगभग 46.6 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और कई राज्यों में यह 50 प्रतिशत से भी अधिक है। यह अनुभव इस बात का प्रमाण है कि जब आरक्षण को सही तरीके से लागू किया जाता है तो महिलाएं न केवल प्रतिनिधित्व प्राप्त करती हैं बल्कि प्रभावी नेतृत्व भी प्रस्तुत करती हैं। वैश्विक तुलना में भी भारत पीछे है। रवांडा में संसद में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 64 प्रतिशत है, क्यूबा में 53 प्रतिशत, निकारागुआ में 52 प्रतिशत और संयुक्त अरब अमीरात में 50 प्रतिशत। इस परिप्रेक्ष्य में भारत का आंकड़ा अपेक्षाकृत कम है, जो यह दर्शाता है कि केवल लोकतांत्रिक ढांचा पर्याप्त नहीं है, बल्कि समावेशी नीतियों की भी आवश्यकता होती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इस कमी को दूर करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है, लेकिन इसके कार्यान्वयन से जुड़ी शर्तें इसे जटिल बना देती हैं। अधिनियम में जोड़ा गया अनुच्छेद 334ए यह स्पष्ट करता है कि महिलाओं के लिए आरक्षण तब तक लागू नहीं होगा, जब तक अगली जनगणना के आंकड़े प्रकाशित नहीं हो जाते और उसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती। इसका अर्थ यह है कि कानून पारित होने के बावजूद इसका प्रभाव तुरंत नहीं दिखेगा। यही बिंदु इस अधिनियम की सबसे बड़ी आलोचना का कारण भी बना हुआ है। 2021 की जनगणना पहले ही टल चुकी है और अब यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि नई जनगणना 2026 के बाद होगी। इसके बाद परिसीमन की प्रक्रिया भी समय लेगी, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि महिलाओं का आरक्षण 2029 या उससे भी बाद के चुनावों में लागू हो सकता है। इस देरी को कई विशेषज्ञ न्याय में विलंब के रूप में देखते हैं। हालांकि सरकार और कुछ संवैधानिक विशेषज्ञों का तर्क है कि बिना अद्यतन जनसंख्या आंकड़ों के सीटों का पुनर्वितरण करना उचित नहीं होगा। संविधान के अनुसार परिसीमन एक आवश्यक प्रक्रिया है ताकि प्रतिनिधित्व समान और संतुलित रहे। इस प्रकार यह बहस केवल राजनीतिक नहीं बल्कि संवैधानिक भी है। इस प्रकार नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐसा कानून है जो सिद्धांत रूप में अत्यंत प्रगतिशील है, लेकिन व्यवहार में कई जटिलताओं से घिरा हुआ है। यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, परंतु इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी शीघ्रता और प्रभावशीलता के साथ लागू किया जाता है। यदि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रियाओं को समय पर पूरा कर लिया जाता है तो यह अधिनियम भारत के लोकतंत्र को अधिक समावेशी और संतुलित बना सकता है। अन्यथा यह केवल एक अधूरी संभावना बनकर रह सकता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए।

## कोयला और चंदन



संकलित
प्रेरणा

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा-देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बच्चों की परीक्षाएं और क्रिकेट का उन्माद

हद होती है हर चीज की। लगभग चौबीस घंटे, बारह महीने क्रिकेट ही क्रिकेट का असहनीय शोर-शराबा। सबको मालूम है न कि भारत में मार्च-अप्रैल महीने विद्यार्थियों के लिए कितने ही अधिक महत्वपूर्ण हैं! आईपीएल तो हर साल ही होता है, और इस बार ये 'टी-20 वर्ल्ड कप' का हल्ला-गुल्ला भी निरंतर चलता रहा है। इन्हीं दो महीनों में लगभग सारे भारत के सभी स्कूलों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के विभिन्न प्रकार की बहुत सारी परीक्षाएं और एंट्रेंस टेस्ट होते हैं। ऐसे में देश के हर शहर, कालोनी, नुक्कड़, गली-मोहल्ले, गांव-देहात में घर-बाहर क्रिकेट का ये सर्वथा गैर-जरूरी शोर, हो-हल्ला तथा अवांछित चर्चाएं गंभीर और मेधावी विद्यार्थियों के लिए बड़ी चुनौती बने रहते हैं।

*- प्रवीण जोशी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### उत्तर प्रदेश में अब शांति



आज उत्तर प्रदेश में कोई अशांति नहीं है, सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जा रही है, मस्जिदों से माइक्रोफोन की आवाज नहीं आ रही है, कोई गोहत्या नहीं हो रही है, न ही लव जिहाद की कोई घटना घट रही है।

- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, उप्र

### टीएमसी की धारणा



असम में दस साल से भाजपा की सरकार है, लेकिन वहां के लोग मांसाहारी भोजन खाते हैं। तो फिर टीएमसी बंगाल में यह गलत धारणा क्यों फैला रही है कि भाजपा बंगाल में मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध लगा देगी ?

- **हिमंता बिस्वा सरमा**, सीएम, असम


### परिसीमन पर छल



हम महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन करते हैं, लेकिन इस सरकार द्वारा इसे पेश करने का तरीका राजनीतिक रूप से प्रेरित है। हमारी मांग है कि इस संशोधन को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने के बजाय इसे लागू करें। दूसरा, सरकार परिसीमन पर छल कर रही है।

- **मल्लिकार्जुन खरगे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

### कच्चे तेल की कीमतें



आरबीआई के पूर्वानुमानों के आधार पर, लगता है कि कच्चे तेल की कीमतों में आए अचानक उछाल के शांत होने के बाद ही ब्याज दरों में वृद्धि शुरू होगी। हालांकि, चिंता की बात यह है कि तब तक, जीएसटी युक्तिकरण के माध्यम से हासिल किया गया मूल्य सुधार बेअसर हो सकता है।

- **स्वामीनाथन पद्मनाभन, उद्यमी**

## करंट अफेयर

### लंदन में भारतीय उच्चायोग ने आंबेडकर की जयंती मनाई



लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने पुष्पांजलि अर्पित कर 'भारत रत्न' डॉ. बी. आर. आंबेडकर की 136वीं जयंती मनाई और समानता के बाबासाहेब के संदेश पर विचार साझा किया। बुधवार शाम को 'इंडिया हाउस' के आंबेडकर हॉल में आयोजित कार्यक्रम में 'फेडरेशन ऑफ अंबेडकराइट एंड बुद्धिस्ट ऑर्गेनाइजेशन्स' (एफएबीओ) ब्रिटेन के सदस्यों, छात्रों और समुदाय के नेताओं द्वारा भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता के दूरगामी सामाजिक-आर्थिक योगदान की प्रशंसा में काव्यात्मक प्रस्तुतियों से माहौल जीवंत हो उठा। इस मौके पर आंबेडकर के जीवन और करियर की कई प्रमुख घटनाओं को शामिल करते हुए एक वीडियो दिखाया गया, जिसमें लंदन में विधि छात्र के रूप में बिताये गए उनके समय को भी प्रदर्शित किया गया। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'आंबेडकर का यह संदेश कि लोकतंत्र का सार इस विचार में निहित है कि हम सभी लोगों के साथ समान व्यवहार करें, एक आधुनिक राष्ट्र के लिए काफी महत्व रखता है।' उन्होंने कहा, और बेशक, यह एक ऐसी यात्रा है जो न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में अब भी जारी है। हम लगातार असमानता और लैंगिक एवं सामाजिक आधार पर हिंसा के दौर में जी रहे हैं।

## ऑफ बीट

### भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा – और यहाx तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा-बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

पश्चिम बंगाल एसआईआर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

# चुनाव से पहले अपीलीय मंजूरी वालों को मिलेगा वोट का अधिकार, चुनाव के बीच आईएएस-आईपीएस के ट्रांसफर से जुड़ी याचिका को कर दिया खारिज

## सुनवाई के दौरान संविधान के अनुच्छेद 142 का किया जिक्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि चुनाव से ठीक पहले तक अपीलीय ट्रिब्यूनल से मंजूरी पाने वाले लोगों को मतदान का अधिकार दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा चुनाव से दो दिन पहले तक मंजूर किए जाएंगे, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति होगी। कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि 21 अप्रैल या 27 अप्रैल 2026 तक अपीलीय आदेशों को लागू करते हुए एक पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए, ताकि योग्य नागरिकों को मतदान से वंचित न होना पड़े।

कोर्ट ने ट्रिब्यूनल की मंजूरी को बताया आवश्यक

पात्र मतदाताओं को मतदान से नहीं किया जा सकता वंचित



### अपील प्रक्रिया पूरी होना आवश्यक

कोर्ट ने पष्ट किया कि जिनकी अपील लंबित है, उन्हें केवल इसी आधार पर मतदान का अधिकार नहीं दिया जाएगा। यानी अपील प्रक्रिया पूरी होना आवश्यक होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई यह पूरी जांच प्रक्रिया बेहद चुनौतीपूर्ण रही है, जिसे कम समय में पूरा करना एक वास्तविक रूप से कठिन कार्य था।

### चुनाव आयोग के फैसले को उचित ठहराया

सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के एक निवासी की याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में भारतीय चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसके तहत राज्य में विधानसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के बाद बंगाल से सीनियर आईएएस - आईपीएस अधिकारियों के एक बैच का दूसरे राज्यों में ट्रांसफर कर दिया गया था। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और विपुल एम. पंचोली की बेंच ने कहा कि उठाए गए मुद्दों में कानून के अहम सवाल शामिल हैं। हालांकि, राज्य में चुनावों के पहले चरण को देखते हुए हम इस एसएलपी पर सुनवाई करने के इच्छुक नहीं हैं।

बंगाल में चढ़ा सियासी पारा



### सरमा ने ममता को दिया असम आने का न्योता, नॉनवेज खाने पर भी बोले

असम के असम हिमंत बिस्वा सरमा ने कूच बिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता पर कई मामलों को लेकर निशाना साधा। सरमा ने कहा कि ममता मांसाहारी भोजन को लेकर झूठा डर फैला रही हैं। ममता डर फैला रही हैं कि अगर बंगाल में भाजपा की सरकार बनी तो नॉन-वेज खाने पर रोक लगाई जाएगी। सरमा ने ममता को असम आने का निमंत्रण देते हुए कहा कि वे यहां देखें कि असम में नॉन-वेज मिलता है या नहीं।

ममता के आरोप से हड़कंप

## भाजपा चुनावों के दौरान बम लगाने की ताक में, एनआईए का दुरुपयोग हो रहा

बंगाल की राजनीति में उस समय हलचल मच गई जब सीएम ममता बेनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। कूचबिहार के दिनहाटा मेंचुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि चुनाव के दौरान माहौल खराब करने की साजिश रची जा रही है। ममता ने कहा कि भाजपा चुनाव के समय राज्य में अशांति फैलाने के लिए बम लगाने की योजना बना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह मतदाताओं में डर पैदा हो सके। ममता ने एनआईए की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्य से किया जा रहा है। माहौल को और तनावपूर्ण बनाया जा रहा।



### एनआरसी लाने की कोशिश हो रही

ममताने माथाभंगा में एक चुनावी रैली में कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन से संबंधित विधेयकों को जोड़ना मतदाताओं के नाम हटाने और एनआरसी लागू करने की साजिश है। महिलाओं के आरक्षण और परिसीमन को जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है।

सीएम योगी ने टीएमसी को चुनौती

## भाजपा सरकार बनी तो बंगाल की सड़कों पर झाड़ू लगाएंगे माफिया और मौलाना

चुनावी रण में उतरे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिर ममता बेनर्जी और पर हमला बोला। सीएम योगी ने कांग्रेस, वामपंथियों और तृणमूल कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने के साथ भाजपा के विकास कार्यों को गिनाया। योगी ने मतदाताओं से कहा कि टीएमसी के गुंडे, माफिया भाजपा की सरकार में झाड़ू लगाएंगे।



### माफिया की हड्डी और पसली को बुलडोजर ठीक कर रहा

योगी ने कहा कि यहां माफिया राज का और कटमनी व करप्शन का अड्डा नहीं चाहिए। उत्तर प्रदेश में माफिया की हड्डी पसली बुलडोजर से ठीक की जा रही है।

### ममता दीदी राम नाम और दुर्गा पूजा नही करने देतीं

योगी ने कहाकि जिस तरह ममता दीदी राम नाम और दुर्गा पूजा से चिढ़ती हैं, उसी तरह उत्तर प्रदेश में भी चिढ़ थी। वेयहां पर पूजा -पाठ नहीं होने देती है।

टीवीके का घोषणा पत्र जारी



### परिवार प्रमुख को हर माह 2500 रुपए और 6 सिलेंडर मुफ्त

**चेन्नई।** अब अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी टीवीके ने चुनावी घोषणापत्र में कई वादे किए हैं। नुंगमबक्कम इलाके में ताज कोरोमंडल होटल में आयोजन किया गया। घोषणा पत्र में टीवीके ने कई लोकलुभावन वादे किए गए हैं, जैसे कि कुछ कर्ज माफी, परिवार प्रमुख को हर महीने 2500 रुपए की मदद और साल में 6 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने की बात।

## खबर संक्षेप

### 28 साल बाद फैसला 15 आरोपियों को उम्रकैद

**अररिया।** बिहार के अररिया जिले में वर्ष 1998 के बहुचर्चित



हत्याकांड में करीब 28 साल बाद अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय ने 15 आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है।प्रत्येक दोषी पर 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर 6 माह की अतिरिक्त सजा होगी।

### 'रणरागिनी' बाइक रैली में सड़कों पर उतरे लोग

मुंबई। नाशिक में कथित धर्मांतरण और यौन उत्पीड़न प्रकरण ने



नासिकवासियों में आक्रोश पैदा कर दिया है। इसके फलस्वरूप गुरुवार को 'रणरागिनी जनआक्रोश बाइक रैली' से महिलाओं और हिंदू संगठनों ने सड़कों पर उतरकर विरोध दर्ज कराया। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### हरियाणा कांग्रेस ने 5 विधायकों को किया सस्पेंड

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जिला नूंह की पुन्हाना सीट से विधायक



इलियास और जिला पलवल की हथीन सीट से विधायक इसराइल को कांग्रेस ने सस्पेंड कर दिया है। कांग्रेस पार्टी ने अपने कुल 5 विधायकों पर अनुशासनहीनता के आरोप में कार्रवाई की गई है। यह निर्णय राज्यसभा चुनाव में पार्टी के खिलाफ मतदान पर लिया है।

### दिल्ली-कश्मीर के बीच मालगाड़ी सेवा आज से

**नई दिल्ली।** उत्तरी रेलवे ने गुरुवार को बताया कि शुक्रवार से नई



दिल्ली के आदर्श नगर से कश्मीर के बडगाम के बीच संयुक्त पार्सल प्रोडक्ट रैपिड कार्गो सर्विस (जेपीपी-आरसीएस) ट्रेन चलाई जाएगी। उत्तरी रेलवे के बयान के अनुसार यह ट्रेन नई दिल्ली के आदर्श नगर स्टेशन और मध्य कश्मीर के बडगाम के बीच संचालित होगी।

केंद्रीय गृहमंत्री ने संसद में विपक्ष की आशंकाओं को सिरे से खारिज करते हुए इसे बेबुनियाद बताया

# दक्षिणी राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ेगी, परिसीमन को लेकर देशभर में फैलाया जा रहा भ्रम:शाह

शाह बोले, कल मैं विस्तार से जवाब दूंगा

## बशर्ते वे (विपक्ष) वॉकआउट न कर जाएं, केजी के बच्चों को जैसे समझाते हैं, वैसे समझा दूंगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गृहमंत्री अमित शाह ने परिसीमन के कारण दक्षिण के राज्यों का प्रतिनिधित्व कम होने की विपक्ष की आशंकाओं को सिरे से खारिज करते हुए इसे बेबुनियाद करार दिया है। लोकसभा में बृहस्पतिवार को महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा के दौरान अमित शाह ने दक्षिणी राज्यों की सीटों में कमी के आरोपों को खोखला बताते हुए जातीय जनगणना और परिसीमन पर भी स्थिति स्पष्ट की। शाह ने आश्वस्त किया कि 2029 में लोकसभा का चुनाव परिसीमन के बाद बढ़ी हुई सीटों और महिला आरक्षण के साथ होगा, उसके पहले सभी राज्यों में विधानसभा के चुनाव पुरानी सीटों पर ही होंगे।

शाह ने कहा कि बिल को पायलट करने वाले मंत्री के रूप में मैं सदन से अगर यह कह रहा हूं तो मैं पूरी जिम्मेदारी से कह रहा हूं।

कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु का आंकड़ा विशेष रूप से पेश करते हुए कहा कि इन पांच राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या 129 से बढ़कर 195 हो जाएगी जबकि प्रतिनिधित्व 23.76 से बढ़कर 23.87 होगा। ध्यान रहे कि दक्षिण के कुछ नेता यह प्रचारित कर रहे हैं कि परिसीमन से दक्षिण का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सदन में 543 सांसद हैं। कर्नाटक के करीब 15 फीसदी सांसद यहां आते हैं। संविधान संशोधन के बाद कर्नाटक के सांसदों की संख्या 28 से होकर 42 हो जाएगी। आंध्र प्रदेश की अभी 25 सीटें हैं और उसका प्रतिनिधित्व 4.60% है। उसकी सीटें हो जाएंगी 38 और हिस्सेदारी 4.65 फीसदी हो जाएगी। तेलंगाना के सांसदों की मौजूदगी 3.13 फीसदी है, उनकी हिस्सेदारी 3.18 फीसदी है। मैं कह रहा हूं कि आपकी शक्ति कम नहीं होगी, बल्कि बढ़ जाएगी। अभी तमिलनाडु की हिस्सेदारी है 7.18 फीसदी है, वह बढ़कर हो जाएगी 7.23 फीसदी। केरल की हिस्सेदारी 3.68 की जगह 3.67 फीसदी हो जाएगी। ये जो दक्षिण का नैरेटिव है, 543 में से 129 सांसद दक्षिण के सांसद सदन में बैठते हैं। 23. 76 फीसदी उनकी हिस्सेदारी है। आगे 150 सांसद बैठेंगे और 23.97 फीसदी सांसद यहां बैठेंगे।

अमित शाह ने 50 फीसद सीटें बढ़ाने का कोई आधार नहीं होने के विपक्ष के आरोपों को भी खारिज कर दिया। विपक्ष के कई सांसदों ने आरोप लगाया था कि सरकार ने मनमाने तरीके से 50 फीसद सीटें बढ़ाने का फैसला कर लिया है। शाह ने बताया कि 50 फीसद सीट बढ़ाने का फैसला सीधे महिला आरक्षण से जुड़ा हुआ है।

आंकड़ों के साथ उन्होंने बताया कि यदि 100 सीटों वाली लोकसभा में सामान्य सीटों की संख्या कम किए बिना 33 फीसद आरक्षण का प्रविधान करना हो, तो उसकी सीटें 50 फीसद बढ़ानी होगी। ऐसे में 150 सीटों में 50 सीटें महिलाओं के आरक्षित होने के साथ ही सामान्य के लिए 100 सीटें बची रह



जाएंगी। इसी फार्मूला पर लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों से बढ़ाकर 815 किया गया है।

उन्होंने सीटों की उच्चतम सीमा को 850 किये जाने को मौजूदा व्यवस्था से जुड़ा बताया। शाह के अनुसार लोकसभा में अधिकतम सीटें 550 तय हैं, लेकिन मौजूदा सीटें 543 ही हैं। अमित शाह ने संविधान संशोधन पास होते ही राज्यों में बढ़ी हुई सीटों पर चुनाव होने की आशंकाओं को भी खारिज कर दिया। शाह ने कहा कि हमने परिसीमन आयोग कानून में कोई बदलाव नहीं किया है। जो कांग्रेस ने बनाया था वैसा ही है। यदि विपक्ष पहले परिसीमन आयोगका दुरुपयोग करती रही हो, तो भी वे इसका दुरूपयोग नहीं करने का आश्वासन देते हैं।

अमित शाह ने महिला आरक्षण और परिसीमन के सहारे लोकतंत्र को खत्म करने के विपक्ष के आरोपों का तीखा प्रतिकार किया। शाह ने कहा कि किसी ताकत नहीं है, जो लोकतंत्र को खत्म कर सके। आपातकाल की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों को देश की जनता ने करारा जवाब दिया था। शाह ने कहा कि देश की 130 करोड़ जनता को भटकाया नहीं जा सकता है। उसका दिल जीतकर ही कोई सत्ता में आ सकता है।

अमित शाह ने आगे कहा कि कुछ सदस्य कह रहे हैं कि सरकार जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती। मैं कह रहा हूं कि हम यह निर्णय कर चुकी है और जातीय जनगणना होकर रहेगी। एक भ्रांति फैलाई जा रही है कि जो जनगणना हो रही है, उसमें जाति का जिक्र नहीं है। अभी इमारतों की गिनती चल रही है तो जब इनकी जाति होगी तो इसकी भी गिनती कर ली जाएगी। अभी सिर्फ इंसानों की जाति होती है तो जब उनकी गिनती होगी तब हम जातीय जनगणना करेंगे। 850 का आंकड़ा ऐसे बना है कि अगर 33 फीसदी मातृशक्ति को आरक्षण देना है तो 543 सदस्य जो बैठे हैं इसमें 50 फीसदी वृद्धि होगी और उसका 33 फीसदी माताओं के लिए आरक्षित होगा, जिसमें महिलाएं ही लड़ेंगी।

उन्होंने कहा कि विधेयक में लिखा नहीं, मेरा समय ले लें मैं पूरा पढ़ा दूंगा। ये कह रहे हैं कि परिसीमन आयोग में आप अपने लोग बिठा दोगे। लेकिन हम बता दे रहे हैं कि हमने परिसीमन आयोग में कोई बदलाव नहीं किया है। आपका ही परिसीमन से जुड़ा कानून ही लागू है। अगर आपने कोई बदलाव या छेड़छाड़ की भी होगी, तो भी हम अब नहीं कर रहे।

बंगाल में चुनाव हो रहे हैं। मैं स्पष्ट कर देता हूं कि यह परिसीमन आयोग की रिपोर्ट तभी लागू होगी, जब संसद इसे मंजूर करेगी। 2029 तक भी जो चुनाव होंगे, वह पुरानी व्यवस्था के तहत ही होगी। अखिलेश जी को भी डरने की जरूरत नहीं है। हालांकि, वे जीतेंगे नहीं, लेकिन उन्हें डरने की जरूरत नहीं है।

कुछ लोग कह रहे हैं कि हम सत्ता की लालसा के लिए यह बदलाव कर रहे हैं। मैं पूछता हूं कि 130 करोड़ का जनमत कौन मैनिपुलेट कर सकता है। आपने हमारी शक्तियों को जरूरत से ज्यादा आंक लिया है। जहां तक लोकतंत्र को खत्म करने की बात कही है, किसी की भी ताकत नहीं है इस देश से लोकतंत्र को खत्म करने की, जिन्होंने प्रयास किया इमरजेंसी के वक्त जनता ने उन्हें खत्म कर दिया, पर लोकतंत्र खत्म नहीं हुआ।

हैंडलूम विकास आयुक्त कार्यालय ने पहली बार प्रतियोगिता की पहल की

# विश्व सूत्र- वीव्स ऑफ इंडिया फॉर द वर्ल्ड: मिस इंडिया मंच पर दिखेगा भारतीय हथकरघा का 'वैश्विक वैभव'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत हैंडलूम विकास आयुक्त कार्यालय ने पहली बार प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता फेमिना मिस इंडिया के साथ साझेदारी कर भारतीय हथकरघा (हैंडलूम) की समृद्ध परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने की ऐतिहासिक पहल की है।

इस पहल के तहत 'विश्व सूत्र – वीव्स ऑफ इंडिया फॉर द वर्ल्ड' थीम पर एक विशेष हैंडलूम कलेक्शन फेमिना मिस इंडिया के ग्रैंड फिनाले में प्रदर्शित किया जाएगा। इस कलेक्शन के माध्यम से भारतीय बुनकरों की अद्वितीय कला, सांस्कृतिक विविधता और हैंडलूम सेक्टर की सतत (सस्टेनेबल) विशेषताओं को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाया जाएगा।

### राज्यवार परंपरा, वैश्विक अंदाज

इस पहल की सबसे खास बात यह है कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की विजेताएं अपने-अपने क्षेत्र की पारंपरिक बुनाई से प्रेरित परिधान पहनेंगी। इन परिधानों को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वे किसी एक विदेशी देश की सांस्कृतिक झलक के साथ भारतीय टेक्सटाइल विरासत का अनूठा संगम प्रस्तुत करें। इस तरह भारत की स्थानीय बुनाई परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय फैशन नैरेटिव से जोड़ा जा रहा है।

### देशभर की प्रसिद्ध बुनाई का प्रदर्शन

इस विशेष कलेक्शन में भारत की कई प्रतिष्ठित हथकरघा परंपराओं को शामिल किया गया है, जिनमें प्रमुख हैं, बनारसी ब्रोकेड, लेपचा बुनाई, कांचीपुरम सिल्क, कोटा डोरिया, महेश्वरी पटोला, इकट, कसावु, पैठणी, फुलकारी, जामदानी, कुल्लू शॉल, उप्पड़ा, खुण, पश्मीना, मुगा सिल्क और इलकल शामिल है। सभी परंपराएं भारत की सांस्कृतिक विविधता और हस्तशिल्प कौशल की गहराई को दर्शाती हैं।

### सरकार का उद्देश्य

हैंडलूम विकास आयुक्त डॉ. एम. बीना ने कहा कि इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य है युवा पीढ़ी के बीच हैंडलूम की लोकप्रियता बढ़ाना। ताकि फैशन इंडस्ट्री और अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी पहचान मजबूत हो सके। उन्होंने कहा। 'हैंडलूम ऐज हेरिटेज, हैंडलूम ऐज फ्यूचर' के संदेश को आगे बढ़ाना है।

### भारत में हैंडलूम का महत्व

भारत दुनिया की सबसे समृद्ध हथकरघा परंपराओं में से एक का घर है। कृषि के बाद यह क्षेत्र 35 लाख से अधिक बुनकरों और सहायक श्रमिकों को रोजगार देता है। पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में हैंडलूम की मांग लगातार बढ़ रही है।

### 'लोकल से ग्लोबल' की दिशा में कदम

यह पहल केंद्र सरकार की "वोकल फॉर लोकल से ग्लोबल" नीति और प्रधानमंत्री के 5एफ फॉर्मूले के अनुरूप है। इसका उद्देश्य है पारंपरिक उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना, कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त करना और भारतीय फैशन और टेक्सटाइल को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना। टेक्सटाइल मिनिस्ट्री के एक आला अधिकारी ने कहा, "विश्व सूत्र" पहल केवल एक फैशन शो नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की एक रणनीतिक कोशिश है। यह न सिर्फ देश के लाखों बुनकरों के लिए नए अवसर पैदा करेगा, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पहचान को भी दुनिया के सामने और मजबूती से प्रस्तुत करेगा।

सीएम सैनी ने कहा, एचआरएमएस 2.0 की प्रगति ई-ऑफिस के उपयोग और जवाबदेही तय हो

# सीएफएमएस पर लंबित फाइलों का 15 दिन में निपटारा करें सुनिश्चित: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएफएमएस पोर्टल पर लंबित सभी फाइलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए।

किसी भी प्रकार की देरी प्रशासनिक कार्यों को प्रभावित करती है, इसलिए फाइलों को समयबद्ध तरीके से निपटाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निपटारा अधिकतम 15 दिनों के भीतर पोर्टल के माध्यम से किया जाए। वे गुरुवार को सिविल सचिवालय में ह्यूमैन रिसोर्स मॉड्यूल की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सैनी ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर सीएफएमएस में लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा करें और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करें। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर फाइलों को समय-समय पर अपडेट करना भी उतना ही आवश्यक है, ताकि कार्यों की पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस के पूर्ण क्रियान्वयन से न केवल कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और दक्षता भी बढ़ेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर महीने इसकी नियमित समीक्षा की जाए और वे स्वयं भी इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। मुख्यमंत्री ने एचआरएमएस के अंतर्गत मौजूद सभी 18 मॉड्यूल्स को विभागवार अपनाने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे मानव संसाधन प्रबंधन में एकरूपता और सुगमता आएगी। सैनी ने एचआरएमएस 2.0 के विकास की प्रगति, संबंधित अधिनियम की अधिसूचना की स्थिति और इसके क्रियान्वयन की समय-सीमा की भी समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा, अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करें जबकि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि फाइलों का समय पर निपटारा सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि प्रदेश के विकास कार्य निर्बाध रूप से चलते रहें और जनता को बेहतर सेवाएं मिलती रहें। बैठक में हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, ट्रेजरी एंड अकाउंट्स के डायरेक्टर जनरल सीजी रजनीकांथन, एचआरडी की डायरेक्टर मनदीप कौर, सीएमजीजीए के निदेशक डा. यशपाल व अधिकारी मौजूद रहे।

# एक दिन में 230 वाला शेयर हुआ 1,840 रुपये का, कंपनी की पलटी किस्मत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्टॉक मार्केट में अक्सर चमत्कार होते हैं। ऐसा ही अमेरिकी शेयर बाजार में बुधवार को हुआ। घाटे की वजह से दिवालिया होने की कगार पर खड़ी ऊन के जूते बनाने वाली कंपनी ऑलबड्र्स के शेयर अचानक रॉकेट बन गए।


■ दिवालिया होने की कगार पर खड़ी थी कंपनी

लेकिन फिर एक ऐसा ऐलान हुआ जिसने न केवल कंपनी का नाम बदल दिया, बल्कि इसके गिरते हुए शेयरों को 'रॉकेट' बना दिया। कंपनी का शेयर महज 2.49 डॉलर (करीब 230 रुपए) पर खुला लेकिन शाम को बंद 16.99 डॉलर (करीब 1,840 रुपए) पर हुआ। यानी एक दिन में ही 582 प्रतिशत का उछाल। कंपनी की डूबती नैया को 'एआई' ने ऐसी रफ्तार दी कि रातों-रात निवेशकों की चांदी हो गई और कंपनी का बाजार पूंजीकरण भी 22 मिलियन डॉलर से उछलकर 150 मिलियन डॉलर हो गया।

## अमेरिकी शेयर बाजार में हुआ यह अजूबा

### क्या टिक पाएगी तेजी

बाजार के विशेषज्ञ इस बदलाव को 'अवसरवादिता' मान रहे हैं। स्वतंत्र रिटेल कंसल्टेंट ब्रूस विंडर का मानना है कि यह केवल एआई की मौजूदा 'हाइप' का फायदा उठाने की कोशिश है। जब भी कोई नई तकनीक आती है, डूबती कंपनियां उसका नाम ओढ़कर निवेशकों को रिझाने की कोशिश करती हैं। डॉट-कॉम दौर में कंपनियों ने नाम के पीछे '.com' लगाया था। क्रिप्टो लहर में 'लॉन्ग आइलैंड आइस्ड टी' ने अपना नाम 'लॉन्ग ब्लॉकचेन' कर लिया था। विशेषज्ञों का कहना है कि ऑलबड्र्स के पास फिलहाल एआई के क्षेत्र में कोई ठोस अनुभव या इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है, केवल एक योजना और नया नाम है।



### कंपनी की वैल्यूएशन पहले 4 अरब डॉलर थी

ऑलबड्र्स की वैल्यूएशन कभी 4 अरब डॉलर से अधिक हुआ करती थी। लेकिन खराब मांग और घाटे के कारण यह कंपनी महज 22 मिलियन डॉलर की रह गई थी। इसके स्टोर बंद हो रहे थे और भविष्य अंधकारमय लगने लगा था। ऐसे में कंपनी ने एक चौंकाने वाला फैसला लिया। ऑलबड्र्स ने घोषणा की है कि वह अब जूते नहीं बनाएगी, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इंफ्रास्ट्रक्चर की दुनिया में कदम रखेगी। बस इसी ऐलान ने निवेशकों में जोश भर दिया। ऑलबड्र्स 2021 में बाजार में लिस्ट हुई थी। तब से हर साल इसके शेयर गिरते रहे हैं।

### न्यूबर्ड एआई का जन्म

ऑलबड्र्स अब खुद को पूरी तरह से बदलने जा रही है। कंपनी ने घोषणा की है कि वह अपने फुटवियर बिजनेस को अलविदा कहकर अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंफ्रास्ट्रक्चर की दुनिया में उतरेगी। इस नए अवतार में कंपनी का नाम होगा न्यूबर्ड एआई। कंपनी 50 मिलियन डॉलर की नई फंडिंग के जरिए हाई-परफॉर्मेंस जीपीयू इंफ्रास्ट्रक्चर खरीदेगी। ऑलबड्र्स का लक्ष्य भविष्य में खुद को एक 'जीपीयू-एज-ए-सर्विस' और 'एआई-नेटिव क्लाउड सॉल्यूशंस' प्रदाता के रूप में स्थापित करना है।

## खबर संक्षेप

### फ्लिपकार्ट, उबर ने ग्राहकों को लाभ देने की साझेदारी




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट और ऑनलाइन कैब बुकिंग की सुविधा देने वाले मंच उबर ने साझेदारी की घोषणा की। इसके तहत फ्लिपकार्ट के 'सुपरकॉइन्स' रिवॉर्ड कार्यक्रम को उबर की वाहन सेवाओं में एकीकृत किया गया है। बुक प्रत्येक पात्र कैब यात्रा पर अपने किराये का चार प्रतिशत 'सुपरकॉइन्स' के रूप में प्राप्त कर सकते हैं।

### चीन की अर्थव्यवस्था पांच प्रतिशत की दर से बढ़ी



**हांगकांग।** चीन की अर्थव्यवस्था में 2026 की पहली तिमाही में तेजी आई और यह सालाना आधार पर पांच प्रतिशत की दर से बढ़ी। बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। जनवरी-मार्च 2026 के आंकड़े अर्थशास्त्रियों के अनुमान से बेहतर रहे और अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में दर्ज 4.5 प्रतिशत वृद्धि से भी अधिक हैं।

### विप्रो का मुनाफा 1.89% घटकर 3502 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो का बीते वित्त वर्ष की चौथी (मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 1.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,501.8 करोड़ रुपये रहा है। 2024-25 की चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 3,569.6 करोड़ रुपये था। 2025-26 की चौथी तिमाही में उसकी आमदनी 7.6 प्रतिशत बढ़कर 24,236.3 करोड़ रुपये हो गई।

## सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर पंजीकरण किया जाएगा

# सेबी ने गैर-लाभकारी इकाइयों के लिए पंजीकरण वैधता अवधि बढ़ाई

**बांड के लिए न्यूनतम बोली आवश्यकता को कम किया गया**

**शून्य ब्याज व मूलधन उत्पाद की संरचना बांड के समान होती है**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने गैर-लाभकारी इकाइयों के लिए सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर पंजीकरण वैधता अवधि बढ़ा दी है। इन इकाइयों को बिना कोई कोष जुटाये तीन साल के लिए गैर-सरकारी संगठन के रूप में पंजीकरण की अनुमति दी गयी है। साथ ही शून्य ब्याज शून्य मूलधन (जेडसीजेडपी) वाला बॉन्ड जारी करने के लिए न्यूनतम बोली आवश्यकता को कम कर दिया गया है।

शून्य ब्याज शून्य मूलधन उत्पाद की संरचना बॉन्ड के समान होती है। एक पारंपरिक बॉन्ड में, जारीकर्ता को परिपक्वता पर ब्याज और मूलधन का भुगतान करना होता है। हालांकि, चूंकि जेडसीजेडपी उत्पाद ऋण के बजाय दान मांगने वाले संगठनों द्वारा जारी किए जाते हैं, इसलिए जारीकर्ता को इकाइयों को ब्याज (शून्य कूपन) या मूलधन (शून्य मूलधन) वापस करने की आवश्यकता नहीं होती है।

### छूट कुछ ही परियोजनाओं पर लागू होगी

*सेबी ने कहा कि यह छूट केवल उन परियोजनाओं पर लागू होगी जहां लागत और परिणाम स्पष्ट रूप से प्रति इकाई आधार पर लागू किए जा सकते हैं। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि आंशिक बोली या अभिदान से परियोजना के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। ऐसे मामलों में, एसएसई को यह सुनिश्चित करने के लिए उचित जांच-पड़ताल करनी होगी कि कम बोली सीमा पर जुटाई गई राशि का उपयोग निर्धारित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सार्थक रूप से किया जा सके।*

### बोली पूरी न होने पर निवेशकों को राशि वापस

*नियामक ने यह भी कहा कि यदि न्यूनतम बोली आवश्यकता पूरी नहीं होती है तो निवेशकों को राशि वापस कर दी जाएगी। सेबी ने कहा, ''न्यूनतम बोली राशि जेडसीजेडपी जारी करके जुटाई जाने वाली राशि का 75 प्रतिशत होनी चाहिए। न्यूनतम बोली राशि 50 प्रतिशत होगी यदि जुटाई गई राशि का उपयोग इस प्रकार किया जा सके कि वह जारी करने के समय घोषित उद्देश्य के अनुरूप हो ताकि परियोजना का क्रियान्वयन व्यावहारिक और सार्थक बना रहे।''*

### न्यूनतम बोली को घटाकर 75 से 50 फीसदी किया गया

हालांकि, यह शेयर बाजार की मंजूरी पर निर्भर करेगा। इसके अतिरिक्त, नियामक ने गैर-लाभकारी संगठनों के लिए कोष जुटाने में लचीलापन बढ़ाने के लिए शून्य ब्याज शून्य मूलधन उत्पादों के लिए न्यूनतम बोली आवश्यकता को 75 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया है।




**जारीकर्ता को परिपक्वता पर ब्याज और मूलधन का भुगतान करना होता है**

### कोष जुटाने एक वर्ष और बढ़ाया जा सकता है

सेबी ने गैर-लाभकारी संगठनों के समक्ष आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय किया है। इन चुनौतियों में वैधानिक और नियामकीय मंजूरी में देरी शामिल है। नियामक ने कहा, एक गैर-लाभकारी संगठन सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर पंजीकरण करा सकता है और पंजीकरण की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए इसके माध्यम से कोष नहीं जुटाने पर उसे छूट है। इस दो वर्ष की अवधि को एक अतिरिक्त वर्ष के लिए और बढ़ाया जा सकता है।

# वित्तीय कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स टूटा

एजेंसी ⏭ मुंबई



■ सेंसेक्स में 123 अंक की आई गिरावट

■ निफ्टी 24,200 अंक के नीचे बंद

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 123 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 24,200 अंक के नीचे बंद हुआ। हाल की तेजी के बाद बैंक और वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 122.56 अंक की गिरावट के साथ 77,988.68 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और 78,730.32 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली से यह गिरावट के साथ 77,674.93 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत टूटकर 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत के बीच दोनों मानक सूचकांकों में बुधवार को एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा 1.75 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई।

### भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या में 20% गिरावट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या में 15-20 प्रतिशत की गिरावट आई है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। इसके अनुसार, संघर्ष के कारण पैदा हुई बाधाओं के चलते विमानन उद्योग को करीब 18,000 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा होने की आशंका है। 'भारत के पर्यटन, विमानन और आतिथ्य क्षेत्रों पर पश्चिम एशिया संघर्ष का प्रभाव' शीर्षक वाली रिपोर्ट में बताया गया कि विमानन क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। एयरलाइन कंपनियों को उड़ानें रद्द करने, हवाई क्षेत्र के प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के मार्ग में बड़े बदलावों का सामना करना पड़ रहा है। इन बाधाओं के कारण प्रमुख मार्गों पर उड़ान के समय में 2-4 घंटे की वृद्धि हुई है, जिसके चलते ईंधन की खपत और परिचालन लागत में भारी वृद्धि हुई है। एयरलाइन की परिचालन लागत में ईंधन की हिस्सेदारी 35-40 प्रतिशत होती है, और वर्तमान स्थिति ने एयरलाइन की लाभप्रदता पर दबाव डाला है। दुनिया के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक पश्चिम एशिया के हवाई गलियारों में व्यवधान ने संपर्क की सुविधा को कम कर दिया है और हवाई किराये में वृद्धि की है।

### रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ 93.23 प्रति डॉलर पर

**मुंबई (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में संघर्ष विराम की उम्मीदों के बीच वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के चलते रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे मजबूत होकर 93.23 (अस्थायी) पर रहा।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि आयातकों की ओर से डॉलर की मांग बढ़ने और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि कच्चे तेल की कीमतें 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहने से घरेलू मुद्रा में तेजी आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.29 पर खुला और दिन के कारोबार में डॉलर के मुकाबले 93.16 के ऊपरी और 93.35 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 93.23 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की बढ़त है।

# मजबूत वैश्विक संकेतों से चांदी 1,700 रुपये चढ़ी, सोना टूटा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 1,700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसकी वजह लगातार मांग और मजबूत वैश्विक रुख था, जबकि निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रम और मुद्रा के उतार-चढ़ाव पर नजर रखे हुए थे।



अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी 1,700 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 2,58,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई, जबकि पिछली सत्र में यह 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत वाला सोना 200 रुपये टूटकर 1,57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। बुधवार को, सोने की कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को सोने में सीमित दायरे में कारोबार हुआ, जो मिले-जुले बाजार संकेतों को दिखाता है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास चल रही अस्थिरता ने डॉलर की सुरक्षित निवेश मांग को समर्थन दिया, जिसने कीमती धातु के लिए एक बड़ी रुकावट का काम किया। गांधी ने कहा कि डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में सुधार ने कीमती धातु में बढ़त को और कम कर दिया। हालांकि, अमेरिका और ईरान के बीच नए राजनयिक जुड़ाव की उम्मीदों से कुल जोखिम धारणा में सुधार हुआ।

# तनिष्क ने नए कलेक्शन में प्राकृतिक जेमस्टोन आभूषणों को दी नई पहचान




**कोलकाता।** भारत का अग्रणी ज्वेलरी ब्रांड और टाटा परिवार का एक हिस्सा, तनिष्क ने अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर लेकर आया है, प्राकृतिक रंगीन जेमस्टोन्स का जादू- पना नया और खास कलेक्शन 'ह्यूज़'। भारतीय ग्राहकों की जेमस्टोन्स के प्रति लगातार बढ़ती रूचि को देखते हुए, प्रस्तुत किया गया, 100 प्रतिशत प्राकृतिक जेमस्टोन्स से सजा यह कलेक्शन शुद्धता और बेहतरीन डिज़ाइन के प्रति तनिष्क की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आज की आधुनिक महिलाएँ अपनी एक अलग और खास पहचान चाहती हैं, और तनिष्क का यह अंदाज़ उनकी इसी पसंद को ध्यान में रखकर बनाया गया है। चाहे ऑफिस का डेली लुक हो या किसी खास फंक्शन की रौनक, ये जेमस्टोन्स आपके हर पल को खास बना देंगे। यह कलेक्शन भारतीय गर्मी के मौसम के रंगों और उसके खुलेपन से प्रेरित है। इन रंगों और एहसास को आधुनिक और कलात्मक डिज़ाइनों में ढाला गया है। हर आभूषण के केंद्र में एक जेमस्टोन है। जेमस्टोन्स की प्राकृतिक चमक और गहराई को निखारने के लिए उसके आस-पास की बनावट और शेप को बहुत बारीकी से तैयार किया गया है। इस कलेक्शन में आपको जेमस्टोन्स की कई तरह की कट्स का जादू देखने को मिलता है-चाहे वो क्लासिक 'मार्कीज़' हो, बारीकी से तराशा गया 'ताबीज़' कट हो या रेशमी एहसास वाले 'कैबोचोन' स्टोन्स। हर कट जेमस्टोन्स की एक अलग चमक और शख्सियत को उभारता है। रंगों को परतों में सजाने और 'बंचिंग' व 'स्लाइसिंग' जैसी तकनीकों के इस्तेमाल से इन आभूषणों में एक गहराई और हलचल का एहसास होता है।

### अशोक लेलैंड ने पेश किए दो ईंधन वाले एलसीवी मॉडल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वाणिज्यिक वाहन कंपनी अशोक लेलैंड ने पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद मांग मजबूत बनी होने का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित उसके संयंत्र के उत्पादन पर असर पड़ा है। कंपनी के अध्यक्ष (हल्के वाणिज्यिक वाहन, अंतरराष्ट्रीय परिचालन, रक्षा एवं बिजली समाधान) अमनदीप सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मौजूदा हालात का वित्त वर्ष 2026-27 के प्रदर्शन पर संभावित असर का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन भारत में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। सिंह ने कहा कि पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात के कारण लॉजिस्टिक और कलपुर्जों की आपूर्ति में कुछ बाधाएं आई हैं, जिससे मार्च में उत्पादन थोड़ा घट गया।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


**उत्तर रेलवे**

निविदा संख्या 40265178 | अंतिम तिथि 15/05/2026

**क्रम संख्या: 1, संक्षिप्त विवरण:** मशीन रूम रहित और गियर रहित प्रकार की हेवी ड्यूटी माइक्रोप्रोसेसर आधारित वीवीवीएफ एआरडी सिस्टम पैसेंजर लिफ्ट (जी+3) की आपूर्ति, डिजाइन, निर्माण, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, जिसमें 8 यात्रियों की क्षमता है। यह लिफ्ट सभी सहायक उपकरणों, फ्लोर अनाउंसमेंट सिस्टम, इंटरकॉम, ओवरलोडिंग वार्निंग सिस्टम आदि से सुसज्जित होगी और इसमें स्टेनलेस स्टील के स्क्रैच–प्रतिरोधी दरवाजे आदि शामिल होंगे। यह आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2013/ईएम/स्पेक/0016 (संशोधन–2)–2025 या नवीनतम के अनुसार होगी। वारंटी अवधि समाप्त होने के बाद 10 वर्ष की वार्षिक बीमा अवधि (एएमसी) के साथ। वारंटी अवधि आपूर्ति की तिथि से 30 महीने या कमीशनिंग की तिथि से 24 महीने होगी। निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, चरण निरीक्षण: नहीं, **मात्रा:** 02

**क्रम संख्या: 2, संक्षिप्त विवरण:** मशीन रूम रहित और गियर रहित प्रकार की हेवी ड्यूटी माइक्रोप्रोसेसर आधारित वीवीवीएफ एआरडी सिस्टम पैसेंजर लिफ्ट (जी+6) की आपूर्ति, डिजाइन, निर्माण, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, जिसमें 15 यात्रियों की क्षमता है। यह लिफ्ट सभी सहायक उपकरणों, फ्लोर अनाउंसमेंट सिस्टम, इंटरकॉम, ओवरलोडिंग वार्निंग सिस्टम आदि से सुसज्जित होगी और इसमें स्टेनलेस स्टील के स्क्रैच–प्रतिरोधी दरवाजे आदि शामिल होंगे। यह आरडीएसओ विनिर्देश संख्या आरडीएसओ/2013/ईएम/स्पेक/0016 (संशोधन–2)–2025 या नवीनतम के अनुसार होगी। वारंटी अवधि समाप्त होने के बाद 10 वर्ष की वार्षिक बीमा अवधि (एएमसी) के साथ। वारंटी अवधि आपूर्ति की तिथि से 30 महीने या कमीशनिंग की तिथि से 24 महीने होगी। निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, चरण निरीक्षण: नहीं। **मात्रा:** 02

**क्रम संख्या: 3, संक्षिप्त विवरण:** 8 यात्री क्षमता वाली भारी लिफ्टों के रखरखाव के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (AMC) वारंटी अवधि समाप्त होने के बाद दस वर्षों तक मान्य है। वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख से 30 महीने। AMC अवधि: 10 वर्ष। छूट दर: 8%, 2 वर्ष बाद से शुरू। निरीक्षण एजेंसी: CONSG। चरण निरीक्षण: लागू नहीं। **मात्रा:** 02

**क्रम संख्या: 4, संक्षिप्त विवरण:** 15 यात्री क्षमता वाली भारी लिफ्टों के रखरखाव के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (AMC) वारंटी अवधि समाप्त होने के बाद दस वर्षों तक मान्य है। वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख से 30 महीने। AMC अवधि: 10 वर्ष। छूट दर: 8%, 2 वर्ष बाद से शुरू। निरीक्षण एजेंसी: CONSG। चरण निरीक्षण: लागू नहीं। **मात्रा:** 02

नोट :– 1. विस्तृत जानकारी IREPS की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

सं. डिप्टी.सी.एम.एम./सी./एन.आर/40265178 दिनांक 16.04.2026 1259/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार–चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6198



**बाएँ से दाए**


1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 6197 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | स | ह | नी | य | | | क | लि | का | |
| प | र | | ला | | सा | ग | र | | बु | आ |
| ह | | | प | ह | रा | | ण | | | खे |
| र | स | खा | न | | | म | | क | प | ट |
| ण | | लि | | न | भ | च | र | | रा | |
| | आ | स | | सी | | ल | | ग | स्त | |
| | रा | | प | ह | न | ना | | रु | | ड |
| शा | म | त | | त | | | ता | र | ता | र |
| य | | | तै | | जा | हि | र | | | ल |
| द | म | | र | सी | ला | | पी | | ज | ग |
| | न | गी | ना | | | म | न | भ | र | ना |



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 5 | 4 | 0 | 9 |
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



विराट कोहली — 228 रन — बेंगलुर
प्रसिद्ध कृष्णा — 10 विकेट — गुजरात

## खबर संक्षेप



### अर्जुन व आदित्य ने यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** अर्जुन सिंह ने आदित्य सिंह की भारतीय जोड़ी ने फ्लोरिडा के नेपल्स में चल रही यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जे मेओडे और डब्ल्यू लिन को 9-11, 11-2, 11-7 से हराकर पुरुष युगल 5.0 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारत के ही पंथ ठक्कर और अथर्व शेठ की जोड़ी ने 4.5 पुरुष युगल वर्ग में रजत पदक जीता। उन्हें फाइनल में कैयन एप्पल और माइकल वैन ड्यूसेन से 8-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जुन और आदित्य ने कहा, ''यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीतना बेहद संतोषजनक है। हमने फिर से मिलकर यह खिताब जीता है जिससे यह और खास बन जाता है।

### शुभंकर ने 64 का कार्ड खेला बोल्डर्स खिताब जीतने के करीब

**हैदराबाद।** शीर्ष पर चल रहे शुभंकर शर्मा ने बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ पुरस्कार राशि के शुरूआती बोल्डर्स क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में आठ अंडर 64 का शानदार कार्ड खेलकर सात शॉट की विशाल बढ़त हासिल की।



दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता 29 वर्षीय शुभंकर (66, 66, 64) का कुल स्कोर 20 अंडर 196 हो गया है। उन्होंने तीसरे दौर में नौ बर्डी लगाई और महज एक बोगी की। दिल्ली के राशिद खान, चंडीगढ़ के अंगद चीमा और विशेष शर्मा 13 अंडर 203 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### युद्ध के बावजूद ईरान फीफा विश्व कप में भाग लेगा

**वाशिंगटन।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि अमेरिका के साथ युद्ध के बावजूद ईरान विश्व कप में 'निश्चित रूप' भाग लेगा। इन्फेंटिनो ने सीएनबीसी के इन्वेस्ट इन अमेरिका फोरम में कहा कि ईरान का विश्व कप में भाग लेना महत्वपूर्ण है। अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद ईरान के इस प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। फीफा अध्यक्ष ने दो सप्ताह पहले तुर्की के अंताल्या में ईरान की राष्ट्रीय टीम से मुलाकात की थी।

### आईजीपीएल गोल्फ : माने, सोनी और शाह संयुक्त बढ़त पर

**जोहानिसबर्ग।** ओलंपियन उदयन माने, मिलिंद सोनी और मानव शाह ने यहां आईजीपीएल इनविटेशनल साउथ अफ्रीका गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में समान सात अंडर 65 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की।



यह तीनों खिलाड़ी पिछले साल के आईजीपीएल रैंकिंग विजेता पुखराज सिंह गिल (66) से एक शॉट आगे हैं। गगनजीत भुल्लर, करनदीप कोचर और सार्थक छिब्बर पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। पहले दिन के बाद महिला खिलाड़ियों में विधात्री उर्स और वाणी कपूर सबसे आगे हैं।

# जडेजा 3,000 से ज्यादा रन बनाने के साथ ही चटका चुके हैं 173 विकेट, दूसरे नंबर पर अक्षर पटेल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक चुनिंदा स्पिनरों ने 100 विकेट का आंकड़ा पार किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के क्रुणाल पांड्या ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में ये आंकड़ा छूआ। इसके साथ ही पांड्या उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हुए, जिन्होंने आईपीएल में 1,000 रन बनाने के साथ-साथ 100 विकेट भी लिए हैं।



### रविंद्र जडेजा

रविंद्र जडेजा आईपीएल में 259 मैच की 201 पारियों में 28.27 की औसत और 130.00 की स्ट्राइक रेट से 3,336 रन बना चुके हैं। इसमें 5 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 77* रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 228 पारियों में 30.31 की औसत से 173 विकेट चटका लिए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/16 विकेट का रहा है। वह आईपीएल में कुल 4 टीमों से खेल चुके हैं।



### अक्षर पटेल

अक्षर पटेल ने अपना पहला आईपीएल मुकाबला साल 2014 में खेला था। उन्होंने अब तक 166 मुकाबले खेले हैं और इसकी 127 पारियों में 21.32 की औसत और 133.63 की स्ट्राइक रेट से 1,913 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 66 रन रहा है। गेंदबाजी में इस खिलाड़ी ने 163 पारियों में 31.72 की औसत से 131 विकेट चटकाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/21 का रहा है।



### क्रुणाल पांड्या

पांड्या ने अपना पहला आईपीएल मुकाबला साल 2016 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 147 मुकाबले खेले हैं और इसकी 137 पारियों में 31.41 की औसत और 7.53 की इकॉनमी रेट से 100 विकेट लिए हैं। उन्होंने एक बार 4 विकेट हॉल लिया है और उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 4/45 का रहा है। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 119 पारियों में 21.96 की औसत और 131.90 की स्ट्राइक रेट से 1,757 रन बनाए हैं।

### इन विदेशी खिलाड़ियों ने हासिल किया है ये मुकाम

विदेशी खिलाड़ियों में 1,000 रन के साथ-साथ 100 विकेट लेने वाले खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो, सुनील नरेन और आंद्रे रसेल हैं। इनमें से आईपीएल 2026 में सिर्फ नरेन हिस्सा ले रहे हैं।

## अजेय टीम पंजाब पांच मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंची

# डिकॉक के शतक पर भारी प्रभसिमरन की पारी, किंग्स ने मुंबई को 7 विकेट से हराया

भाषा ▶▶ मुंबई

- प्रभसिमरन और अय्यर की फिफ्टी
- अर्शदीप 3 विकेट लेकर मैन आफ द मैच

प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतक से सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के तेजतर्रार शतक पर पानी फेरते हुए पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां मुंबई इंडियन्स को सात विकेट से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गई। पंजाब किंग्स की टीम मुंबई के 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रभसिमरन की 39 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 80 रन की पारी की और कप्तान श्रेयस अय्यर (66 रन, 35 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाकर आसान जीत दर्ज करने में सफल रही। इस जीत से टूर्नामेंट की एकमात्र अजेय टीम पंजाब किंग्स पांच मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई। मुंबई की टीम इतने ही मैच में दो अंक के साथ नौवें स्थान पर है। इससे पहले मौजूदा सत्र में अपना पहला मैच खेल रहे डिकॉक ने 60 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से नाबाद 112 रन की पारी खेलने के अलावा नमन धीर (50 रन, 31 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी की जिससे मुंबई इंडियन्स ने छह विकेट पर 195 रन बनाए। ये दोनों उस समय साथ आए जब टीम 12 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रियांश आर्य (15) ने दीपक चाहर के पहले ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा लेकिन स्पिनर अल्लाह गजनफर (31 रन पर दो विकेट) की गेंद पर चाहर को कैच थमा दिया।



### मुंबई-195/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रेयान का शशांक बो अर्शदीप | 02 |
| क्विंटन डिकॉक नाबाद | 112 |
| सूर्यकुमार का चहल बो अर्शदीप | 00 |
| नमन धीर का बार्टलेट बो शशांक | 50 |
| हार्दिक का बार्टलेट बो यानसेन | 14 |
| शेरफेन रदरफोर्ड बो अर्शदीप | 01 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 08 |
| मयंक रावत नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 08
कुल:20 ओवर में छह विकेट पर: 195 रन
विकेट पतन: 1-12, 2-12, 3-134, 4-175, 5-185, 6-193
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-22-3, यानसेन 4-0-30-1, बार्टलेट 4-0-39-0, वैशाक 3-0-36-0, चहल 3-0-45-0, शशांक 2-0-19-1

### पंजाब-198/3 (16.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश का चाहर बो गजनफर | 15 |
| प्रभसिमरन सिंह नाबाद | 80 |
| कूपर का डिकॉक बो गजनफर | 17 |
| श्रेयस का नमन बो शारदुल | 66 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 10 |

अतिरिक्त: 10
कुल: 16.3 ओवर में तीन विकेट पर: 198 रन
विकेट पतन: 1-27, 2-45, 3-184
गेंदबाजी: चाहर 2.3-0-45-0, बुमराह 4-0-41-0, गजनफर 4-0-31-2, पंड्या 3-0-39-0, शारदुल 3-0-42-1

### केकेआर पहली जीत के लिए बेकरार, गुजरात टाइटंस घरेलू मैदान पर अच्छे प्रदर्शन को तैयार

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 25वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से आज 17 अप्रैल को होगा। केकेआर ने इस संस्करण 5 मुकाबले खेले हैं। उसे 4 मैच में हार मिली है और एक मुकाबला बारिश के कारण रद्द रहा है। जीटी ने 4 मैच खेले हैं और उसे 2 मैच में जीत और इतने ही मैच में हार मिली है। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपनी लय में लौटकर पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। वहीं जीत से लबरेज गुजरात टाइटन्स अपनी जीत की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। आईपीएल में दोनों टीमों के बीच 5 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान जीटी ने 3 मैच अपने नाम किए हैं। केकेआर सिर्फ एक मैच जीतने में सफल रही है। एक मुकाबला बिना किसी नतीजे के समाप्त हुआ है। आईपीएल 2025 में दोनों टीमों के बीच एक मैच हुआ था। उसे जीटी ने 39 रन से जीता था। आईपीएल 2024 में का मुकाबला रद्द रहा था। ऐसे में केकेआर के खिलाफ जीटी का ही पलड़ा भारी रहने वाला है।

क्रिकेट

## बांग्लादेश के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। 36 वर्षीय रुबेल ने बुधवार को अपने फेसबुक अकांउट पर लिखा कि वह बांग्लादेश के लिए खेले गए 159 मैचों के अपने करियर को समाप्त कर रहे हैं। रुबेल ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच अप्रैल 2021 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। उसके बाद से चोटों के कारण उनकी भागीदारी सीमित होती गई। उन्होंने कहा हालांकि, मैं घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहता हूं।

### डेब्यू पर 4 विकेट लेकर फैलाई थी सनसनी

रुबेल वनडे डेब्यू पर 4 विकेट लेने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज हैं। उन्होंने 2009 में श्रीलंका क्रिकेट के खिलाफ 33 रन देकर 4 विकेट चटकाते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसी तरह उन्होंने वनडे विश्व कप 2015 में इंग्लैंड के खिलाफ चार गेंदों के अंतराल में इयान बेल और कप्तान इयोन मॉर्गन को आउट करने के बाद स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन को पवेलियन भेजा था।उन्होंने 53/4 के आंकड़ों से टीम को जीत दिलाई थी।

### ऐसा रहा है रुबेल का अंतरराष्ट्रीय करियर

रुबेल ने जनवरी 2009 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। उन्होंने बांग्लादेश के लिए 27 टेस्ट मैचों में 76.77 के औसत से 36 विकेट लिए हैं। 5/166 उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह 104 वनडे में 34.31 की औसत से 129 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उन्होंने 7 बार 4 और एक बार 5 विकेट हॉल लिया है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/26 का रहा है। उन्होंने 28 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी 28 विकेट अपने नाम किए हैं।

इंडियन प्रीमियर लीग

## चोट से जूझ रहे खलील अहमद और डेविड पायने टूर्नामेंट से हुए बाहर



एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स को बड़ा झटका लगा है और सनराजर्स को बड़ा झटका लगा है। दोनों के ही तेज गेंदबाज चोट के कारण बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। सीएसके टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद 14 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने हालिया मैच में जांघ की मांसपेसियों में चोट के कारण शेष टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। सीएसके प्रबंधन ने गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए इसकी पुष्टि की है। यह खिलाड़ियों की चोट से जूझ रही सीएसके के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वहीं एसआरएच के तेज गेंदबाज डेविड पायने भी चोट के कारण बचे हुए सीजन से बाहर हो गए हैं।

### एसआरएच से पायने हुए बाहर

वहीं आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपना अगला मैच 18 अप्रैल को चेन्नई सुपरकिंग्स से खेलना है। इस मैच से पहले एसआरएच के लिए बुरी खबर है। एसआरएच के तेज गेंदबाज डेविड पायने बचे हुए सीजन से बाहर हो गए हैं। वह टखने में चोट लगने के कारण आगामी मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। एसआरएच ने आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है।

### ऐसे लगी थी खलील को चोट


एमए चिदंबरम स्टेडियम में केकेआर के खिलाफ मैच में खलील ने शानदार गेंदबाजी की और सुनील नरेन का अहम विकेट लिया। हालांकि, अपने 4 ओवर के स्पेल की आखिरी गेंद फेंकने के लिए दौड़ते समय उन्हें दाहिनी जांघ में तकलीफ महसूस हुई। इसके बाद वह आखिरी गेंद भी नहीं फेंक सके। गुरजनप्रीत सिंह ने उनका ओवर पूरा किया। मेडिकल जांच में उनकी दाहिनी रेक्टस फेमोरिस टेंडन में खिंचाव के साथ गंभीर चोट की पुष्टि हुई है। खलील की चोट सीएसके के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि वह टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण का अहम हिस्सा थे। इस सीजन में उन्होंने सभी 5 मैच खेले थे। उनकी अनुपस्थिति से टीम को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### आईपीएल 2026 में सिर्फ 2 मैच खेले पायने

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज पायने ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपना आईपीएल डेब्यू किया था। अपने पहले मैच में उन्होंने 2 विकेट लिए थे। केकेआर के खिलाफ मैच में वह कोई विकेट नहीं ले सके थे। उस मैच में उन्होंने अपने 2 ओवर में 35 रन लुटाए थे। इसके बाद उन्हें चोट का सामना करना पड़ रहा है।

## फ्रेंच ओपन की इनामी राशि सात करोड़ डॉलर से अधिक हुई

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जिससे कुल इनामी राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो (सात करोड़ 21 लाख डॉलर) हो गई है। यह कुल राशि पिछले साल के मुकाबले 53 लाख यूरो अधिक है। प्रतियोगिता 24 मई को पश्चिमी पेरिस के रोलां गैरो में शुरू होगी। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उप विजेता को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को सात लाख 50 हजार यूरो और पहले दौरे में हारने वाले खिलाड़ियों को 87 हजार यूरो मिलेंगे।



### युगल विजेताओं की राशि में भी बढ़ोतरी

पुरुष और महिला युगल के विजेताओं को छह लाख यूरो और मिश्रित युगल की चैंपियन जोड़ी को एक लाख 22 हजार यूरो मिलेंगे। पिछले साल कार्लोस अल्कारेज ने पांच सेट के तक चले फाइनल में यानिक सिनर को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता था जबकि कोको गॉफ ने एरिना सबालेंका को हराकर महिला एकल खिताब अपने नाम किया था।

# महिला क्रिकेट : दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच टी20 सीरीज आज से

एजेंसी ▶▶ डरबन

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टी20 विश्व कप से पहले सभी खिलाड़ियों को उचित मौका दिए जाने पर जोर देते हुए कहा कि उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी है और शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का पूरा फायदा उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरमनप्रीत ने यह भी कहा कि वनडे विश्व कप जीतने के बाद उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। भारत ने हाल में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं में जीत दर्ज की है।



### विश्व कप की तैयारी के लिए अहम : हरमनप्रीत

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले इंग्लैंड एवं वेल्स में 12 जून से पांच जुलाई तक होने वाले वैश्विक टूर्नामेंट से पहले उन्हें संयोजन को परखने और लय बनाने का मौका देंगे। हरमनप्रीत ने कहा कि पांच मैच की श्रृंखला में सभी खिलाड़ियों को मौका देना ही प्राथमिकता होगी। हम इस मौके को बहुत गंभीरता से लेना चाहते हैं और यहां अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना चाहते हैं। विश्व कप से पहले यह हमारे लिए एकजुट होने और अच्छी तैयारी का शानदार मौका है।''

## 184 छक्के लगाकर केएल राहुल दूसरे स्थान पर

# सलामी बल्लेबाज के रूप में विराट जड़ चुके हैं 186 छक्के

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स एलएसजी को 5 विकेट से हराया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए मैच में जीत के लिए मिले 147 रन के लक्ष्य को आरसीबी ने विराट कोहली की पारी की मदद (49) से हासिल किया। कोहली ने अपनी पारी में 2 छक्के लगाए। इस बीच वह बतौर सलामी बल्लेबाज सर्वाधिक छक्के वाले भारतीय बने। इसके बाद दूसरे नंबर पर केएल राहुल का नाम आता है।

### विराट कोहली

कोहली ने अब तक सलामी बल्लेबाज के तौर पर 133 मैच खेले हैं और इसकी 133 पारियों में 5,237 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 113* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 8 शतक और 41 अर्धशतक लगाए हैं। वह पारी की शुरुआत करते हुए 185 छक्के लगा चुके हैं।बता दें कि कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

### केएल राहुल

केएल राहुल ने बतौर सलामी बल्लेबाज अब तक 107 मैच खेले हैं और इसकी 107 ही पारियों में उन्होंने 48.69 की औसत और 138.75 की स्ट्राइक रेट के साथ 4,529 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 184 छक्के लगाए हैं। राहुल ने अपने आईपीएल करियर में कुल 5 शतक लगाए हैं और ये सभी सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेलते हुए आए हैं। वह आईपीएल 2026 में भी डीसी के सलामी बल्लेबाज हैं।



### रोहित शर्मा

रोहित शर्मा ने आईपीएल में सलामी बल्लेबाज के तौर पर कुल 148 छक्के लगाए हैं। उन्होंने 121 पारियों में सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेला है, जिसमें 29.23 की औसत और 134.81 की स्ट्राइक रेट के साथ 3,303 रन अपने नाम किए हैं। इस बीच उन्होंने एक शतक और 20 अर्धशतक लगाए हैं। वह पारी की शुरुआत करते हुए 7 पारियों में शून्य पर आउट हो चुके हैं।

### शिखर धवन

पूर्व दिग्गज बल्लेबाज शिखर धवन आईपीएल के इतिहास में सलामी बल्लेबाज के तौर पर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह इस लीग में 202 पारियों में बतौर सलामी बल्लेबाज उतरे, जिसमें उन्होंने 35.54 की औसत और 128.11 की स्ट्राइक रेट के साथ 6,362 रन बनाए थे। उन्होंने 143 छक्के और 728 चौके लगाए थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## ऑस्ट्रिया के चांसलर डॉ. क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ नई दिल्ली में हुई बैठक

# सैन्य संघर्ष से संभव नहीं समस्याओं का समाधान

# दीर्घकालिक शांति चाहते भारत-ऑस्ट्रिया: प्रधानमंत्री

### बैठक के परिणाम के रूप में सामने आए कुल डेढ़ दर्जन दस्तावेज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के बीच गुरुवार को राजधानी के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर डॉ.क्रिश्चियन स्टॉकर के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें संकट के इस मामले को प्रमुखता के साथ शामिल किया गया।

बैठक के बाद दिए गए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया एक गंभीर और तनावपूर्ण स्थिति से गुजर रही है। जिसका प्रभाव सभी पर पड़ रहा है। इन जटिल परिस्थितियों के बीच भारत और ऑस्ट्रिया एकमत हैं कि समस्याओं का समाधान सैन्य संघर्ष के जरिए नहीं निकाला जा सकता है। यूक्रेन हो या फिर पश्चिम-एशिया दोनों देश एक स्थिर, सतत और दीर्घकालिक शांति का समर्थन करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवाद को मिटाना दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता में शामिल है। वहीं, दोनों शीर्ष नेताओं की इस वार्ता के बाद कुल करीब 15 दस्तावेजों पर हस्ताक्षर के साथ उनका आदान-प्रदान किया गया है। विदेश मंत्रालय ने अपने कुछ बयानों के जरिए यह जानकारी दी है।

### इंजीनियरिंग, शिक्षा, नर्सिंग में बढ़ेगा सहयोग



पीएम ने बताया कि दोनों देश इंजीनियरिंग और तकनीकी शिक्षा सहयोग को और अधिक मजबूत करेंगे। आईआईटी दिल्ली और मोंटान विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जो ज्ञान के आदान-प्रदान का एक बेहतरीन उदाहरण पेश करता है। भारत ने 2023 में ऑस्ट्रिया के साथ एक व्यापक माइग्रेशन और मोबिलिटी समझौता किया था। अब इस समझौते के तहत हम नर्सिंग क्षेत्र में भी गतिशीलता को आगे बढ़ाएंगे। दोनों देश संयुक्त शोध और स्टार्टअप सहयोग को भी मजबूती प्रदान करेंगे। यूथ एक्सचेंज को प्रोत्साहित करने के लिए आज हम भारत-ऑस्ट्रिया वर्किंग हॉलिडे प्रोग्राम भी लांच कर रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर, नवाचार और सतत विकास में दोनों अहम साझेदार रहे हैं। दिल्ली मेट्रो, अटल टनल, रेलवे परियोजनाएं ऑस्ट्रिया की विशेषज्ञता का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। गुजरात के गिरनार रोपवे, स्वच्छ ऊर्जा के साथ ही देश के कई इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट में ऑस्ट्रिया की कंपनियां योगदान दे रही हैं।

### वैश्विक संस्थानों में सुधार अनिवार्य

उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ती हुई अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के हल के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार करने की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। चांसलर स्टॉकर की इस यात्रा से भारत, ऑस्ट्रिया के बीच व्यापार, निवेश में एक नई ऊर्जा आएगी। हम ऑस्ट्रिया की विशेषज्ञता, भारत की गति-कौशल को जोड़कर पूरी दुनिया के लिए एक भरोसेमंद तकनीक और सप्लाई चेन सुनिश्चित करेंगे। दोनों देश रक्षा, सेमीकंडक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी में भी अपनी भागीदारी को सुदृढ़ करेंगे। चार दशक बाद हो रही ऑस्ट्रियाई चांसलर की यह भारत यात्रा काफी अहम है। भारत-ईयू के बीच इसी साल हुए मुक्त व्यापार समझौते के बाद संबंधों में एक नए सुनहरे अध्याय की शुरुआत हुई है। वहीं, चांसलर स्टॉकर की इस यात्रा से भी हम संबंधों को एक नए कालखंड में लेकर जा रहे हैं।

### इन दस्तावेजों पर हुए हस्ताक्षर

बैठक के बाद कुल करीब 15 दस्तावेजों (समझौते, एमओयू, आशय पत्र और घोषणाएं शामिल) पर हस्ताक्षर के साथ उनका आदान-प्रदान किया गया है। जिनमें ऑडियो विजुअल सह-निर्माण समझौता, कंपनियों के लिए त्वरित प्रक्रिया तंत्र स्थापित करने से जुड़ी संयुक्त घोषणा, सैन्य मामलों में सहयोग के लिए आशय पत्र, आतंकवाद विरोधी संयुक्त कार्य समूह पर आशय पत्र, ऑस्ट्रिया की एजीएस और भारत की एफएसएसएआई के बीच खाद्य सुरक्षा पर हुआ समझौता ज्ञापन (एमओयू), दोहरी व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास और व्यावसायिक योग्यताओं की मान्यता के संबंध में संयुक्त आशय पत्र मुख्य है। इसके अलावा घोषणाओं में संस्थागत साइबर सुरक्षा संवाद का शुभारंभ करने की घोषणा, दोनों देशों के यूएन शांति केंद्रों के बीच साझेदारी, शिक्षा क्षेत्र में सहयोग एक सुनियोजित द्विपक्षीय संवाद के शुभारंभ की घोषणा मुख्य है।







Terms and Conditions applied. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th April 2026. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th April 2026. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B Model Variant for Delhi. ^For more information contact nearest dealers. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **DELHI: CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Uday Honda (Adchini) - 9212355514; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 8506999936; (Vikas Nagar) - 7048947881; (Ranhola) - 9212385582; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9910364903; (Kapashera) - 9599442118; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (III Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 9821398522; (Jheel) - 9821398526; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8130093649; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar ) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9650445006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 8130788666; Parkash Honda (Bhangel) - 7838474152; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 7351489999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**